c m y k

अक्षरविश्व

आपका शहर, आपका अखबार

avnews.in aksharvishwaujjain

उज्जैन, इंदौर, भोपाल और शाजापुर से एक साथ प्रकाशित

भोपाल, बुधवार
4 नवंबर 2026 कार्तिक कृष्ण 10, विक्रम संवत् 2083
वर्ष-12 अंक-115 पृष्ठ-12 मूल्य-1.00 रुपए

आज का दिन

राष्ट्रीय कैंडी दिवस
आज के दिन चॉकलेट, गमीज, हार्ड कैंडी और विभिन्न प्रकार की मीठी चीजों का आनंद लिया जाता है।

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
भोपाल	30.4	15.1
इंदौर	30.9	17.3
ग्वालियर	32.5	17.3
उज्जैन	32.4	19.0

NEWS डायरी

दीया मिर्जा का दिवाली वीडियो हटाने पर नाराज

मुंबई, एजेंसी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक्ट्रेस दीया मिर्जा के दिवाली पर पटाखे न जलाने की अपील वाला वीडियो हटाने पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और पर्यावरण से जुड़े मुद्दे को कोई दूसरा रंग नहीं दिया जाना चाहिए।

एसबीआई का मुनाफा 14% बढ़ा, 23,038 करोड़

मुंबई। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई को सितंबर तिमाही में 23,038 करोड़ का मुनाफा हुआ है, जो पिछले साल इसी समय के मुकाबले करीब 14% ज्यादा है। उस तिमाही में बैंक को 20,160 करोड़ का मुनाफा हुआ था। बैंक की मुख्य कमाई लोगों को दिए गए कर्ज पर मिलने वाले ब्याज से होती है। इसे नेट इंटरेस्ट इनकम कहते हैं।

प्रदर्शन के बाद एसीपी मनस्वी वशिष्ठ सस्पेंड

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस के असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस मनस्वी वशिष्ठ को सस्पेंड कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई पुलिस हेडक्वार्टर के बाहर हुए पुलिसकर्मियों के प्रदर्शन के बीच की गई है। सोमवार को करीब 150 पुलिसकर्मी दिल्ली पुलिस हेडक्वार्टर के बाहर जुटे थे।

फ्लाइट में इमरजेंसी दरवाजे से छेड़छाड़

पुणे, एजेंसी। दिल्ली से पुणे जा रही इंडिगो की फ्लाइट में पैसेंजर ने इमरजेंसी दरवाजे के लीवर से छेड़छाड़ की। इससे उड़ान के दौरान अलार्म बज गया और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के मुताबिक, यात्री गौरव सत्येंद्र रौतेला (33) पुणे का रहने वाला है और इमरजेंसी दरवाजे के पास बैठा था। क्रू मेंबर की शिकायत पर पैसेंजर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

थोड़ा हंस लें

एक बाबा शराब की दुकान के बाहर उसकी बुराइयां बता रहे थे। एक शराबी बोला, बाबा अपने कभी पी है?
बाबा: नहीं, कभी नहीं।
शराबी: एक बार पी कर देखो फिर कहोगे तो मैं पीना छोड़ दूंगा।
बाबा: ठीक है लेकिन मुझे चाय के कप में देना, कहीं लोगों पर गलत संदेश ना जाए।
शराबी बार टेंडर से बोला, दो पैग रम के चाय वाले कप में दो बार टेंडर तुरंत बोला, अरे बाबा फिर आ गए क्या?

दैनिक अक्षरविश्व
आपका शहर, आपका अखबार
नहीं मिल रहा...कॉल करें-
91742 91754
इंस्टाग्राम पर अक्षरविश्व के साथ जुड़ें

जहां 100 प्रतिशत रजिस्ट्री, वहां गांव में दिवाली मनाएंगे मंत्री : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

स्वामित्व योजना के शेष गांवों का होगा सर्वे, 15 तक 20 लाख रजिस्ट्री का लक्ष्य

अक्षरविश्व न्यूज



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों को स्वामित्व योजना के उन गांवों में जाकर दिवाली और गोवर्धन पूजा उत्सव मनाने के निर्देश दिए हैं, जहां आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों की 100 प्रतिशत रजिस्ट्री हो चुकी है। मंत्रियों को स्थानीय नागरिकों के बीच पहुंचकर उनकी खुशी में शामिल होने और योजना के फायदे बताने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक में बताया कि योजना में रजिस्ट्री का आंकड़ा 50 लाख से बढ़कर 60 लाख तक पहुंच सकता है। सरकार मुफ्त रजिस्ट्री के लिए करीब 10 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है।

15 नवंबर तक 20 लाख रजिस्ट्री का लक्ष्य

एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना में राज्य सरकार स्वामित्व योजना के हितग्राहियों की रजिस्ट्री का शुल्क वहन कर रही है। यह रजिस्ट्री मालिकाना हक का प्रमाण है। प्रदेश में अब तक 15 लाख रजिस्ट्री हो चुकी हैं और 15 नवंबर तक 20 लाख का लक्ष्य है। आबादी सर्वे पूरा होने पर हितग्राहियों की संख्या 50 लाख से बढ़कर 60 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। योजना पर करीब 10 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे।

वन, स्वास्थ्य और सिंचाई योजनाएं 2031 तक

कैबिनेट ने विभिन्न विभागों की योजनाओं को 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। वन विभाग की 8 योजनाओं के लिए 15,200 करोड़ रुपए और वन भूमि लिए जाने के बाद नए स्थान पर वनीकरण के लिए 1,994 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की इन्वेस्टमेंट प्रमोशन योजना के लिए 610 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जल संसाधन विभाग की चार सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए योजनाएं जारी रखने का निर्णय लिया गया। इनमें पन्ना जिले की मझगवां मध्यम सिंचाई परियोजना, विदिशा जिले की लटेरी तहसील की मध्यम सिंचाई परियोजना और मऊगंज-सिंगरौली की हनुमना सिंचाई परियोजना शामिल हैं। हनुमना परियोजना से 1.20 लाख हेक्टेयर में सिंचाई होगी।

अनिश्चितकाल तक जगह घेरना गलत: सुप्रीम कोर्ट

नईदिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कोई भी संगठन किसी सार्वजनिक स्थान पर अनिश्चितकाल तक कब्जा करके प्रदर्शन नहीं कर सकता। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों पर भी समय-सीमा तय होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का मौका मिल सके। कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शन करना सभी का अधिकार है, लेकिन इसके साथ आम लोगों के रोजगार और कारोबार का ध्यान रखना भी जरूरी है।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ दिल्ली में प्रदर्शनों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या संगठन हमेशा के लिए किसी जगह पर कब्जा नहीं कर सकता। वहां किसान, पत्रकार, मजदूर और दूसरे प्रदर्शनकारी कहां जाएंगे? सभी को अपनी बात रखने और प्रदर्शन करने का अधिकार है।



2 हजार करोड़ रुपए के नुकसान का दावा

दिल्ली के व्यापारिक संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि प्रदर्शनों के कारण राजधानी में कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ। त्योहारों के सीजन में दुकानें बंद रहीं और बिक्री में गिरावट आई। उन्होंने दावा किया कि व्यापारियों को करीब 2 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

सात हजार लोगों को हिरासत का मुद्दा उठा

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने करीब 7 हजार लोगों को हिरासत में लिए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि क्या लोकतंत्र में इस तरह की कार्रवाई का असर नहीं पड़ता? इस पर तुषार मेहता ने कहा कि लोगों को हिरासत में नहीं लिया गया था, बल्कि प्रदर्शन स्थल से हटाया गया था।

दिल्ली में प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित होने का मामला उठा, व्यापारियों ने दो हजार करोड़ रुपए के नुकसान की बात कही

एक दिन की अनुमति, 17 दिन तक चला प्रदर्शन

दिल्ली पुलिस की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि कॉकरोच जनता पार्टी को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए केवल एक दिन की अनुमति दी गई थी, लेकिन प्रदर्शनकारी 17 दिन तक वहां बैठे रहे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने बिना अनुमति संसद की ओर मार्च भी किया। संसद देश की संप्रभुता का प्रतीक है। बिना अनुमति संसद या सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मेहता ने यह भी कहा कि जो संगठन बंद या प्रदर्शन का आह्वान करता है, उसे उसके परिणामों की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए।

प्रदर्शनकारियों की निगरानी पर भी सवाल

वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने प्रदर्शनकारियों की निगरानी का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि सरकार किस कानून के तहत ऐसा कर रही है। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान केवल सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई थी। उन्होंने कहा कि सैकड़ों सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी प्रदर्शन की लाइव रिकॉर्डिंग कर रहे थे, लेकिन सरकारी सीसीटीवी निगरानी पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

पत्नी को बेवकूफ-बेकार कहना क्रूरता नहीं : एससी


नईदिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पत्नी को बेवकूफ और बेकार कहना क्रूरता का अपराध नहीं है। कोर्ट ने कनाडा में सुसाइड करने वाली महिला के पति के खिलाफ एफआईआर रद्द कर दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कहा कि पति का गुस्सैल स्वभाव या पत्नी के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल अपने-आप में आपराधिक धमकी या गंभीर चोट का मामला नहीं बनता।

4 दिन पहले पीएचक्यू में मिली थी नई जिम्मेदारी

आईपीएस सुजानिया ने सागर एसपी पद से दिया इस्तीफा

अक्षरविश्व न्यूज

भोपाल। मध्यप्रदेश कैडर के 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग सुजानिया ने सरकारी सेवा से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोमवार को अपना इस्तीफा सौंपा। इसमें नौकरी छोड़ने की वजह व्यक्तिगत बताई है। हालांकि, सरकार ने अभी उनका इस्तीफा स्वीकार करने को लेकर कोई फैसला नहीं लिया है।



अनुराग सुजानिया करीब छह महीने पहले सागर के एसपी बनाए गए थे। चार दिन पहले ही राज्य सरकार ने उन्हें इस पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय में अटैच कर दिया था। उनके इस्तीफे के घटनाक्रम को लेकर आईपीएस ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चंचल शेखर से भी संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने इसकी जानकारी होने से इनकार किया।

मुरैना में शराब कांड के दौरान भी रहे थे एसपी

अनुराग सुजानिया इससे पहले मुरैना जिले के एसपी रह चुके हैं। वर्ष 2021 में उनके कार्यकाल के दौरान जहरीली शराब पीने से 24 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। मामले की जांच में पुलिस संरक्षण में अवैध शराब की बिक्री होने की बात सामने आई थी। इसके बाद उन्हें एसपी पद से हटा दिया गया था।

सागर : बंडा में जहरीली शराब से हुई थीं मौतें

इसी साल सितंबर में सागर जिले के बंडा क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत का मामला सामने आया था। इस घटना में 15 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई थी, जबकि विपक्ष ने 36 लोगों की मौत होने का दावा किया था। मामले की न्यायिक जांच के लिए सरकार ने आयोग का गठन किया है। शुरुआत में नहीं हटाया गया था, लेकिन अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में कलेक्टर और एसपी दोनों को पद से हटा दिया गया।

लैंडिंग के दौरान आपस में टकराए दो हेलिकॉप्टर, भारतीय पर्यटक की मौत

एवरेस्ट क्षेत्र के फेरीचे हेलीपैड पर हुआ हादसा



एक ही हेलीपैड पर उतरने की कोशिश में टक्कर-एक हेलिकॉप्टर लुकला से आ रहा था, जबकि दूसरा एवरेस्ट बेस कैंप के पास गोरखेप की ओर से लौट रहा था। दोनों एक ही हेलीपैड पर उतरने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान रोटर ब्लेड आपस में टकरा गए।

काठमांडू। नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार सुबह लैंडिंग के दौरान दो हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। हादसे में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि न्यूजीलैंड का एक भारतीय मूल का नागरिक और दोनों हेलिकॉप्टरों के पायलट घायल हो गए। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, दोनों हेलिकॉप्टरों के रोटर ब्लेड आपस में टकराए थे। हादसा सुबह 8:11 बजे सोलुखुम्बु जिले के फेरीचे हेलीपैड पर हुआ। यहां फिशटेल एयर और एयर डायनेस्टी के हेलिकॉप्टर लैंडिंग की कोशिश कर रहे थे।

12 घंटे तक तेज हवाओं-बारिश का अलर्ट, हजारों पेड़-बिजली के पोल गिरे

तूफान मुरासु का केंद्र आंध्र प्रदेश से आगे बढ़ा

हैदराबाद/भुवनेश्वर/अमरावती। आंध्रप्रदेश के तट से टकराया चक्रवाती तूफान मुरासु तेलंगाना की ओर चला गया है। राहत की बात ये है कि इसकी तीव्रता 100 किमी प्रति घंटा से कम होकर 50 किमी प्रतिघंटा हो गई है। मुरासु सोमवार रात करीब 1 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया था। इस दौरान 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। तेज हवाओं से हजारों पेड़ उखड़ गए और बिजली के सैकड़ों खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। कई नावों को भी नुकसान पहुंचा। भारी बारिश से आंध्रप्रदेश के तटीय शहरों में सड़कें डूब गईं और हाईवे पर वाहन फंस गए। सड़क हादसों में 2 लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम, तिरुपति और चेन्नई एयरपोर्ट से 30 डॉमेस्टिक फ्लाइट्स रद्द रहीं।



पुराने वोटरों को भी भरना होगा फॉर्म-6

नईदिल्ली, एजेंसी। चुनाव आयोग ने कहा आप 10 साल से वोटर रहे हों, फिर भी फॉर्म-6 भरना होगा। इसको झूठा शपथ पत्र नहीं माना जाएगा, न ही केस होगा। यह फैसला उनके लिए मददगार होगा, जिनका नाम काट दिया गया। दरअसल, फॉर्म 6 में लिखना पड़ता है कि मेरा नाम पहली बार वोटर लिस्ट में जोड़ा जा रहा है। कानूनी पेंच की वजह से फॉर्म-6 पर सेक्शन 31 के तहत लिखा होता है - गलत जानकारी दी तो 1 साल तक की सजा। लोग सोच रहे थे - हम तो पुराने वोटर हैं, पहली बार वाला कॉलम टिक करेंगे तो केस हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे आज

न्यूजीलैंड में 6 साल बाद साथ खेलेंगे रोको



ऑकलैंड, एजेंसी। टी20 सीरीज 3-2 से अपने नाम करने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में मैदान पर उतरेगी। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला बुधवार को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे शुरू होगा, जबकि टॉस सुबह 7 बजे होगा। रोहित शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2020 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर एक साथ वनडे खेलते नजर आएंगे। न्यूजीलैंड की परिस्थितियां दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण होंगी।

समय सुबह 7:30 बजे

ग्लेन मैक्सवेल ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अब इंटरनेशनल क्रिकेट में नहीं खेलेंगे। 38 साल के मैक्सवेल ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। वे जून 2025 में वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह चुके हैं।

स्वदेशी मल्टी-मिसाइल तकनीक का प्रदर्शन : 500 किमी दूर दो टारगेट पर साधा निशाना

भारत की ताकत: एक लॉन्चर से दागीं दो मिसाइलें

चांदीपुर, ओडिशा। एजेंसी। भारत ने रक्षा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने ओडिशा के चांदीपुर से प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस परीक्षण की खास बात यह रही कि एक ही लॉन्चर से दो मिसाइलें लगातार दागी गईं और दोनों ने अपने निर्धारित लक्ष्यों को भेदा। भारत ने पहली बार इस तरह की मल्टी-मिसाइल लॉन्च क्षमता का प्रदर्शन किया है।

प्रलय मिसाइल की मारक क्षमता करीब 500 किलोमीटर है। यह दुश्मन के अलग-अलग ठिकानों को निशाना बना सकती है। इसे क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि यह उड़ान के दौरान अपना रास्ता बदलने में सक्षम है। इससे दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम के लिए इसे रोकना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। परीक्षण से पहले सुरक्षा के मद्देनजर दो किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया था। रूस और अमेरिका पहले से ही इस तरह की मल्टी-मिसाइल लॉन्च क्षमता वाले सिस्टम विकसित कर चुके हैं। भारत ने यह तकनीक स्वदेशी रूप से विकसित की है।



क्या होती है क्वासी बैलिस्टिक मिसाइल

बैलिस्टिक मिसाइल एक निर्धारित रास्ते पर उड़ान भरती है। इसके विपरीत क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल कम ऊंचाई पर उड़ान भर सकती है और रास्ते में अपनी दिशा बदलने के साथ अंतिम चरण में भी तेजी से मूवमेंट कर सकती है। इससे दुश्मन के रडार और एयर डिफेंस सिस्टम के लिए दिशा और लक्ष्य का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है। प्रलय मिसाइल को भारतीय सेना और वायुसेना में शामिल करने की योजना है। इसकी मारक क्षमता को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में इसे महत्वपूर्ण हथियार माना जा रहा है।

साल्वो टेस्टिंग

साल्वो टेस्टिंग का मतलब एक ही लॉन्चर से कम समय के अंतराल में कई मिसाइलें दागना है। सामान्य परीक्षण में एक लॉन्चर से एक मिसाइल दागकर उसकी क्षमता जांची जाती है, जबकि साल्वो टेस्ट में एक के बाद एक कई मिसाइलें छोड़ी जाती हैं। इस प्रक्रिया में तकनीकी चुनौती भी होती है। पहली मिसाइल के लॉन्च होने पर लॉन्चर में कंपन और गर्मी पैदा होती है। इसके बावजूद उसी लॉन्चर से दूसरी मिसाइल को सटीक दिशा में दागना होता है। इसके लिए लॉन्चर, नेविगेशन और नियंत्रण प्रणालियों का बेहतर तालमेल जरूरी है। इस क्षमता से युद्ध के दौरान कम समय में अलग-अलग लक्ष्यों पर हमला करने की क्षमता बढ़ती है।

राहुल बोले- मोदी जी देश विरोधी कौन, बहस कीजिए

नईदिल्ली, एजेंसी। राहुल गांधी ने फिर पीएम मोदी को बहस का चैलेंज दिया है। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर वीडियो में कहा, '24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चैलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी स्टेज पे आप जगह चुनिए, डिबेट कीजिए मेरे साथ।' राहुल ने कहा- देशद्रोही कौन है? विदेशी फोर्सेस का कनेक्शन किसका है? और किस प्रकार का कनेक्शन है? जल्दी से जल्दी कीजिए, डरिए मत। सवाल उठेंगे फाइनेंशियल सिस्टम पर, फाइनेंशियल स्ट्रक्चर पर, यूएस डील कैसे हुई, क्यों हुई, इतनी जल्दी क्यों हुई, सिर्फ आपने क्यों की, कैबिनेट को क्यों नहीं बताया, अडाणी का केस बंद क्यों हुआ, एपस्टीन - ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जिस पर डिस्कशन होगा। आ जाइए, डरिए मत।

मोदी बोले- पहले गरीबी हटाने के सिर्फ वादे होते थे, अब जमीन पर हो रहा काम

10-12 साल में 50 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आए

पुणे, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश की कई पीढ़ियों ने गरीबी खत्म करने के वादे सुने हैं। पहले गरीबी के खिलाफ लड़ाई सिर्फ नारों तक सीमित थी, लेकिन अब इसे खत्म करने के लिए जमीनी स्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने यह बात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने पुणे मेट्रो की करीब 21,800 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हुए।



प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया में भारत की चर्चा दो प्रमुख वजहों से हो रही है। पहली, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेज आर्थिक विकास करने वाले देशों में शामिल है। दूसरी, पिछले 10 से 12 वर्षों में देश के करीब 50 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में भी इसका उल्लेख किया गया है।

छोटे शहरों को भी विकास का केंद्र बनाने पर जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के सैकड़ों छोटे शहरों को भी विकास के केंद्र के रूप में तैयार करना होगा। इसी सोच के साथ इस साल फरवरी में अर्बन चैलेंज फंड को मंजूरी दी गई थी। केंद्र सरकार इस फंड के लिए एक लाख करोड़ रुपये की मदद दे रही है।

भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण से जुड़ा है दीपावली पर्व

परमात्मा के जीवन की हर घटना का प्रभाव संपूर्ण ब्रह्मांड पर पड़ता-ऋषभरत्नविजय


अरविंद नगर जैन मंदिर में उत्तराध्ययन सूत्र के 36 अध्ययनों पर होगी विशेष चर्चा

अक्षरविश्व न्यूज

उज्जैन। अरविंद नगर स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चल रहे चातुर्मास ज्ञान गंगा में मंगलवार से दीपावली स्पेशल प्रवचनों की श्रृंखला शुरू हुई। जिसमें दीपावली पर्व का आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व बताया।

यहां पर आचार्य विजय पद्मभूषण रत्नसूरीश्वर के सान्निध्य तथा अन्य आचार्यों के आशीष में आयोजित धर्मसभा में मंगलवार को बताया कि दीपावली सिर्फ बाहरी उत्सव या दीप जलाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण कल्याणक से जुड़ा हुआ अत्यंत पवित्र पर्व है। कार्तिक अमावस्या के दिन बिहार के पावापुरी में भगवान महावीर ने नश्वर शरीर का त्याग कर सिद्धपद प्राप्त किया था। प्रभु के निर्वाण के पश्चात ज्ञान के उस महान





प्रकाश की स्मृति को जीवंत रखने के लिए ही दीप प्रज्ज्वलित करने की परंपरा शुरू हुई। पंन्यास प्रवर ने बताया कि तीर्थंकर परमात्मा के जीवन की हर घटना का प्रभाव संपूर्ण ब्रह्मांड (लोक) पर पड़ता है। भगवान महावीर स्वामी ने अपने अंतिम समय में पंचम काल और कलिकाल की कठिन परिस्थितियों का बोध कराते हुए जीवों को पहले ही सचेत कर दिया था। उन्होंने कहा कि समय की प्रतिकूलता देखकर निराश होने के बजाय हमें पंचम काल में जिनवाणी का श्रवण, आगम ज्ञान का संरक्षण, संयम, सदाचार और तप-त्याग के मार्ग पर अपनी निष्ठा को और अधिक मजबूत करना चाहिए। चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष कोठारी ने बताया कि विशेष प्रवचनों की इस श्रृंखला में आगामी दिनों में 'उत्तराध्ययन सूत्र' के 36 अध्ययनों का विस्तृत और सरल विवेचन किया जाएगा। इसके साथ ही पुण्यपाल राजा के आठ स्वप्नों सहित कई महत्वपूर्ण आगमिक प्रसंगों पर भी सारगर्भित व्याख्या ह्योगी।

लोक में अंधकार छाने के तीन कारण

- >> तीर्थंकर परमात्मा के निर्वाण प्राप्त करने पर।
- >> परमात्मा का शासन विच्छेद होने पर।
- >> पूर्व आगम का ज्ञान पूर्णतः लुप्त होने पर।

पुश-अप स्टैंड में एल्बो लीवर होल्ड कर बनाया रिकॉर्ड



अक्षरविश्व न्यूज

उज्जैन। शारीरिक संतुलन और एकाग्रता का जब संगम हो जाता है, तो युवा इतिहास लिख देता है। ऐसे ही अपनी कला का परिचय देते हुए 15 साल के पार्थ मूंदड़ा ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। पार्थ ने पुश-अप स्टैंड पर 2 मिनट और 8 सेकंड तक निरंतर एल्बो लीवर पोज़ को सफलतापूर्वक होल्ड कर यह राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया। पार्थ 10 वीं कक्षा में अपनी शिक्षा को पुर्ण कर रहे है। वह पढ़ाई के साथ फिटनेस में भी बेहतर प्रदर्शन करते है। पढ़ाई के साथ-साथ प्रतिदिन कड़ा और अनुशासित अभ्यास कर इस मुकाम को हासिल किया।

शिक्षक ने दीपावली से पहले विद्यार्थियों को बांटी सामग्री



उज्जैन। शासकीय प्राथमिक विद्यालय गुनावा में वरिष्ठ शिक्षक शहजाद खान ने विद्यार्थियों एवं आंगनवाड़ी के बच्चों को वस्त्र एवं पठन-पाठन की सामग्री, खिलौने बिस्कुट, चाकलेट का वितरण किया। इसका उद्देश्य बच्चों में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं की भावना विकसित करना तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करना है। इस मौके पर शिक्षक सुनील पाटीदार, मेहरबान सिंह राठौड़ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत कार्यशाला का आयोजन

उज्जैन। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं स्वास्थ्य संस्थाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के उद्देश्य से आज धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज में संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य संभाग के सभी जिलों में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर आम नागरिकों को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। कार्यशाला के दौरान डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने, आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के व्यापक उपयोग तथा शासकीय एवं संबद्ध निजी स्वास्थ्य संस्थाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए तीन छात्राओं का हुआ चयन

एकतरफा जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचा उज्जैन संभाग

अक्षरविश्व न्यूज

उज्जैन। मंदसौर के सीतामऊ में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए माधवनगर स्थित उत्कृष्ट विद्यालय की तीन छात्राओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूल विनर बनकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका ऋतु शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विद्यालय की छात्रा वृतिका कुरेल, खुशी आनंद और भव्या काबरा का चयन किया गया है। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए टीम ने आदिवासी विकास विभाग को 70-2, नर्मदापुरम को 65-2 और सागर संभाग को 41-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की है। प्रतियोगिता में वृतिका ने सबसे ज्यादा स्कोर किया।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा शर्मा, डॉ. उमा शर्मा, प्रदीप पाराशर, अलका बरमोडा व शैफाली चतुर्वेदी ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

भाषण स्पर्धा में लक्ष्य ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन



उज्जैन। मक्सी रोड स्थित आईटीआई में आयोजित जिला स्तरीय विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद-संसद 2027 की भाषण प्रतियोगिता में माधव साइंस कॉलेज के छात्र राज भोगे ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है। प्रतियोगिता में कॉलेज के ही छात्र लक्ष्य परमार ने भी सहभागिता कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। छात्र की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास, प्रो. शशि जोशी एवं महाविद्यालयीन परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।



शुद्ध आजीविका उत्पादों की लगाई स्टॉल

उज्जैन। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विभिन्न स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित शुद्ध आजीविका उत्पादों की मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में स्टॉल लगाई गई। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने स्टॉल पर पहुंचकर स्वसहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया गया और उनकी खरीदी भी की गई। अमित बृजवानी ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह गठित हुए हैं। इनके सदस्यों द्वारा फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाई गई हैं, जिनमें दाल और मसालों को तैयार कर पैकेजिंग की जाती है। स्वसहायता समूहों के पैकेट में मूंग की दाल, चने की दाल, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर आदि सामग्री उपलब्ध थी।



स्पर्धा: विद्यार्थियों ने ड्राइंग शीट पर उकेरे शांति और मानवता के रंग



उज्जैन। लायंस क्लब उज्जैन गोल्ड ने अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसका विषय 'हारमनी इन ह्यूमैनिटी' अर्थात 'मानवता में सद्भाव' पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 116 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी कल्पनाओं को ड्राइंग शीट पर आकार दिया। इसमें विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से शांति, एकता और मानवता के रंगों को बखूबी दर्शाया। सचिव निशिकांत पंड्या ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्कूल डायरेक्टर डॉ. राहुल पंड्या के नेतृत्व में आयोजित की गई। अध्यक्षता लायंस ऑफ उज्जैन गौतम शर्मा ने की। इस दौरान आनंद पंड्या, सरोज वागले, राखी मेहता, अर्चना गर्गे, गौतम साहा, डॉ. प्रिंस कुशवाह, निशिकांत पंड्या, नितेश जिनवाल सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

राज्य कर्मचारी संघ ने किया राज्य मंत्री यादव का स्वागत

उज्जैन। प्रदेश के कर्मचारियों को अब अपनी समस्याओं को लेकर विभिन्न विभागों में नहीं भागना पड़ेगा। कर्मचारी कल्याण आयोग सभी कैडर के कर्मचारियों की नियोजित मांगों का त्वरित निराकरण करेगा, जिसके लिए आयोग और मुख्यमंत्री संकल्पित हैं। यह आश्वासन मध्य प्रदेश शासन के कर्मचारी कल्याण आयोग के सदस्य राज्य मंत्री बादाम सिंह यादव ने उज्जैन आगमन पर राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को दिया।

इससे पूर्व मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की संभाग एवं जिला इकाई की ओर से जिला कार्यालय पर बादाम सिंह यादव का पुष्पहार से स्वागत किया गया। पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आयोग सदस्य को पत्र भी सौंपे।

इस अवसर पर दीपक पुरोहित, मनोहर गिरी, परशुराम कपाड़िया, राजकुमार सोलंकी, ओमप्रकाश यादव, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, राम सिंह बनिहार, नवीन पांडे, राजीव सिंह सेंगर, शमशेर सिंह तोमर, राजेश चौहान, सत्यप्रकाश अहिरवार आदि मौजूद थे।

टी एल में नहीं आए नायब तहसीलदार, कटेगा एक दिन का वेतन

उज्जैन। समय-सीमा की समीक्षा बैठक में गोवर्धन राजौरिया, नायब तहसीलदार (उज्जैन ग्रामीण) बिना किसी पूर्व सूचना अथवा सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के अनुपस्थित रहे। बैठक में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहना शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना का द्योतक है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियमों के तहत गोवर्धन राजौरिया, नायब तहसीलदार का एक दिन का वेतन काटने का आदेश जारी किया है।

तेजाजी महाराज मंदिर को जेसीबी से हटाने पर भड़के ग्रामीण

अक्षरविश्व न्यूज

कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

उज्जैन। देवास-उज्जैन रोड स्थित ग्राम चंदेसरा में तिरुपति विस्टा कॉलोनी के समीप मुख्य सड़क पर स्थापित तेजाजी महाराज के मंदिर को जेसीबी मशीन से हटाने के प्रयास का मामला सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई और मंदिर की सुरक्षा की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मंदिर को जबरन हटाया गया या तोड़फोड़ कर उनकी धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई गई, तो समस्त ग्रामीण धरना-प्रदर्शन करेंगे।

शेरसिंह चौहान ने बताया कि



ग्राम चंदेसरा में तिरुपति विस्टा कॉलोनी के पास मुख्य सड़क पर लगभग 40 वर्ष पुराना तेजाजी महाराज का मंदिर स्थित था। देवास-उज्जैन सड़क निर्माण के दौरान इस मंदिर को वहां से हटा दिया गया था, लेकिन सड़क निर्माण पूरा होने के बाद ग्रामीणों ने आपसी सहमति एवं धार्मिक आस्था के आधार पर उसी स्थान पर तेजाजी महाराज की पुनः स्थापना की है।

ज्ञापन के अनुसार 2 नवंबर को शाम करीब 4 बजे तिरुपति विस्टा कॉलोनी की ओर से और दिलीप कोठारी पिता माणकलाल कोठारी द्वारा कुछ लोग जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे तथा मंदिर को हटाने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को बुलाया गया, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर हटाने के किसी भी प्रयास को तत्काल रोका जाए और बिना सक्षम प्रशासनिक अनुमति के मंदिर स्थल पर जेसीबी या अन्य मशीनरी लाकर हटाने का प्रयास करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही मंदिर स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था करने और इस शिकायत को भविष्य में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना के संबंध में पूर्व सूचना के रूप में दर्ज करने की मांग की गई है।

धनतेरस पर होगा 100 चिकित्सकों का सम्मान

उज्जैन। 6 नवंबर को स्थानीय गुरुद्वारा फ्रीगंज में प्रातः 10:30 बजे चिकित्सा जगत के प्रवर्तक आदि देव भगवान धन्वंतरि की जयंती के अवसर पर गुरु नानक स्वास्थ सेवा एवं आयुर्वेद सम्मेलन की उज्जैन जिला शाखा के संयुक्त तत्वाधान में तथा दवा निर्माता कंपनी झंडू लिमिटेड एवं हिमालया वेलनेस के सहयोग से 100 चिकित्सकों का सम्मान किया। जिसमें सभी पद्धतियों के चिकित्सक सम्मिलित होंगे। मुख्य अतिथि गुरुद्वारा सुख सागर फ्रीगंज के अध्यक्ष चरण जीत सिंह कालरा होंगे। अध्यक्षता माधव कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. बीएस मक्कड़ ने की। विशेष अतिथि वैद्य एसएन पांडे महामंत्री अ.भा. आयुर्वेद महासम्मेलन, वैद्य विनोद वैरागी प्रांतीय अध्यक्ष मध्यप्रदेश आयुर्वेद सम्मेलन होंगे। संचालन डिंपल कालरा करेंगी।

26 दिसंबर तक चलेगा तंबाकू मुक्त युवा अभियान

तंबाकू के सेवन से होता है मुंह और फेफड़ों का कैंसर

अक्षरविश्व न्यूज

सीएमएचओ डॉ. रघुवंशी ने आमजन से की तंबाकू मुक्त समाज बनाने की अपील

उज्जैन। जिले में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने और तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से 26 दिसंबर तक तंबाकू मुक्त युवा अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने बताया कि अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों, स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

अभियान के माध्यम से लोगों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों की जानकारी दी जाएगी। इनमें मुंह और फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग तथा श्वसन संबंधी बीमारियां प्रमुख हैं। अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे। तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों को इसके दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही जरूरतमंदों को परामर्श एवं उपचार सेवाओं से भी जोड़ा जाएगा।

सीएमएचओ ने की आमजन से अपील

सीएमएचओ डॉ. रघुवंशी ने आमजन से अपील की है कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन न करें और अपने परिवार एवं समाज को भी तंबाकू मुक्त बनाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ गांव और स्वस्थ समाज के संकल्प के साथ तंबाकू मुक्त युवा अभियान को जनआंदोलन बनाने में सभी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

नालियों के बीच पाइप डाले जाने से सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

मच्छर पनपने और गंभीर बीमारी फैलने की आशंका

उज्जैन। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 5 में इंद्रा नगर आगर रोड पर टाटा कंपनी द्वारा किए जा रहे सीवर लाइन के कार्यों में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। मप्र युवा शिवसेना गौ रक्षा न्यास के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश कुमावत ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कंपनी के लापरवाह और अधूरे कार्यों से हो रही परेशानियों से अवगत कराया है।

उन्होंने बताया कि टाटा कंपनी के कर्मचारियों ने सीवर लाइन डालने के दौरान पूर्व की नालियों में ही सीवर पाइप डाले जा रहे हैं और उन्हें ठीक तरह से नहीं लगाया जा रहा है। इससे क्षेत्र की नालियां पूरी तरह जाम हो गई हैं और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। नालियों का पानी निकासी न



होने के कारण वहां मच्छर पनप रहे हैं, जिससे गंभीर बीमारियां फैलने और रहवासियों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि टाटा कंपनी द्वारा किए जा रहे घटिया और अधूरे कार्यों की उच्च स्तर पर जांच कराई जाए तथा नालियों में ठीक प्रकार से पाइप न लगाने वालों पर कार्रवाई हो। क्षेत्र की कच्ची नालियों का पक्का निर्माण कराने और जल निकास की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए जाएं ताकि आम रहवासियों को कठिनाइयों से मुक्ति मिल सके।





नए टाइगर रिजर्व में ट्रेंक्यूलाइज विशेषज्ञ तक नहीं, टीम के इंतजार में 18 घंटे तड़पता रहा घायल बाघ

अक्षरविश्व न्यूज

सागर। सागर में नेशनल हाईवे-44 पर गुरु चौपड़ा के पास रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात करीब 12 बजे बाघ को वाहन ने टक्कर मार दी। देर रात में ही वन विभाग की टीम ने सर्चिंग की, लेकिन बाघ नहीं दिखा। सोमवार सुबह लोगों ने घायल बाघ को देखा और वन विभाग को सूचना दी। टीम के साथ अफसर मौके पर पहुंचे। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से रेस्क्यू टीम बुलाई गई, लेकिन यह दल इतना सक्षम नहीं था कि बाघ को ट्रेंक्युलाइज कर पाए, लिहाजा पन्ना टाइगर रिजर्व व जबलपुर से विशेषज्ञ टीम बुलाई गई। इस तरह 18 घंटे बाद घायल बाघ को प्राथमिक इलाज मिल पाया। पन्ना से शाम 6 बजे टीम पहुंची और 7.30 बजे उसे ट्रेंक्युलाइज करने के बाद भोपाल वन विहार रवाना किया गया। इसी जगह साल 2024 में वाहन की टक्कर से एक तेंदुए की मौत भी हो गई थी।



राहगीरों ने बाघ को लंगड़ाते हुए देखा

सोमवार सुबह 7-8 बजे कुछ राहगीरों ने एक बाघ को हाईवे से लगे जंगल में लंगड़ाते हुए जाते देखा। भीड़ देखकर बाघ पत्थरों के पीछे छिपकर बैठ गया। वहां से कुछ दूर चला और एक पेड़ के नीचे बैठ गया। पिछले पैरों की हड्डी में चोट की वजह से वह चल नहीं पा रहा था। सड़क पार करते वक्त किसी भारी वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के रेस्क्यू दल के साथ सीसीएफ रिपुदमन सिंह व डीएफओ वरुण यादव टीम के साथ पहुंचे।

गौरझामर व ढाना रेंज से वन विभाग की टीम बुलाई गई। ढाना रेंजर राघवेंद्र चौहान ने बताया कि पन्ना से आए रेस्क्यू दल ने बाघ को ट्रेंक्युलाइज करके प्राथमिक इलाज किया। वाहन से बाघ को इलाज के लिए भोपाल रवाना किया है।

8 माह पहले ढाना रेंज में मिला था बाघ का शव



दक्षिण वन मंडल की ढाना रेंज में इसके पहले एक बाघ का शव मिला था। बाघ को ट्रैक्टर-ट्रॉली से दूसरी जगह फेंका गया था। उसकी करंट लगने से मौत की बात सामने आई थी। यह पूरा मामला शिकार से जुड़ा था, लेकिन इसकी जांच दबा दी गई।

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मृदुल मिश्रा ने बताया कि जिले में 7 नए अंडरपास की प्लानिंग है। वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए मालथौन व देवरी, गौरझामर जैसे जंगल एरिया से लगे फोरलेन किनारे फेंसिंग करा रहे हैं। बरकोटी घाटी पर अंडरपास के लिए जगह का सर्वे करा लेंगे।

भोपाल में पहली बार होगी एशियन वुमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी, सीएम करेंगे शुभारंभ

166 देशों में होगा लाइव टेलीकास्ट

अक्षरविश्व न्यूज

भोपाल। भोपाल में 19 से 28 नवंबर तक एशियन वुमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2026 के मुकाबले खेले जाएंगे। मध्यप्रदेश पहली बार इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। इसमें भारत समेत 6 देशों की शीर्ष महिला हॉकी टीमें हिस्सा लेंगी। जापान, चीन, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड की टीमें भी खिताब के लिए मैदान में उतरेंगी। प्रतियोगिता में करीब 150 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। इन मुकाबलों का लाइव प्रसारण दुनिया के 166 देशों में किया जाएगा।



आयोजन को लेकर मंत्री विश्वास सारंग की मौजूदगी में एमओयू से जुड़ी महत्वपूर्ण प्रक्रिया पूरी की गई। मंत्री सारंग ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। करीब 5 हजार दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम में फ्लड लाइट की रोशनी में डे-नाइट मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के प्रचार-प्रसार के लिए भोपाल से ट्रॉफी टूर शुरू किया जाएगा। यह टूर प्रदेश के सभी संभागों तक पहुंचेगा।

मध्यप्रदेश की महिला हॉकी खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन किया है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश की खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 18 स्वर्ण, 11 रजत और 7 कांस्य समेत कुल 36 पदक जीते हैं। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर 74 स्वर्ण, 34 रजत और 33 कांस्य समेत 141 पदक हासिल किए हैं। प्रदेश की 3 महिला हॉकी खिलाड़ियों ने जापान में आयोजित एशियन गेम्स-2026 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता। मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी की 7 महिला खिलाड़ी ओलंपिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया जैसी पहल से देश में खेलों को जनआंदोलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में खेल अधोसंरचना और खिलाड़ियों की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। भोपाल को अंतरराष्ट्रीय हॉकी के मानचित्र पर नई पहचान दिलाना और मध्यप्रदेश को वैश्विक खेल केंद्र बनाना सरकार का संकल्प है।

हॉकी के साथ दिखेगी जनजातीय संस्कृति

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के दौरान खेल के साथ मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक पहचान भी दुनिया के सामने रखी जाएगी। इसके लिए परिसर में विशेष ट्राइबल फूड और आर्ट स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें जनजातीय संस्कृति, पारंपरिक खानपान और लोककलाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। आयोजन से प्रदेश में खेल पर्यटन और खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

मंत्री सारंग के मुताबिक, मध्यप्रदेश में हॉकी प्रतिभाओं को तैयार करने के लिए 27 हॉकी फीडर सेंटर और 13 खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर संचालित हैं। प्रदेश में 22 हॉकी एस्ट्रोटर्फ पर खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं, जबकि 7 नए एस्ट्रोटर्फ का निर्माण जारी है।

उन्होंने कहा कि भोपाल को हॉकी की नर्सरी कहा जाता है। प्रदेश ने कई ऐसे खिलाड़ी दिए हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है।

नाली सफाई का वीडियो वायरल किया तो युवक को पीटा

भोपाल। भोपाल के मिसरोद स्थित संजय नगर में नाली की सफाई का वीडियो सोशल मीडिया पर डालना एक युवक को भारी पड़ गया। वीडियो वायरल होने से नाराज पार्षद पति ने युवक को रात 12 बजे फोन कर रामलीला मैदान बुलाया। मैदान के पास युवक को घेरकर मारपीट की गई। बेटे को बचाने पहुंचे 60 वर्षीय पिता को भी डंडे से पीटा, जिससे उनके माथे पर चोट आई और खून निकलने लगा। मामले में पूर्व पार्षद रामबाबू पाटीदार समेत कई लोगों पर मारपीट के आरोप लगे हैं।

पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक मुरलीधर पाटीदार (60) संजय नगर में रहते हैं और खेती करते हैं। उनके गुरुजी गिरीश शर्मा के घर की नाली चोक हो गई थी। गुरुजी नाली साफ कर रहे थे, तभी उनके बेटे अजय पाटीदार ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो वायरल होने के बाद रामबाबू पाटीदार नाराज हो गए।

21 साल बाबा बनकर गुना में छिपा रहा आरोपी, गांजा तस्करी में पकड़ा था

जमानत पर छूटने के बाद भागा, पुलिस ने गिरफ्तार किया

अक्षरविश्व न्यूज

भिंड। गांजा तस्करी के केस में 21 साल से फरार आरोपी पुलिस से बचने के लिए बाबा बनकर आश्रम में रह रहा था। वह गुना जिले के आरोन क्षेत्र के गांव नोहर स्थित एक आश्रम में था।



2 नवंबर को मेहगांव पुलिस को उसकी लोकेशन मिली तो टीम गिरफ्तारी के लिए पहुंची।

आरोपी की पहचान सत्यदेव उर्फ सर्वेश उर्फ बजरंगदास बाबा के रूप में हुई है। वह भिंड जिले के गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के गांव बिरखड़ी का रहने वाला है।

मेहगांव पुलिस ने 26 अगस्त 2002 को उसे गोरमी तिराहे से गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ NDPS एक्ट की धारा 8/20 के तहत केस दर्ज किया गया था। जमानत पर बाहर आने के बाद वह कोर्ट में सुनवाई के दौरान फरार हो गया। इसके बाद वह पेश नहीं हुआ। न्यायालय ने 7 जून 2005 को उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया था। तब से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना और तकनीकी मदद से पुलिस को पता चला कि आरोपी गुना जिले के आरोन क्षेत्र के गांव नोहर स्थित आश्रम में रह रहा है। 2 नवंबर को मेहगांव पुलिस बजरंगगढ़ थाना पुलिस की मदद से आश्रम पहुंची। उस समय वहां भंडारा चल रहा था। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दी। ऐसे में टीम ने स्थिति को संभाला और जल्दबाजी नहीं की। पुलिस ने सही मौके का इंतजार किया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

एक ही परिवार के चार लोगों को चाकू मारे

गाली देने से शुरू हुआ विवाद, युवती के सीने में घोंपा चाकू, बेटी की हालत गंभीर

जबलपुर। जबलपुर के गोरखपुर थाना क्षेत्र में गाली-गलौज करने से रोकना एक परिवार को भारी पड़ गया। इंदिरा नगर गुप्तेश्वर में सोमवार रात क्षेत्र के तीन बदमाशों ने एक परिवार पर चाकू से हमला कर दिया।



वारदात में पिता, बेटी और दो बेटे घायल हो गए। युवती के सीने में चाकू लगने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने प्राणघातक हमले का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार रात कृष राय, मनीष राय और अक्षय रजक तेज आवाज में एक-दूसरे को गाली दे रहे थे। काफी देर तक गाली-गलौज जारी रहने पर बनारसी लाल गुप्ता घर से बाहर आए। उन्होंने युवकों को समझाते हुए गाली देने से मना किया और घर जाने के लिए कहा। आरोप है कि उनकी बात से नाराज तीनों युवकों ने बनारसी लाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। पिता के साथ मारपीट होते देख उनकी बेटी काजल और बेटे मोहित व मनीष मौके पर पहुंचे। आरोप है कि तीनों हमलावरों ने परिवार के सदस्यों पर चाकुओं से हमला कर दिया। बनारसी लाल के पेट में चाकू लगा, जबकि उनकी बेटी काजल के सीने पर वार किया गया। मोहित के पैर और मनीष के हाथ में चाकू से चोट आई।

वारदात के बाद तीनों आरोपी मौके से भाग निकले। पड़ोसियों की मदद से घायलों को देर रात मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, काजल के सीने में चाकू लगने से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बनारसी लाल को भी गंभीर चोट आई है।


9 साल की बच्ची से रेप की कोशिश

ग्वालियर। ग्वालियर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर 9 साल की छात्रा के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया। पड़ोस में रहने वाले आरोपी ने बच्ची को 20 रुपए देकर दुकान से सामान लाने भेजा। उसके लौटने पर आरोपी ने टीवी दिखाने के बहाने अपने घर बुलाया और दरवाजा बंद कर उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया।

बच्ची ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह वहां से निकलकर बच्ची घर पहुंची और पिता को घटना की जानकारी दी। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में सोमवार रात मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया।

राज्योत्सव के दूसरे दिन लोक-जनजातीय नृत्यों की धूम, गोंड, बैगा भील और सहरिया नृत्यों ने दिखाई प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता

भोपाल। मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन सोमवार को लाल परेड ग्राउंड में लोक संस्कृति, जनजातीय परंपराओं और संगीत का संगम देखने को मिला। शाम को प्रदेश के अलग-अलग अंचलों के लोक एवं जनजातीय नृत्यों ने दर्शकों को आकर्षित किया। वहीं, भोपाल के कलाकारों के समूह 'वॉयस ऑफ विंड' की प्रस्तुति 'अनुगूंज- द ब्रीदिंग फिएस्टा' में 1955 से 2015 तक के हिंदी फिल्मी गीतों की धुनें वाद्ययंत्रों पर सुनाई दीं। बिना शब्दों के हार्मोनिका, मेलोडिका, बांसुरी और सैक्सोफोन से निकली धुनों ने श्रोताओं को पुराने दौर के गीतों और उनसे जुड़ी यादों तक पहुंचाया। तीन दिवसीय समारोह के दूसरे दिन लाल परेड ग्राउंड में प्रदर्शनियों, देशज व्यंजन मेले और कृषि आधारित सेमिनार के जरिए भी प्रदेश की उपलब्धियों और परंपराओं को सामने रखा गया। दिनभर परिसर में लोगों की आवाजाही रही।



सात हजार रु. की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार, 40 हजार की मांगी थी घूस

मुरैना। मुरैना जिले में रिश्वतखोरी के खिलाफ लोकायुक्त ग्वालियर की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पटवारी ने किसान की 2 बीघा जमीन का सीमांकन करने के एवज में 40 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। किसान पहले ही उसे 5 हजार रुपए दे चुका था। इसके बावजूद रिश्वत की मांग जारी रहने से परेशान किसान ने लोकायुक्त से शिकायत कर दी।



जानकारी के अनुसार, मुरैना गांव का पुरा निवासी किसान मुरारीलाल कुशवाह ने अपनी 2 बीघा जमीन के सीमांकन के लिए तहसीलदार कार्यालय में आवेदन दिया था। आरोप है कि मौजा पटवारी प्रदीप शर्मा ने सीमांकन की कार्रवाई करने के बदले किसान से 40 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। किसान ने पटवारी को पहले ही 5 हजार रुपए दे दिए थे, लेकिन इसके बाद भी उससे रिश्वत की मांग की जा रही थी।

लगातार रिश्वत की मांग से परेशान किसान ने लोकायुक्त एसपी कार्यालय ग्वालियर में इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त टीम ने पहले मामले का सत्यापन किया। शिकायत सही पाए जाने पर टीम ने पटवारी को रिश्वत लेते पकड़ने की योजना बनाई।

एसएसबी जवान ने पत्नी को मारा...रातभर शव के पास सोया

बच्चों के सामने छाती पर पैर रखकर गला घोंटा, 12 साल की बेटी ने खोला राज

ग्वालियर। ग्वालियर में करवा चौथ मनाने जम्मू-कश्मीर से छुट्टी लेकर आए सशस्त्र सीमा बल (SSB) के जवान ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद वह रातभर पत्नी के शव के पास सोता रहा। सोमवार सुबह करीब 6 बजे शव कार में रखकर अपने पुश्तैनी गांव भिंड ले गया। वहां ससुराल वालों को फोन कर पत्नी की मौत हार्ट अटैक से होने की बात कही।



रिंकी जाटव, मृतक

बेटी के शरीर पर चोट के निशान देखकर मायके पक्ष को शक हुआ। परिजन ने सवाल किए तो आरोपी ने सर्विस पिस्टल दिखाकर उन्हें धमकाया। उसने 12 साल की बेटी को भी चुप रहने की धमकी दी। हालांकि, बेटी ने चुपके से अपने मामा को पूरी घटना बता दी। इसके बाद हत्या का मामला सामने आया। आरोपी गांव से फरार है।

पुलिस के मुताबिक, भिंड के छौंदा गांव का रहने वाला ज्ञान सिंह SSB में सिपाही है। उसकी तैनाती जम्मू-कश्मीर में है। वह 27 अक्टूबर को करवा चौथ मनाने छुट्टी लेकर ग्वालियर आया था। यहां मुरार के खुरैरी इलाके में किराए के मकान में रहता था। रविवार को उसके पिता इलाज कराने भिंड से ग्वालियर आए थे। इलाज के बाद पत्नी रिंकी जाटव ने ससुर को वापस भिंड छोड़ने के लिए कहा। इसी बात पर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई। ज्ञान सिंह पिता को भिंड छोड़कर रविवार रात घर लौटा। उस समय रिंकी मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। इस पर ज्ञानसिंह को शक हुआ। उसने पत्नी के चरित्र पर सवाल उठाए और विवाद शुरू कर दिया। सोमवार सुबह करीब 6 बजे ज्ञानसिंह पत्नी का शव कार में रखकर अपने गांव छौंदा पहुंचा।

बच्चों के सामने जमीन पर पटका, गला घोंटा

आरोप है कि विवाद बढ़ने पर ज्ञानसिंह ने रिंकी को जमीन पर पटक दिया। इसके बाद उसकी छाती पर पैर रखकर गला घोंट दिया। उस समय 14 साल का बेटा दीपू और 12 साल की बेटी प्रियांशी घर में मौजूद थे। दोनों ने घटना देखी। हत्या के बाद आरोपी ने पत्नी का शव बेडरूम में रखा और रातभर उसी कमरे में सोता रहा।

रोटावेटर के मानकों पर विशेषज्ञों ने किया मंथन, गुणवत्ता और सुरक्षा पर हुई चर्चा



बुधनी। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा मंगलवार को केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (CFMTTI), बुधनी में रोटरी टिलर (रोटावेटर) से संबंधित भारतीय मानक आईएस 17045-2018 पर मानक मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 20 तकनीकी विशेषज्ञों, निर्माताओं एवं हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रोटावेटर की गुणवत्ता, कार्यक्षमता, सुरक्षा और परीक्षण प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बीआईएस के वैज्ञानिक-सी आशुतोष राय ने मानकीकरण में हितधारकों की भागीदारी का महत्व बताया। वहीं संस्थान के निदेशक डॉ. बी.एम. नंदेडे ने कृषि मशीनरी के प्रशिक्षण एवं परीक्षण में संस्थान की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने मानक के प्रभावी क्रियान्वयन और भविष्य में सुधार के लिए सुझाव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में दीपक जोशी ने आभार माना।

नोटों की गड्डी का लालच देकर झुमके-अंगूठी ठगे महिला को ठगों ने थमाई नकली पैसों की पोटली

अक्षरविश्व न्यूज

लालच में फंसी महिला ने घर जाकर रुमाल खोला तो उसमें कंकर पत्थर निकले

ग्वालियर। ग्वालियर के महाराज बाड़ा में सोमवार दोपहर खरीदारी करने आई एक महिला ठगी का शिकार हो गई। दो युवकों ने पहले उससे झांसी जाने का रास्ता पूछा, फिर नोटों की गड्डी का लालच देकर अपने जाल में फंसा लिया। आरोपियों ने महिला से सोने की दोनों झुमकियां और अंगूठी उतरवा लीं। बदले में उसे कपड़े की पोटली और रुमाल थमा दिया। घर पहुंचकर महिला ने पोटली खोली तो उसमें नोटों की जगह कागजों की गड्डी मिली।



ई-रिक्शा में बैठाकर उतरवाए सोने के जेवर

वहीं, जेवर के लिए दिए गए रुमाल में कंकड़-पत्थर भरे थे। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पनिहार थाना क्षेत्र के ग्राम बरई की रहने वाली 40 वर्षीय रेखा राठौर सोमवार को अपनी 5 साल की बेटी के साथ दीपावली की खरीदारी करने महाराज बाड़ा आई थीं। दोपहर करीब 1 बजे एसबीआई बैंक के सामने उन्हें एक अज्ञात युवक मिला। युवक ने उनसे झांसी जाने का रास्ता पूछा। महिला ने रास्ता पता नहीं होने की बात कही तो युवक ने बताया कि वह कहीं से पैसों की बड़ी गड्डी लेकर भागा है और उसे झांसी जाने का रास्ता नहीं मालूम। युवक ने रास्ता बताने के बदले गड्डी में से रुपए देने का लालच दिया। इसी दौरान उसका दूसरा साथी भी वहां पहुंच गया। उसने महिला को गड्डी के रुपए आधे-आधे बांटने की बात कहकर अपने झांसे में ले लिया।

दोनों आरोपी महिला को बातों में उलझाकर सराफा बाजार की तरफ ले गए। वहां से उसे ई-रिक्शा में बैठा लिया। रास्ते में रकम देने का बहाना बनाकर आरोपियों ने महिला से सोने की दोनों झुमकियां और अंगूठी उतरवा लीं। जेवर अपने पास रखकर उन्होंने महिला को कपड़े की एक पोटली थमा दी। इसके बाद रेलवे स्टेशन से पहले बने पुल के पास उसे उतारकर फरार हो गए। घर पहुंचने के बाद महिला ने पोटली खोली। उसमें ऊपर 500 रुपए का एक असली नोट रखा था, जबकि नीचे सादे कागजों की गड्डी थी। इसके बाद उसने जेवर रखने के लिए दिया गया दूसरा रुमाल खोला तो उसमें कंकड़-पत्थर भरे मिले। तब महिला को ठगी का पता चला।

महिला को बेटे की मौत का डर बताकर बदमाशों हड़प लिए जेवर

भिंड। भिंड शहर में बाइक सवार दो युवकों ने एक महिला को उसके छोटे बेटे की मौत होने का डर दिखाकर सोने के जेवर हड़प लिए। आरोपियों ने पूजा-पाठ से अनहोनी टालने का झांसा दिया और महिला से मंगलसूत्र व कान के टॉप्स उतरवाकर तौलिया में रखवा लिए। इसके बाद आंखें बंद कराकर जेवर लेकर फरार हो गए। महिला ने आरोपियों पर सम्मोहन करने की बात भी कही है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार, 50 वर्षीय मीना देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह भदौरिया निवासी शांति नगर सोमवार को ग्वालियर से दवा लेकर भिंड लौटी थीं। वह सुभाष तिराहे पर बस से उतरकर पैदल अपने घर जा रही थीं। घर से करीब पांच मकान पहले मुकेश बिल्डिंग मटेरियल की दुकान के पास बाइक सवार दो युवक उनके पास पहुंचे।

गधे का सर्टिफिकेट बनाने के बाद नर्सिंग-काउंसिल का पोर्टल बंद...

अक्षरविश्व न्यूज

भोपाल। मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल (MPNRC) की ऑनलाइन व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। गधे की फोटो और कथित फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नर्सिंग रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी होने का मामला सामने आने के बाद अब काउंसिल का ऑनलाइन पोर्टल करीब एक महीने से बंद होने का आरोप लगा है। NSUI का कहना है कि पोर्टल बंद होने से प्रदेश के हजारों नर्सिंग अभ्यर्थियों के नए रजिस्ट्रेशन और पंजीयन से जुड़े काम अटक गए हैं। नौकरी और उच्च शिक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले अभ्यर्थी भी परेशान हो रहे हैं। NSUI प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने आरोप लगाया कि गधे की फोटो और मनगढ़ंत दस्तावेजों के आधार पर



रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी होने का मामला सामने आने के बाद काउंसिल ने पोर्टल बंद कर दिया था। एक महीने से ज्यादा समय बीतने के बावजूद इसे दोबारा शुरू नहीं किया जा सका है। उनका कहना है कि फर्जी रजिस्ट्रेशन की शिकायतों के बाद व्यवस्था की खामियां दूर करने के बजाय पोर्टल बंद रखने से वास्तविक और योग्य अभ्यर्थियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। एनएसयूआई ने नर्सिंग काउंसिल का पोर्टल तत्काल शुरू करने, बंद रहने की अवधि के लिए पंजीयन शुल्क में विशेष छूट देने और गधे के नाम पर प्रमाणपत्र जारी होने के मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

NEWS डायरी

शराब दुकानों के पास अहाते बंद की मांग की

देवास। शिवसेना प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष सुनील वर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को नवागत कलेक्टर नेहा मीना से मुलाकात कर शराब दुकानों के आसपास भोजनालय व होटल की आड़ में संचालित अहातों को बंद कराने की मांग की। मीडिया प्रभारी शंकर कदम ने बताया कि कई स्थानों पर अहातों में शराब परोसी जा रही है। इससे अधिक शराब पीकर वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाओं और मौतों का खतरा बढ़ रहा है। अवैध अहातों को बंद करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान श्रावण बेस, शिवम चतुर्वेदी और लखन टिपानिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षकों का सम्मान 11 विद्यार्थियों को मेडल

देवास। भारत विकास परिषद की देवास एवं नवगठित भौंरासा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरासा में किया गया। कार्यक्रम में 16 शिक्षकों का विद्यार्थियों ने तिलक लगा कर सम्मान किया। वहीं शिक्षा, कला और खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 मेधावी विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गुरुजनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अतिथियों ने गुरु-शिष्य परंपरा, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला।

मंडी भाव

सोयाबीन 1520-7040, गेहूं 2010-4230, डॉलर चना 5710-9770, मक्का 2301-2726, चना 5201-7401, उड़द 2500-8199, मसूर 5500-6599, मूंग 4200-6801, सरसों 7300-7560, धनिया 15301-15301, मटर 3180-3180 रुपए प्रति क्विंटल।

दिलीप पुरी हत्याकांड शराब तस्करी के नेटवर्क की परतें खुलीं, 100 करोड़ के अवैध कारोबार की जांच

टीआई को कुचलने वाला गजेंद्र पुलिस को दे रहा गच्चा, फरार 3 आरोपी रिमांड पर, 20 से ज्यादा लोगों से की जा रही है पूछताछ

अक्षरविश्व न्यूज

देवास। खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी की हत्या के मामले की जांच अब अवैध शराब तस्करी के बड़े नेटवर्क तक पहुंच गई है। पुलिस की जांच में हरदा के टिमरनी से लेकर इंदौर, बड़वानी, झाबुआ और गुजरात तक फैली शराब की सप्लाई चेन सामने आई है। पुलिस ने नेटवर्क से जुड़े राहुल जायसवाल, विजय राव और केरम सिंह को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 10 नवंबर तक पुलिस रिमांड मिला है। दूसरी ओर, घटना में इस्तेमाल आयशर वाहन का चालक गजेंद्र उर्फ अक्कू रावत अब भी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें देवास, अलीराजपुर और आसपास के जिलों में दबिश दे रही हैं। एक टीम अलीराजपुर रवाना की गई है। मामले की व्यापक जांच के लिए 22 सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है। अब तक 20 से अधिक लोगों से पूछताछ हो चुकी है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि हरदा जिले के टिमरनी की तीनों शराब दुकानें एक ही समूह से जुड़े लोगों के नियंत्रण में हैं। इन दुकानों का लाइसेंस मूल रूप से बड़वानी निवासी पटेंद्र जायसवाल के नाम पर है, लेकिन कारोबार में अन्य लोगों की भी हिस्सेदारी बताई गई है। एसपी आदित्य मिश्रा के अनुसार, राहुल जायसवाल टिमरनी में दुकानों का स्थानीय प्रबंधन देखता था और उसकी 30 प्रतिशत हिस्सेदारी बताई गई है। वहीं, मोइन अग्रवाल, मोइन जायसवाल और मनीष जायसवाल की भूमिका और हिस्सेदारी की भी जांच की जा रही है। राहुल को सोमवार को इंदौर एयरपोर्ट से हिरासत में लिया गया था। वह दिल्ली में कांग्रेस की रैली में शामिल होकर लौट रहा था। पूछताछ में उसने शराब दुकानों के संचालन और तस्करी नेटवर्क से जुड़े कई तथ्य बताए हैं। पुलिस अब उसके बयानों का दस्तावेजी साक्ष्यों और अन्य आरोपियों से मिले तथ्यों के आधार पर सत्यापन कर रही है।



वाहन की तस्दीक के दौरान भागने की कोशिश, केरम की टांग टूट गई: पुलिस ने तीसरे आरोपी केरम सिंह को बड़वानी से गिरफ्तार किया था। खातेगांव लाने के बाद सोमवार रात उसे वाहन की तस्दीक के लिए संदलपुर फाटा ले जाया गया। इसी दौरान उसने भागने की कोशिश की, जिसमें वह घायल हो गया। मंगलवार को अस्पताल में जांच के दौरान उसके पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। इसके बाद पैर में पट्टा चढ़ाया गया।

इंदौर से गुजरात तक ब्लैक मार्केटिंग

पुलिस के अनुसार, इंदौर निवासी मनीष जायसवाल शराब की ब्लैक मार्केटिंग का काम संभालता था। वह लाइसेंसी दुकान से शराब लेकर दूसरे स्थानों पर अवैध रूप से बेचने का काम करता था। उसके पास बड़वानी की दो शराब दुकानों के लाइसेंस होने की जानकारी भी सामने आई है। फिलहाल मनीष फरार है। राहुल जायसवाल दुकानों का प्रबंधन देखता था, जबकि विजय राव मध्यप्रदेश और गुजरात में शराब तस्करी से जुड़े लोगों के बीच संपर्क कराने का काम करता था। केरम सिंह वाहनों, चालकों और हेल्परों की व्यवस्था करता था।

झाबुआ से जोबट तक ट्रक की पायलेटिंग गुजरात बॉर्डर पर माल उतारने की तैयारी थी

जांच में केरम सिंह की भूमिका ट्रक के परिवहन और उसकी पायलेटिंग करने वाले व्यक्ति के रूप में सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, वह शराब से भरे ट्रक को झाबुआ की ओर ले जा रहा था और अपनी कार से आगे रहकर रास्ते की निगरानी कर रहा था। जोबट तक शराब पहुंचाने की जिम्मेदारी उसकी थी। इसके बाद अहमदाबाद निवासी मोइन जायसवाल के जरिए आगे सप्लाई किए जाने की बात सामने आई है। एसपी आदित्य मिश्रा के अनुसार, रिमांड पर लिए गए आरोपियों को गुजरात और दाहोद बॉर्डर क्षेत्र में ले जाकर जांच की जाएगी। आरोपियों ने वहां शराब उतारकर छोटी-छोटी खेपों में आगे भेजने की जानकारी दी है। पुलिस इस दावे की तस्दीक करेगी। साथ ही शराब के वास्तविक स्रोत, परिवहन मार्ग और अंतिम खरीदारों की पहचान की जा रही है।

22 सदस्यीय एसआईटी करेगी जांच

पूरे मामले की जांच के लिए गठित 22 सदस्यीय एसआईटी की अध्यक्षता एएसपी सौम्या अग्रवाल करेंगी। टीम में सीएसपी देवास, संबंधित एसडीओपी, पांच निरीक्षक, तीन उपनिरीक्षक और तकनीकी व फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ आबकारी विभाग के अधिकारी भी शामिल किए गए हैं। विशेष पुलिस महानिदेशक उपेंद्र जैन भी जांच की निगरानी कर रहे हैं। जांच में देवास के अलावा हरदा, इंदौर, बड़वानी, झाबुआ और अलीराजपुर जिलों से जुड़ी कड़ियां खंगाली जा रही हैं। शराब जहां से उठाई गई, वहां के मैनेजर भूपेंद्र राणा सहित संदीप बर्मन, धीरज जायसवाल, राजकुमार चौकसे और जयप्रकाश जायसवाल से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस फरार मनीष, मोइन और पटेंद्र जायसवाल की भूमिका की भी जांच कर रही है। आयशर वाहन के चालक गजेंद्र उर्फ अक्कू रावत और क्लीनर की तलाश जारी है।

एसपी बोले- सिर्फ गिरफ्तारी नहीं, पूरे नेटवर्क को खत्म करने की तैयारी

एसपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि जांच में पूरे नेटवर्क का खुलासा करने के लिए 10 से अधिक अन्य लोगों से विस्तृत पूछताछ और बयान लिए जा रहे हैं। अब तक 20 से अधिक लोगों से पूछताछ हो चुकी है। आरोपियों के बयानों का दस्तावेजों और दूसरे साक्ष्यों से मिलान किया जा रहा है। जिनकी संलिप्तता प्रमाणित होगी, उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई के लिए केवल छुटपुट दबिश पर्याप्त नहीं होगी। पुलिस गांव और क्षेत्रवार नेटवर्क की पहचान कर कार्रवाई की योजना बना रही है। इसमें ग्राम रक्षा समितियों और नगर रक्षा समितियों के सदस्यों को भी जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय स्तर पर सूचना और निगरानी मजबूत हो सके।

डॉक्टरी पेशे को अपनाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है

अक्षरविश्व न्यूज

देवास। अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर नवप्रवेशित एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी की गई। मुख्य अतिथि यूएस फॉरेन सर्विस के क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश व्यास और अमलतास ग्रुप के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया उपस्थित रहे। डॉ. राजेश व्यास ने विद्यार्थियों को कहा कि व्हाइट कोट पहनना केवल डॉक्टर के पेशे को अपनाना नहीं, बल्कि एक बड़ी मानवीय जिम्मेदारी निभाने का संकल्प है। डीन डॉ. एके पीठवा ने कहा कि एमबीबीएस की पढ़ाई में कठिन परिश्रम और त्याग की आवश्यकता होती है, लेकिन समाज से मिलने वाला सम्मान और आशीर्वाद अतुलनीय है।

चंदाना शराब कांड

शराब कारोबार से जुड़े आरोपी को न्यायालय से राहत

देवास। चंदाना-बिंजाना शराब कांड में आरोपी बनाए गए लाइसेंसी शराब ठेकेदार शेखर बैरागी को देवास कोर्ट से जमानत मिल गई है। शराब कांड में अवैध बिक्री और केमिकल से तैयार शराब के नेटवर्क की जांच के बीच ठेकेदार को मिली राहत मामले में महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है।

अवैध शराब और पटाखा दुकानों पर पुलिस सख्त

अक्षरविश्व न्यूज

देवास/भौंरासा। भौंरासा थाना परिसर में जांच करने वालों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अपराध नियंत्रण, अवैध गतिविधियों की रोकथाम और आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्बाइड गन के उपयोग से होने वाले संभावित हादसों और गंभीर परिणामों को देखते हुए इसकी रोकथाम पर विशेष जोर दिया गया।



आगामी त्योहारों के मद्देनजर अस्थायी पटाखा दुकानों के संचालन को लेकर भी समीक्षा की गई। दुकानों में निर्धारित लाइसेंस शर्तों, सुरक्षित भंडारण, अग्निशमन व्यवस्था और अन्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा संबंधी निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

मंडी में उखड़ा फर्श, गड्ढों में बिखर रहा किसानों का सोयाबीन

किसानों ने आधे घंटे नीलामी रुकवाकर उठाए सवाल, कैंटीन में गंदगी और शराब की बोतलें मिली

अक्षरविश्व न्यूज

देवास। कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की नीलामी के लिए बनाए गए शेड का फर्श उखड़ने और गड्ढों में किसानों का अनाज बिखरने की समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने आधे घंटे तक नीलामी रुकवाकर मंडी सचिव के सामने किसानों की परेशानी रखी। साथ ही मंडी क्रमांक-2 की कैंटीन में गंदगी और शराब की बोतलें पड़े होने का आरोप भी लगाया।

किसान नेता कैलाश चौधरी ने बताया कि इंदौर मंडी में ट्रैफिक और अन्य परेशानियों के कारण इंदौर जिले के किसान देवास मंडी में सोयाबीन बेचने आते हैं। यहां जिस स्थान पर सोयाबीन की ढेरियां लगाई जाती हैं, वहां फर्श उखड़ा हुआ है। गड्ढों के कारण किसानों का अनाज मिट्टी में मिल रहा है। यदि इस स्थिति में किसी किसान या हम्माल को चोट लगती है तो जिम्मेदारी किसकी होगी।

किसान खेत और खलिहान से एक-एक दाना बीनकर मंडी तक लाते हैं, लेकिन यहां फर्श की खराब स्थिति के कारण अनाज बर्बाद हो रहा है। कई जगह 10-10 किलो तक सोयाबीन मिट्टी में दबा पड़ा है। उन्होंने सोयाबीन के भाव में 200 रुपए की कमी को लेकर भी सवाल उठाए।



कैंटीन में शराब की बोतलें, किसान भोजन भी नहीं कर पा रहे

किसान संघ पदाधिकारी ने मंडी की कैंटीन में शराब की बोतलें, क्वार्टर और गंदगी पड़े होने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि कैंटीन की हालत ऐसी है कि किसान वहां बैठकर भोजन तक नहीं कर सकते। सुतारखेड़ा के किसान रूप सिंह ने भी बताया कि वे करीब 15-20 दिन पहले सोयाबीन लेकर मंडी आए थे, लेकिन कैंटीन चालू नहीं मिली। बाहर से आने वाले किसानों को भोजन और बैठने की सुविधा नहीं है।



गड्ढों की मरम्मत कराई, छोटी समस्याएं भी ठीक होंगी

मंडी सचिव अरविंद परिहार ने बताया कि देवास में पदभार संभालने के बाद शेड के आसपास कई स्थानों पर गड्ढे मिले थे। उन्होंने तत्काल मरम्मत करवाकर काम शुरू कराया। यदि इसके बाद भी कहीं छोटी-मोटी समस्या है तो उसे एक सप्ताह के भीतर ठीक कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को तिरपाल लाने के लिए भी प्रेरित किया जाता है, ताकि अनाज मिट्टी में न मिले। मंडी में तौल व्यवस्था नियंत्रित और पारदर्शी है। पहले किसानों का 2 से 5 किलो तक अनाज खराब होने की स्थिति बनती थी, लेकिन अब एक-एक दाने की तौल कराई जा रही है। ई-मंडी पोर्टल के माध्यम से किसान 6 से 7 घंटे में अपनी उपज बेचकर उचित मूल्य प्राप्त कर घर लौट रहे हैं।

13 निरीक्षकों को निगरानी के निर्देश, लापरवाही पर कार्रवाई

कैंटीन में शराब की बोतलें मिलने और सफाई व्यवस्था खराब होने के आरोपों पर सचिव परिहार ने कहा कि मंडी में 13 मंडी निरीक्षक हैं। सभी को नियमित भ्रमण और जिम्मेदारी के साथ निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी कर्मचारी की लापरवाही सामने आने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सीजन शुरू होने से पहले ही मंडी क्रमांक-1 और 2 में रात के समय डायल 112 पुलिस की गश्त भी कराई जा रही है। सचिव के अनुसार उन्होंने एक दिन पहले ही मंडी परिसर का निरीक्षण किया था, लेकिन शराब की बोतलें मिलने जैसी स्थिति सामने नहीं आई। हालांकि, किसानों के मामला उठाए जाने के बाद अब इस दिशा में विशेष निगरानी रखी जाएगी। मंडी में किसानों की उपज सुरक्षित रखने, शेड के फर्श की मरम्मत और कैंटीन की साफ-सफाई को लेकर अब निगाहें मंडी प्रबंधन की कार्रवाई पर हैं।

शुरू कराया फर्श मरम्मत का काम

मंडी में उखड़े फर्श और गड्ढों के कारण किसानों की उपज बर्बाद होने की समस्या को लेकर जब हमारे प्रतिनिधि ने मंडी सचिव अरविंद परिहार से चर्चा की तो उन्होंने तत्काल फर्श की मरम्मत का कार्य शुरू करवा दिया। सचिव ने भरोसा दिलाया कि मंडी परिसर में जहां भी छोटी-मोटी खामियां हैं, उन्हें प्राथमिकता से दुरुस्त कराया जाएगा। किसानों की परेशानी सामने आने के बाद मरम्मत कार्य शुरू होना व्यवस्था सुधार की दिशा में कदम है।

सेमीफाइनल में इंदौर-उज्जैन का दबदबा



देवास। 70वीं राज्य स्तरीय शालेय सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले मंगलवार को मुखर्जी नगर स्थित पायोनियर पब्लिक स्कूल में खेले गए। प्रतियोगिता में 14, 17 एवं 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। इंदौर और उज्जैन संभाग के खिलाड़ियों का मुकाबलों में दबदबा रहा। 14 वर्ष बालक वर्ग में इंदौर ने ग्वालियर को 2-0 और उज्जैन ने जनजातीय विभाग को 2-1 से हराया। बालिका वर्ग में इंदौर ने उज्जैन को 2-1 तथा जनजातीय विभाग ने भोपाल को 2-0 से पराजित किया। 17 वर्ष बालक वर्ग में इंदौर और उज्जैन ने भोपाल व जनजातीय विभाग को हराया। बालिका वर्ग में उज्जैन ने भोपाल और इंदौर ने जनजातीय विभाग को शिकस्त दी। 19 वर्ष बालक वर्ग में इंदौर ने ग्वालियर तथा उज्जैन ने जबलपुर को हराया। बालिका वर्ग में इंदौर ने जबलपुर और जनजातीय विभाग ने ग्वालियर को पराजित किया।

तोरण द्वार का किया गया भूमि पूजन

देवास। मजदूर चौराहा, मोती बंगला पर श्री दामोदर वंशी जुना गुजराती दर्जी समाज के आराध्य संत श्री 1008 टेकचंद महाराज के नाम से विधायक निधि से स्वीकृत तोरण द्वार का भूमि पूजन विधायक गायत्री राजे पवार ने किया। कार्यक्रम में महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन सहित भाजपा नेता एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों को गुरुदेव के जीवन पर आधारित पुस्तिका प्रकाश पुंज भेंट की गई।

पुलिस ने सुबह दी दबिश, फरार वारंटी घर से हुआ गिरफ्तार, जेल भेज दिया

देवास। एनडीपीएस एक्ट के मामले में आठ साल से फरार स्थाई वारंटी को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।



सिविल लाइन थाना में दर्ज प्रकरण में आरोपी निजाम खान उर्फ सोनू (27), पिता इरशाद खान, निवासी सिद्धार्थ नगर देवास, लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय से स्थाई वारंट जारी हुआ था। पुलिस टीम ने सुबह आरोपी के घर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जनसुनवाई में मंदिर विवाद से लेकर तो नशे के कारोबार तक के कई मामले पहुंचे

देवास। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में मंदिर निर्माण विवाद, महिलाओं के लंबित मानदेय, किसानों को फसल मुआवजा, बसों के बकाया टैक्स और अवैध नशे के कारोबार से जुड़े मामले सामने आए। सोबल्यापुरा के ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण विवाद का समाधान कराने की मांग की, वहीं योजना से जुड़ी महिलाओं ने महीनों से मानदेय नहीं मिलने की शिकायत की। गुर्जर देवसेना ने जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को मुआवजा देने की मांग उठाई। इसके अलावा टैक्स बकाया और परमिट नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों को जब्त करने तथा चंद्रशेखर आजाद मल्टी में कथित नशे के कारोबार और नाबालिगों से सप्लाई कराने के आरोपों की जांच कर कार्रवाई करने के लिए आवेदन सौंपे गए। अब देखना यह है कि तमाम दफ्तरों की चौखट से लौटाए गए इन लोगों को जनसुनवाई की टेबल से राहत मिलती है या इन्हें एक बार फिर आकर इन्हीं अफसरों से गुहार लगाना होगी

मंदिरों के निर्माण और जीर्णोद्धार पर विवाद, कलेक्टर से मांगा समाधान

देवास। घाट नीचे सीतावन क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्राम सोबल्यापुरा में शिव मंदिर निर्माण सहित तीनों मंदिरों के निर्माण और जीर्णोद्धार को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन दिया। ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 2023 में प्रस्तावित शिव मंदिर निर्माण के लिए 11 सदस्यीय समिति बनाई गई थी। दो वर्ष तक निर्माण शुरू नहीं होने पर ग्रामीणों की सहमति से प्राचीन हनुमान मंदिर के पास शिव मंदिर बनाया गया। अब पूर्व समिति के कुछ सदस्य बिना ग्रामवासियों की सहमति के दूसरा शिव मंदिर बनाने पर अड़े हैं। इस निर्माण पर तहसीलदार ने फिलहाल रोक लगा रखी है। ग्रामीणों के मुताबिक, मंदिर निर्माण विवाद में अब तक थाना बागली में 10 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। उन्होंने प्रशासन से आपसी सहमति से समाधान कर गांव में सद्भावना बहाल कराने की मांग की है।



दीपावली नजदीक, महिलाओं का महीनों से मानदेय बकाया: देवास। दीपावली नजदीक होने के बावजूद मध्यान्ह भोजन, साझा चूल्हा और आंगनवाड़ी पोषण आहार योजनाओं से जुड़ी हजारों महिलाओं को महीनों से मानदेय और भोजन पकाने की लागत राशि नहीं मिली है। ज्योति अर्जुन बैरागी ने बताया कि आंगनवाड़ी पूरक पोषण आहार एवं भोजन पकाने की राशि अगस्त से, मध्यान्ह भोजन की लागत राशि जुलाई से अक्टूबर तक और रसोइया बहनों का मानदेय जून से बकाया है। उचित मूल्य दुकान संचालित करने वाली महिलाओं का कमीशन भी जुलाई से लंबित है।

जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को मुआवजा देने की मांग

देवास। वर्षा की कमी और अनियमित बारिश से प्रभावित फसलों को लेकर अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संस्था ने देवास जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को राहत एवं मुआवजा देने की मांग की। जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गुर्जर ने बताया कि पर्याप्त बारिश नहीं होने से खरीफ फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। किसानों की समस्या को देखते हुए राजस्व एवं कृषि विभाग से खेतों और वर्षा की स्थिति का तत्काल सर्वे कराने की मांग की गई है।

टैक्स बकाया बसों को जब्त की मांग

देवास। यात्री बसों में टैक्स बकाया और परमिट नियमों के उल्लंघन का मामला जनसुनवाई में पहुंचा। शिकायतकर्ता मुस्तकीम नागोरी ने कलेक्टर को आवेदन देकर तीन बसों पर लाखों रुपए का टैक्स बकाया होने का आरोप लगाया और उन्हें जब्त करने की मांग की। शिकायत में इंदौर-देवास मार्ग पर संचालित मार्बल बस की तीन गाड़ियों एमपी-41-जेडई-3344, एमपी-41-जेडसी-3381 और एमपी-41-जेडजे-6001 पर टैक्स बकाया होने की बात कही गई है। शिकायतकर्ता ने प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत किए हैं। साथ ही बस स्टैंड से संचालित अन्य बसों में करीब एक करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। आवेदन में चौहान ट्रेवल्स की बस एमपी-41-पी-0725 पर सात दिवसीय परमिट लेकर देवास-बागली और बरोठा मार्ग पर नियमित संचालन करने का आरोप लगाते हुए जब्ती की मांग की गई है।

नशे के कारोबार और नाबालिगों से सप्लाई कराने का आरोप

देवास। चंद्रशेखर आजाद मल्टी में कथित अवैध नशे के कारोबार और नाबालिग लड़कियों से नशे के सामान की सप्लाई कराने का मामला जनसुनवाई में पहुंचा। मल्टी निवासी रानू प्रजापति और राजू प्रजापति ने कलेक्टर एवं एसपी को आवेदन देकर जया परमार, दीपक परमार सहित अन्य लोगों पर अवैध शराब, गांजा, चरस और एमडी ड्रग्स के कारोबार में शामिल होने के आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि मल्टी से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नशे के सामान की सप्लाई की जाती है और इसमें नाबालिग लड़कियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व में शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने तथा संबंधित लोगों से विवाद और धमकियों की बात भी आवेदन में कही है।

राजबाड़ा पर सजा दिवाली बाजार: धनतेरस से पहले भीड़, रेजिन उत्पादों की भारी मांग

अक्षरविश्व न्यूज

10 दिन पहले से चौक पर सजीं दुकानें... आसपास के गांवों से पहुंचे छोटे कारोबारियों को सालभर की कमाई की उम्मीद

इंदौर। दीपोत्सव की आहट के साथ ही शहर का दिल कहे जाने वाले राजबाड़ा का पारंपरिक बाजार पूरी तरह गुलजार हो चुका है। धनतेरस से पहले ही खरीदारी के लिए शहरभर से लोग उमड़ पड़े हैं। मिट्टी के पारंपरिक दीयों से लेकर गोबर की कलाकृतियां, पूजन सामग्री और चमचमाती लाइटिंग से पूरा चौक दमक रहा है। यह बाजार न सिर्फ त्योहारी रौनक का केंद्र है, बल्कि आसपास के ग्रामीण इलाकों से आए सैकड़ों छोटे व्यापारियों और दस्तकारों की सालभर की आजीविका का बड़ा जरिया भी है।





राजबाड़ा के फुटपाथों और चौक पर स्थानीय दुकानदारों के साथ देहात से आए कुम्हार और कारीगर डटे हुए हैं। सालभर की मेहनत से गढ़े मिट्टी के दीये और बर्तन बेचने वालों के लिए यह दीपोत्सव जीवन रेखा की तरह है। त्योहार के इन पांच दिनों में होने वाली बिक्री ही इनके परिवारों का सबसे बड़ा आर्थिक सहारा बनती है। इस बार बाजार में ग्राहकों की पसंद में बड़ा बदलाव दिख रहा है। पारंपरिक सामान के मुकाबले नए डिजाइन, चटक रंग और रेजिन जैसी चमकदार फिनिशिंग वाले लक्ष्मी-गणेश के विग्रह और सजावटी उत्पाद हाथों-हाथ बिक रहे हैं। नए प्रयोग करने वाले दुकानदारों को खरीदारों का शानदार प्रतिसाद मिल रहा है।

एक जैसी वैरायटी पर मोलभाव तेज

पारंपरिक उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों के बीच तीखी प्रतिस्पर्धा भी है। एक जैसा सामान होने से खरीदार एक-एक रुपए का मोलभाव कर रहे हैं, फिर भी दीयों और पूजन सामग्री की मांग मजबूत बनी हुई है। कारोबारियों को उम्मीद है कि धनतेरस से भाई दूज तक इस बार रिकॉर्ड बिक्री दर्ज होगी।

कलेक्ट्रेट में उमड़ा शिकायतों का सैलाब: इलाज-पढ़ाई के अटके मामलों पर भड़के कलेक्टर

203 अर्जियों पर कसे पेंच, दिव्यांगों की पढ़ाई का खर्च उठाएगा प्रशासन

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। सरकारी दफ्तरों की चौखट घिसने और बाबुओं की टेबल पर अटकी फाइलों से त्रस्त आम जनता मंगलवार को पूरे लाव-लश्कर के साथ कलेक्ट्रेट आ धमकी। कलेक्टर शिवम वर्मा की चौपाल सजते ही जब 200 से ज्यादा पीड़ितों ने प्रशासनिक हीलाहवाली का कच्चा-चिट्ठा खोला, तो मैदानी तंत्र की पोल खुलकर सामने आ गई।





किसी की सांसें इलाज के बजट के अभाव में अटकी थीं, तो कोई अपनी ही जमीन के सीमांकन और फौती नामांतरण के लिए पटवारियों के आगे हाथ जोड़कर थक चुका था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कड़े निर्देशों का हवाला देते हुए कलेक्टर ने भरी सभा में लापरवाह अफसरों के पेंच कस दिए और दो-टूक चेताया...'जिंदगी, दवा और बच्चों के स्कूल से जुड़ी फाइलों को अलमारी में दबाने की जुर्रत न करें, हल तुरंत जमीन पर दिखना चाहिए।' कलेक्ट्रेट पहुंचे कुल 203 आवेदनों में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी जमीन-जायदाद के पचड़ों, नामांतरण के लंबित प्रकरणों, आर्थिक बदहाली और शिक्षा-स्वास्थ्य से जुड़ी दिक्कतों की रही। कलेक्टर ने साफ हिदायत दी कि आयुष्मान, रेडक्रॉस या सरकारी इलाज और फीस से जुड़ी मदद मांगने वालों को कतारों में न उलझाया जाए। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में हीलाहवाली करने वाले नोडल प्रभारियों को मौके पर तलब कर जवाब-तलब किया गया और कई गंभीर प्रकरणों का मौके पर ही निपटारा कराया गया।

दिव्यांग संध्या और वीरेंद्र का हौसला देख भावुक सभागार

जनसुनवाई का सबसे मार्मिक क्षण तब सामने आया जब तमाम मुश्किलों और शारीरिक चुनौतियों को मात देकर उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले दो मेधावी दिव्यांग विद्यार्थी संध्या और वीरेंद्र अपनी अर्जी लेकर पहुंचे। कलेक्टर शिवम वर्मा खुद अपनी कुर्सी से उठकर दोनों होनहारों के पास पहुंचे, उनकी पीठ थपथपाई और आगे के लक्ष्यों पर बात की। कलेक्टर ने मौके पर ही अफसरों को पाबंद किया कि इन दोनों बच्चों की कॉलेज की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का सारा जिम्मा प्रशासन संभालेगा, आर्थिक तंगी इनकी राह में रोड़ा नहीं बनेगी।

एसडीएम और तहसीलदारों की तय होगी जवाबदेही, नपेगी लेटलतीफी

सुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नव जीवन विजय पवार, रिंकेश वैश्य सहित राजस्व अमले के तमाम बड़े चेहरे मौजूद रहे। कलेक्टर ने सीमांकन और नामांतरण के पेचीदा मामलों में एसडीएम और तहसीलदारों को साफ शब्दों में कहा कि वे दफ्तरों से निकलकर फील्ड पर जाएं और तय मियाद के भीतर स्थल निरीक्षण कर निराकरण की रिपोर्ट दें। जनसुनवाई की फाइलों की समीक्षा अब हर हफ्ते होगी... अगर किसी भी टेबल पर जानबूझकर फाइल दबाने का खेल पकड़ा गया तो जिम्मेदार अधिकारी पर सीधी गाज गिरेगी।

संघ में बदलाव की तैयारी: अब प्रांत नहीं... संभाग स्तर पर जिम्मेदारियां

मार्च में होने वाले चुनाव से पहले तय होंगे नए पद



भोजशाला के इतिहास पर प्रदर्शनी।

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। शताब्दी वर्ष के पड़ाव पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने सांगठनिक ढांचे को नया स्वरूप देने जा रहा है। कार्यकारी मंडल की बैठक में तय हुआ कि अब 'प्रांत' के बजाय 'संभाग' स्तर पर जिम्मेदारियां बांटी जाएंगी, जबकि क्षेत्रीय व्यवस्था को सीधे राज्य स्तर पर केंद्रित किया जाएगा। मार्च में प्रस्तावित सांगठनिक चुनाव से पहले इन नए दायित्वों की घोषणा होगी, ताकि पदाधिकारी चुनावी प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभा सकें। इसके साथ ही संघ ने सामाजिक दायरा बढ़ाते हुए युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए बड़े अभियान का खाका खींचा है।

संघ अब अपने वैचारिक एजेंडे के साथ सामाजिक कुरीतियों पर सीधा प्रहार करेगा। युवाओं को नशे के चंगुल से निकालने के लिए सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर जन-जागरण चलाया जाएगा। साथ ही, विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों के मंचों पर भागीदारी बढ़ाकर संघ अपने सामाजिक दायरे का विस्तार करेगा।

'भोजशाला के प्रत्यक्ष प्रमाण'... 24 पड़ावों में दिखा सच

बैठक स्थल पर धार की भोजशाला पर लगी विशेष प्रदर्शनी 'भोजशाला के प्रत्यक्ष प्रमाण' आकर्षण का केंद्र रही। इसमें 24 पड़ावों के जरिए राजा भोज काल से लेकर अब तक के इतिहास को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में पुरातात्विक अवशेषों, स्तंभों, वाग्देवी की प्रतिमा के लंदन पहुंचने और 'पारिजात मंजरी' शिलालेखों के दुर्लभ चित्र प्रदर्शित किए गए हैं।

संक्षिप्त

आईजा का शपथ ग्रहण 18 को, जुटेंगे 600 पत्रकार

इंदौर। ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) का शपथ ग्रहण समारोह 18 नवंबर को शहर में होगा। इसमें मप्र सहित देशभर से करीब 600 पत्रकार शामिल होंगे। तैयारियों को लेकर आईजा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बाफना के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल से चर्चा कर रूपरेखा तय की। स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष ने कार्यक्रम संचालन और प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आयोजन को लेकर पत्रकारों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। बाहर से आने वाले अतिथि पत्रकारों के स्वागत और आवास के लिए विशेष कमेटियां भी गठित की गई हैं। बैठक में संगठन को मजबूती देने के लिए प्रदेश कार्यकारिणी में तीन महिला पत्रकारों को विशेष जिम्मेदारी सौंपते हुए सम्मानित किया गया। महासचिव उमेश जैन सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन को भव्य और सफल बनाने का संकल्प लिया।

निगमकर्मियों को 31 दिसंबर तक टैक्स भरने का अल्टीमेटम

इंदौर। नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को अब अपनी और परिजनों की संपत्तियों का बकाया टैक्स पहले चुकाना होगा। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने 31 दिसंबर तक संपत्तिकर, जलकर और कचरा शुल्क सहित सभी बकाया कर जमा कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। यह नियम नियमित, मस्टर और आउटसोर्स सभी कर्मियों पर लागू होगा। कर जमा करने के बाद कर्मचारियों को रसीद अपने विभागाध्यक्ष को सौंपनी होगी। जनवरी का वेतन जारी होने से पहले लेखा शाखा में अनुपालन रिपोर्ट देना अनिवार्य किया गया है। आउटसोर्स एजेंसियों को भी अपने कर्मचारियों के टैक्स भुगतान का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित कराने की सीधी जिम्मेदारी विभाग प्रमुखों के कंधों पर डाली गई है। टैक्स की रसीद न दिखाने वाले कर्मचारियों का नए साल में वेतन अटकना तय है।

कलेक्ट्रेट परिसर में सजा स्वदेशी बाजार...

कलेक्टर ने खुद की महिला समूहों के स्टॉल पर खरीदारी



अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। महिला स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में दीपोत्सव की विशेष दुकान सजी। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार हस्तनिर्मित सामग्री के स्टॉल का कलेक्टर शिवम वर्मा ने मुआयना किया और खुद नकद खरीदारी कर महिलाओं का हौसला बढ़ाया। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि शासन की मंशा महिलाओं को सीधा बाजार उपलब्ध कराने की है। कलेक्ट्रेट स्टॉल पर गोबर व मिट्टी के दीये, पूजन सामग्री और सजावटी उत्पादों की भारी मांग रही, जहां दोपहर तक ही 40 हजार रुपए से अधिक की बिक्री हो गई।

ग्रामीण हाट बाजार में 2.5 लाख का कारोबार

ढक्कन वाला कुआं स्थित ग्रामीण हाट बाजार में लगे दिवाली मेले को भी शहरवासियों का जोरदार प्रतिसाद मिला, जहां ढाई लाख रुपए के उत्पाद बिके। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की कि वे त्योहार पर स्थानीय महिलाओं द्वारा बनाए गए पर्यावरण अनुकूल उत्पाद ही खरीदें, ताकि दीपोत्सव की खुशियां इन परिवारों तक भी पहुंच सकें।

छावनी में जर्जर छत पर टॉवर: नीचे बाजार, ऊपर मंडरा रहा मौत का खतरा

कमजोर दीवारों पर लोहे का बोझ, निगम बेपरवाह, मकान मालिक की हेकड़ी... ले-देकर लगवाया, क्या कर लोगे

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। छावनी मेन रोड के व्यस्त बाजार में जय भवन (26/4) की खस्ताहाल छत पर खड़ा भारी-भरकम मोबाइल टॉवर बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। दरारें झेल रही कमजोर दीवारों पर सैंकड़ों क्विंटल वजनी ढांचा तान दिया गया है। नीचे दिनभर खरीदारों की भीड़ रहती है, लेकिन नगर निगम का निगरानी तंत्र आंखें मूंदे बैठा है। वार्ड-63 और जोन-18 के भवन अधिकारी व निरीक्षक की भूमिका सवालों में है। बिना स्ट्रक्चरल ऑडिट इस जर्जर इमारत पर टॉवर की एनओसी कैसे जारी हो गई? मकान मालिक राजेश जिंदल का दो-टूक कहना है... 'ले-देकर लगवाया है, क्या कर लोगे।' साफ है कि किराए के लालच और सांठगांठ के चलते जनता की जान दांव पर लगा दी गई है।





कमिश्नर के लिए सवाल: सिर्फ फाइल देखेंगे... या छत भी...?

निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल को जोन-18 के अफसरों की भूमिका की जांच करानी चाहिए। तकनीकी टीम से मुआयना कराकर अवैध रूप से लगे इस टॉवर को तुरंत हटाने की दरकार है। हादसा होने के बाद जागने से बेहतर है कि समय रहते खतरे का खात्मा किया जाए। अगर भारी-भरकम टॉवर के वजन से भरभराकर मकान ढहा, तो मलबे के नीचे सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, बल्कि निर्दोष राहगीरों की सांसें भी दबेंगी। जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले ऐसे हर अवैध निर्माण पर तुरंत बुलडोजर चलना जरूरी है।

नेशनल बास्केटबॉल टीम में इंदौर के चार खिलाड़ियों का चयन

इंदौर। पुणे में आयोजित होने वाली अंडर-16 यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश की राज्य टीम में इंदौर के चार होनहार खिलाड़ियों ने अपनी जगह पक्की की है। माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल के इन चारों छात्रों ने कड़े मुकाबले और 95 से ज्यादा खिलाड़ियों के बीच हुए ट्रायल में शानदार प्रदर्शन कर यह मुकाम हासिल किया। चयनित खिलाड़ियों में कक्षा 11वीं के प्रशांत सिंह, विवेक तोमर, कुणाल भारती और कक्षा 9वीं के मनु सिंह शामिल हैं। स्कूल के प्राचार्य श्याम अग्रवाल ने इसे संस्थान के लिए गौरवशाली पल बताते हुए कहा कि अनुशासन, कड़ी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण के दम पर इन विद्यार्थियों ने राज्य टीम में स्थान बनाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय स्तर पर भी ये खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतकर लौटेंगे। अब ये चारों खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

दीपोत्सव पर घर पहुंचना चुनौती: ट्रेनों में नो रूम बसों का किराया ढाई गुना, फ्लाइट के दाम दोगुने

अक्षरविश्व न्यूज



इंदौर। 8 नवंबर को दीपावली से पहले घर लौटने वालों के पसीने छूट रहे हैं। 5 से 7 नवंबर के बीच सफर का दबाव चरम पर पहुंचते ही इंदौर से चलने वाली सभी प्रमुख ट्रेनों में कंफर्म टिकट खत्म हो चुके हैं। नई दिल्ली एक्सप्रेस में वेटिंग 90 पार है, तो जबलपुर सुपरफास्ट और शिप्रा एक्सप्रेस में टिकट बुकिंग बंद (रिग्रेट) हो चुकी है। ट्रेनों में जगह न मिलने का फायदा उठाकर निजी बस ऑपरेटरों ने ग्वालियर, जयपुर, जबलपुर और मुंबई रूट का किराया ढाई गुना तक बढ़ा दिया है। वहीं, हवाई सफर भी आम आदमी की पहुंच से बाहर हो चुका है... दिल्ली और मुंबई का टिकट 7,500 से 8,500 रुपए, जबकि कोलकाता की फ्लाइट 20 हजार रुपए के करीब पहुंच चुकी है। पर्व के मौके पर यात्रियों की जेब पर चौतरफा मार पड़ रही है।

रवि पुष्य नक्षत्र में 241वां अखंड श्रीयंत्र महापूजन

अक्षरविश्व न्यूज



इंदौर। रवि पुष्य नक्षत्र के महासंयोग पर शहर में 241वें अखंड श्रीयंत्र महापूजन का भव्य आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर मुख्य लाभार्थी अशोक कुमार, कपिल एवं नितिन बागरेचा परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया।

वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ श्रीयंत्र की विधिवत आराधना कर शहर और समाज की सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की गई। आयोजन में क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

रानी सराय में पेड़ों की कटाई पर फूटा गुस्सा: रीगल पर शोकसभा



अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए ऐतिहासिक रानी सराय में पुराने पेड़ों की कटाई और हजारों पक्षियों के आशियाने उजड़ने पर पर्यावरणप्रेमियों का आक्रोश फूट पड़ा। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर रीगल तिराहा स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष सांकेतिक शोकसभा रखी गई। नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर हरियाली के संहार का विरोध किया और बाकी बचे पेड़ों को तत्काल बचाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विकास जरूरी है, लेकिन बेजुबानों के आशियाने उजाड़कर यह कीमत नहीं चुकाई जा सकती। उन्होंने शेष पेड़ों की कटाई पर तुरंत रोक लगाने की मांग उठाई। इस प्रदर्शन में शहर की प्रमुख सामाजिक और पर्यावरण संस्थाएं एकजुट रहीं।

निगम के ट्रीटेड पानी के टैंकरों पर लगेगी पीली पट्टी फजीहत से बचने का तोड़, लीकेज सुधारने को 7 दिन

सोशल मीडिया पर बर्बादी के झूठे आरोपों पर लगेगी लगाम, 30 नए टैंकर खरीदेगा निगम, हाइड्रेंट्स पर कैमरे

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। रोड डिवाइडर धोने और बगीचों को सींचने में इस्तेमाल होने वाले रीसाइकिल पानी को लेकर सोशल मीडिया पर होने वाली रोज-रोज की किरकिरी का नगर निगम ने पक्का तोड़ निकाल लिया है। शहर में ट्रीटेड वॉटर सप्लाई करने वाले हर टैंकर पर अब चटक 'पीली पट्टी' चस्पा होगी, ताकि दूर से ही पहचान हो सके कि यह पीने का नहीं बल्कि ट्रीटेड पानी है। इसके साथ ही सड़कों पर पानी बहाते दौड़ने वाले लीकेज टैंकरों को सुधारने के लिए निगम ने 7 दिन का कड़ा अल्टीमेटम थमा दिया है। मियाद बीतते ही लापरवाह एजेंसियों और निगम अफसरों पर सीधे जुर्माने का हंटर चलेगा।



अक्सर राहगीर डिवाइडर धुलते या पौधे सींचते टैंकरों का वीडियो बनाकर 'पानी की बर्बादी' बताकर वायरल कर देते थे। गर्मियों में तो महापौर के बंगले के बाहर भी ट्रीटेड पानी से धुलाई का वीडियो वायरल कर फजीहत कराई गई थी। इसी भ्रम को खत्म करने के लिए एमआईसी बैठक में टैंकरों पर पीली पट्टी अनिवार्य करने की मुहर लगाई गई।

सड़क पर पानी, नपेंगी एजेंसियां

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने साफ कर दिया है कि 7 दिन में सभी अनुबंधित और निगम टैंकरों के लीकेज दुरुस्त होने चाहिए। इसके बाद सड़क पर एक बूंद भी पानी टपकता दिखा तो भारी जुर्माना ठोका जाएगा। निगम वर्कशॉप के अफसरों पर भी सीधी कार्रवाई होगी। वहीं, गर्मी में किल्लत से निपटने के लिए निगम 30 से ज्यादा नए टैंकर खरीदने जा रहा है और पानी चोरी रोकने के लिए सभी हाइड्रेंट्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। लापरवाही पर अब कोई रियायत नहीं मिलेगी, हर बूंद का हिसाब होगा।

एडीपीओ परीक्षा की आंसर की जारी: गलत जवाब पर 5 दिन में दर्ज कराएं आपत्ति



इंदौर। सरकारी वकील यानी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी (एडीपीओ) बनने की दौड़ में शामिल उम्मीदवारों के लिए अहम खबर है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने 1 नवंबर को हुई लिखित परीक्षा की प्रोविजनल आंसर-की (उत्तर कुंजी) अपनी वेबसाइट mppsc.mp.gov.in पर जारी कर दी है। उम्मीदवार इसे डाउनलोड कर अपने जवाबों का मिलान कर सकते हैं। यदि किसी प्रश्न के उत्तर को लेकर कोई शंका या एतराज है, तो अभ्यर्थी 5 दिन के भीतर ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इन आपत्तियों की जांच के बाद फाइनल आंसर-की बनेगी, जिसके आधार पर नवंबर के अंत या दिसंबर में रिजल्ट घोषित होगा। कुल 107 पदों पर होने वाली इस भर्ती में लिखित परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।

सुविचार

"सबसे ज्यादा हासिल करने के लिए सबसे पहले सबसे ज्यादा काबिल होना पड़ता है।

अक्षरनामा


हिंसा पर लगाम

जवानों को नक्सलियों से लड़ते हुए काफी नुकसान उठाना पड़ता था, इसलिए नक्सली हिंसा पर अब जो लगाम लगी है, वह कभी ढीली नहीं पड़नी चाहिए। बीते एक वर्ष में सीआरपीएफ अर्थात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के किसी भी जवान का किसी अभियान में शहीद न होना सुखद है। यह संयोग बीते 47 वर्षों में पहली बार बना है और 30 अक्टूबर, 2025 के बाद सीआरपीएफ ने अपने अभियान में एक भी जवान को नहीं गंवाया है। इस अर्द्धसैनिक बल के प्रमुख जीपी सिंह ने इस कामयाबी को बहुत उत्साह से उजागर किया है। जनवरी 1979 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है। बीते 47 वर्षों में लगभग हर साल सीआरपीएफ के जवान कहीं न कहीं किसी न किसी अभियान में शहीद होते रहे हैं, लेकिन नवंबर 2025 से इस जनहानि पर जो रोक लगी, उसकी सराहना करनी ही चाहिए। जवानों को नक्सलियों से लड़ते हुए काफी नुकसान उठाना पड़ता था, इसलिए नक्सली हिंसा पर अब जो लगाम लगी है, वह कभी ढीली नहीं पड़नी चाहिए। केंद्र सरकार की घोषणा के अनुरूप सीआरपीएफ ने नक्सलवाद को इतिहास के पन्नों में भेज दिया है। अब मणिपुर हो या जम्मू-कश्मीर, हर जगह यह बल बहुत मजबूत स्थिति में है और यह मजबूती अब कभी कम नहीं होनी चाहिए। पहले ऐसे अनेक नक्सली हमले होते थे, जिनमें माओवादी लड़ाके सीधे सुरक्षा बलों को निशाना बनाते थे। इतिहास में बहुत दुख के साथ दर्ज है, 6 अप्रैल, 2010 को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया था, जिसमें सीआरपीएफ के 76 जवान शहीद हो गए थे। इस नरसंहार ने पूरे देश को झकझोरकर रख दिया था और सरकार में ऐसे अनेक आला नेता और अधिकारी थे, जो यह मानने लगे थे कि नक्सली हिंसा का अंत मुश्किल है। प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह ने भी यह अफसोस जताया था कि वह नक्सली हिंसा को रोकने में कामयाब नहीं हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को भी नक्सल हिंसा का खात्मा करने में एक दशक से अधिक वक्त लग गया, पर वह दिन आया, जब मार्च 2026 में नक्सली उग्रवाद का घोषित रूप से पटाक्षेप हो गया। आज शासन-प्रशासन की कड़ाई और समझ-बूझ से देश के एक भी जिले में नक्सली हिंसा नहीं बची है। जम्मू-कश्मीर में अगर देखें, तो इस साल आतंकी घटनाओं में कुल 23 मौतें हुई हैं। जनवरी से अक्तूबर के बीच मारे गए लोगों में 19 आतंकी, दो सुरक्षाकर्मी और तीन अन्य लोग हैं।

किस्सा

भूख की पीड़ा

चार्ली चैपलिन जीवन की गहरी से गहरी त्रासदी में भी हास्य का कोई न कोई पहलू खोज लेते थे। ऐसा ही एक दृश्य उनकी प्रसिद्ध फिल्म द गोल्ड रश में देखने को मिलता है। एक दिन चैपलिन ने अमेरिका के डोनर अभियान से जुड़ी एक हृदयविदारक घटना के बारे में पढ़ा। सन 1846 में कैलिफोर्निया जा रहे प्रवासियों का एक समूह बर्फ से ढके पहाड़ों में फंस गया था। भूख से बेहाल कुछ लोगों की हालत ऐसी हो गई कि उन्हें जिंदा रहने के लिए अपने चमड़े के जूते तक खाने पड़े। इस घटना ने उनके मन पर बहुत ही गहरा प्रभाव डाला। चार्ली चैपलिन के मन में विचार आया कि भूख और बेबसी की इस त्रासदी को पर्दे पर किस तरह दिखाया जाए। इसी सोच से उन्होंने एक ऐसा दृश्य रचा, जो सिनेमा के इतिहास में अमर हो गया। अपनी फिल्म द गोल्ड रश में चैपलिन का पात्र भूख से व्याकुल होकर अपना जूता उबालता है और उसे किसी शाही पकवान की तरह परोसता है। दर्शक इस दृश्य पर ठहाके लगाते हैं, लेकिन उसके पीछे छिपी भूख की पीड़ा भी महसूस करते हैं। दुःख को भी हास्य में ढालकर उसे यादगार बना देना चैपलिन की कला थी।



अतिथि सेवा और धर्म-कर्म

शंख नाम का एक धर्मपरायण भक्त था। उसकी दिनचर्या भगवान विष्णु के स्मरण, अतिथि सेवा और धर्म-कर्म में ही व्यतीत होती थी। वह मानता था कि चाहे जीवन में कितने ही संकट क्यों न आएं, मनुष्य को कभी धर्म और भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। एक समय उसके जीवन में अत्यंत कठिन परिस्थितियां आ गईं। धन-संपत्ति समाप्त हो गई, घर में अन्न का अभाव हो गया और परिवार भी अनेक कष्टों से घिर गया। फिर भी शंख ने भगवान की पूजा करना नहीं छोड़ा। वह भगवान विष्णु से केवल इतनी प्रार्थना करता कि उसका मन कभी धर्म से विचलित न हो। एक दिन एक अतिथि उसके द्वार पर भोजन की आशा लेकर पहुंचा। घर में खाने के लिए केवल थोड़ा-सा अन्न शेष था। शंख ने सारा अन्न अतिथि को खिला दिया। उसकी निःस्वार्थ सेवा व श्रद्धा से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु बोले, हे भक्त! विपत्ति में भी जिसने अपने धर्म और परोपकार का त्याग नहीं किया, वह मुझे अत्यंत प्रिय है। भगवान की कृपा से उसके जीवन के कष्ट दूर हुए और उसे परम सुख की प्राप्ति हुई।



हर तरह के प्रदूषण से लड़ना जरूरी

दीपावली आते-आते आसमान धुंधलाने लगता है और हवा तेजाबी होती जाती है। भारतीय समाज में किसी भी तरह के प्रदूषण को लेकर जबर्दस्त विरोधाभास दिखता है।



पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध के अनुरोध के साथ सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका विचारार्थ थी। इस मामले में ग्रीन पटाखे जैसी किसी अमूर्त सी चीज के पक्ष में फैसला आ चुका है। शीर्ष अदालत ने पटाखे चलाने के लिए 7 और 8 नवंबर को सुबह 6 से 7 और शाम 8 से 10 बजे की एक समय-सीमा निर्धारित कर दी है। इसका कितना पालन हुआ, यह तो बाद में पता चलेगा। लोग अब अपनी सुविधा के अनुसार इस फैसले की व्याख्या करेंगे। फलस्वरूप, नागरिक रात भर पटाखों के शोर और धुएं के बीच जीवित रहने को अभिशप्त होंगे।

नवंबर का महीना शुरू होते ही दिल्ली और आस-पास के इलाकों में एक खास तरह की चिंता छाने लगती है। मीडिया और सार्वजनिक बहसों में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द 'प्रदूषण' हो जाता है। यही वह समय है, जब हल्की सर्दियां शुरू होती हैं और हवा भारी होने लगती है। फलस्वरूप, कार्बन के बारीक तत्व ऊपर नहीं जा पाते। हर साल इसी समय पटाखों और दीयों का त्योहार (दीपावली) भी पड़ता है। ध्वनि और वायु प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत होने के कारण पटाखों पर रोक लगाने की मांग होने लगती है, जिसके खिलाफ कई लोग तर्क देते हैं कि पटाखे उनकी धार्मिक आजादी से जुड़े हैं। दीपावली आते-आते आसमान धुंधलाने लगता है और हवा तेजाबी होती जाती है। कोढ़ मे खाज बन जाती है खेतों में पराली, जिसके निस्तारण का सबसे आसान तरीका किसानों की समझ से उसे खेत में ही जला देना है।

इसके साथ ही शुरू होता है, पूर्व में सत्ता पर काबिज और वर्तमान में विरोधी या पूर्व में विपक्ष में बैठे और आज के सत्ताधारी दलों द्वारा एक-दूसरे पर दोषारोपण का सिलसिला, जिसमें यदि बयान देने वाले के नाम पर चिप्पी चिपका दी जाए, तो वक्ताओं की पहचान करना मुश्किल हो जाएगा। इस साल भी यही सब हो रहा है।

अब यह स्वीकार करने का समय आ गया है कि साफ हवा, पानी और शोर-शराबे से मुक्ति नागरिकों के मौलिक अधिकार हैं। त्योहार मनाने की सनातनी परंपरा में कहीं भी कान-फाड़ू वाद्ययंत्रों या धुआं पैदा करने वाले पटाखों के इस्तेमाल का कोई प्रमाण नहीं मिलता। यह तो हाल के वर्षों में हुआ है कि शोर मचाने वाले डीजे हमारी धार्मिक जुलूसों का अंग बनते गए हैं। शोर पैदा करने की उनकी क्षमता साल-दर-साल बढ़ती ही जा रही है। सरकार अगर मंदिरों और मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटवा सकती है, तो कोई कारण नहीं है कि धार्मिक यात्राओं के दौरान डीजे को नियंत्रित न किया जा सके।

इसी तरह, किसी भी प्राचीन धार्मिक परंपरा में हमें पटाखों का जिक्र नहीं मिलेगा। ये तो मध्ययुग में बारूद से हमारे परिचय के बाद ही त्योहारों का अंग बने हैं। इसलिए सार्वजनिक विमर्शों में दिए जाने वाले तर्क कि इन पर प्रतिबंध लगाना किसी वर्ग की धार्मिक आजादी पर रोक होगी, मायने नहीं रखती। नागरिकों को प्रदूषण मुक्त पर्यावरण देना सरकारों की जिम्मेदारी है और अप्रिय फैसलों को अदालतों के हवाले करने की प्रवृत्ति को जायज नहीं ठहराया जा सकता।

भारतीय समाज में किसी भी तरह के प्रदूषण को लेकर जबर्दस्त विरोधाभास दिखता है। इसे कुछ उदाहरणों से समझना दिलचस्प होगा। नदियों को हमारे वाङ्मय में सबसे पवित्र स्थान दिया गया है। वे हमारी सांसारिक और आध्यात्मिक संबल हैं, लेकिन दुनिया भर में उन्हें सबसे ज्यादा गंदा हम ही रखते हैं। जहां अन्यत्र किसी स्विमिंग पूल में भी घुसने के पहले नहाने की अपेक्षा की जाती है, हम अपने तन और कपड़ों की सारी गंदगी लिए दिए अपनी नदियों में कूद पड़ते हैं। उसके किनारे मल-मूत्र त्यागने में हमें कुछ भी शर्मिंदगी नहीं होती। स्वाभाविक है, नदियों के किनारे बसे सारे शहरों का सीवर उन्हीं में गिरता है। मैं अपने शहर की यमुना में सफेद झाग के थक्कों को अक्सर देखता हूं। ये बेतहाशा प्रदूषित होते जल के द्योतक हैं। इसके बाद भी आप किसी पुल पर स्कूटर या कार खड़ी करके किनारे लगी जालियों से पूजा की बची हुई सामग्रियां नदी में फेंकते उन भक्तों को देख सकते हैं, जो नदियों की पवित्रता के मंत्र जरूर पढ़ते हैं, पर उनको प्रदूषित न करने का संकल्प नहीं ले पाते। हम किसी भी जीव-जंतु की लावारिश लाश नदी में बहाते समय यह नहीं सोच पाते कि यही पानी हमारे शहरों के पीने के काम आता है। नागरिकों के मन में यह विचार भरना ही होगा कि नदियां हमारे स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक हैं और वे हमारे शहरों का कूड़ा-कचरा बहाने के लिए नहीं बनी हैं। कई दशकों पहले गंगा को स्वच्छ बनाने की एक योजना 'गंगा एक्शन प्लान' नाम से शुरू हुई थी, आज भी कई योजनाएं चल रही हैं और इन पर अरबों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कोई गारंटी नहीं दे सकता कि इनके चलते गंगा का जल हरिद्वार से गंगासागर तक पीने योग्य हो गया है। देश की दूसरी प्रमुख नदियों को लेकर भी यही स्थिति है। दरअसल, नदियां तभी स्वच्छ होंगी, जब साफ-सफाई को लेकर हमारे मन में मूल्यों के स्तर पर कोई बड़ा परिवर्तन होगा। सरकारी योजनाएं तो महज उत्प्रेरक का काम कर सकती हैं। हमारे बेतहाशा बढ़ते और अनियंत्रित शहरीकरण का एक दुष्परिणाम उनमें दिखने वाले कूड़े-कचरे के पहाड़ हैं। दुनिया के बहुत सारे विकसित मुल्कों में ये बिजली, जैविक खाद या दूसरी उपयोगी वस्तुएं बनाने के काम आते हैं। उन्हें लेकर हमारी सोच कुछ तो बदली है, पर अभी भी रफ्तार बहुत धीमी है। देश की राजधानी दिल्ली में ही तीन विशालकाय पहाड़ हमारी शुरुआती उपेक्षा और अब जागने के बाद कछुए की चाल से उनसे निपटने के हमारे प्रयासों के रूप में दिखते हैं।

जीवन मंत्र

सुंदर देखने की चेतना



बाहरी परिवर्तन मनुष्य की मानसिक अवस्था का प्रतिबिंब होता है। उसके मन में जैसे विचार, जैसी भावनाएं विकसित होती हैं, वैसी ही अभिव्यक्ति उसके व्यवहार और परिवेश में दिखाई देती है। मानव जीवन केवल बाहरी सुख-सुविधाओं और भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है। उसके भीतर कुछ ऐसा भी है, जो उसे लगातार बेहतर, सुंदर और सूक्ष्म की ओर बढ़ने को प्रेरित करता है। यही प्रेरणा उसके विचारों, भावनाओं, व्यवहार और जीवन के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव लाती है। जब मनुष्य के भीतर सौंदर्य को अनुभव करने की क्षमता विकसित होती है, तब उसका असर उसके बाहरी संसार पर भी दिखाई देने लगता है। प्रकृति, कला, संगीत, साहित्य और जीवन की छोटी-छोटी बातों में सुंदरता तलाशने की उसकी प्रवृत्ति इसी आंतरिक परिवर्तन का परिणाम है। हालांकि, सौंदर्य विज्ञान बाहरी सुंदरता तक सीमित नहीं है। मनुष्य की पसंद, रुचि और भावनाओं में भी समय के साथ बदलाव आते हैं। उसके भीतर नए विचार जन्म लेते हैं और वह पहले से अधिक सूक्ष्म ढंग से चीजों को देखने-समझने लगता है। इस तरह, धीरे-धीरे उसकी अभिरुचियां भी परिष्कृत होती जाती हैं। यही कारण है कि मनुष्य अपने आस-पास की दुनिया में कुरूपता, कटुता और भद्देपन के बजाय सुंदरता देखना चाहता है। उदाहरण के लिए, एक समय था, जब मूक फिल्में लोगों के मनोरंजन का प्रमुख साधन थीं। समय के साथ मनुष्य की रुचि बदली। अब वह केवल दृश्य नहीं, बल्कि ध्वनि, संगीत, संवाद और भावनाओं से भरपूर फिल्में देखना चाहता है। दृश्य-श्रव्य माध्यमों का यह मेल उसके मन को अधिक गहराई से प्रभावित करता है। यह बदलाव केवल तकनीकी विकास नहीं, बल्कि मनुष्य की अधिक सूक्ष्म और विकसित होती मानसिक रुचि का भी परिचायक है। मनुष्य की इसी प्रवृत्ति ने उसे स्थूल से सूक्ष्म की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। जब उसे भौतिक वस्तुओं से संतुष्टि नहीं मिलती, तो वह किसी ऐसी सत्ता की तलाश करने लगता है, जो उसके मन को स्थायी आनंद दे सके। इसी खोज से धर्म का उदय हुआ। धर्म का वास्तविक अर्थ केवल पूजा-पाठ, कर्मकांड या परंपरा का पालन करना नहीं है, बल्कि जीवन को अधिक सुंदर, श्रेष्ठ व पूर्ण बनाने की साधना है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि वह अपनी चेतना को उच्चतर स्तर तक ले जाने का प्रयास करे। मनुष्य की यह यात्रा सौंदर्य विज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ने जैसी है। परम पुरुष को इसीलिए सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् कहा गया है अर्थात वह सत्य हैं, कल्याणकारी हैं और परम सौंदर्य के स्वरूप हैं। उनका वैभव, अनासक्ति और सौंदर्य मनुष्य को उनकी ओर आकर्षित करता है। उनकी महानता केवल उनकी विराट सत्ता में नहीं, बल्कि उस आकर्षण में है, जो प्रत्येक जीव को अपनी ओर खींचता है।

श्री श्री आनंदमूर्ति

बदलाव की शुरुआत खुद से हो

हम अक्सर जीवन में बदलाव चाहते हैं, लेकिन पुरानी आदतों और डर से बाहर नहीं निकल पाते। बदलाव की शुरुआत अपनी सोच और मान्यताओं को पहचानने से होती है।



हम सभी अपने जीवन में कुछ न कुछ बदलना चाहते हैं। कोई अपनी आदतें सुधारना चाहता है, कोई अपने रिश्तों को बेहतर बनाना चाहता है और कोई अपने डर से उबरकर आगे बढ़ना चाहता है। कई बार हम यह भी समझते हैं कि हमारे जीवन में क्या गलत हो रहा है और उसे ठीक करने के लिए हमें क्या करना चाहिए। इसके बावजूद हम वही पुराने ढर्रे पर चलते रहते हैं। हम बदलाव के बारे में सोचते हैं, उसके फायदे भी जानते हैं, पर जब उसे अपने जीवन में उतारने की बारी आती है, तो किसी न किसी बहाने से पीछे हट जाते हैं। बदलाव के प्रति विरोध कई बार हमारी अपनी सोच और उन मान्यताओं से पैदा होता है, जिन्हें हमने लंबे समय से अपने भीतर जगह दे रखी है। हम अक्सर मान लेते हैं कि अब कुछ नहीं बदला जा सकता। धीरे-धीरे ये विचार हमारे व्यवहार का हिस्सा बन जाते हैं और हम अपनी ही बनाई सीमाओं में सिमटकर रह जाते हैं।

यह विरोध हमेशा सीधे दिखाई नहीं देता। कई बार इसके संकेत हमारी रोजमर्रा की आदतों में छिपे होते हैं। जरूरी काम को बार-बार टालना या काम शुरू करने के बजाय दूसरे कामों में उलझे रहना भी बदलाव से बचने के तरीके हो सकते हैं। हम अपने व्यवहार को सही ठहराने के लिए तरह-तरह के तर्क गढ़ते हैं। और अपने परिवार, दोस्तों, परिस्थितियों या समाज को जिम्मेदार ठहराते हैं। इस तरह बदलाव की जिम्मेदारी अपने हाथ में लेने के बजाय हम उसके लिए बाहर कोई कारण खोजने लगते हैं। बदलाव के रास्ते की सबसे बड़ी बाधाओं में से एक अज्ञात का भय है।

हमें इस बात का डर सताता रहता है कि पुरानी आदतें छोड़ने पर भविष्य में क्या होगा और लोग क्या कहेंगे। यही अनिश्चितता का भय हमें ऐसी जानी-पहचानी परिस्थितियों में ही उलझाए रखता है, जो हमारे लिए हितकर न होने पर भी एक झूठी सुरक्षा का एहसास कराती हैं। हमारी बार-बार दोहराई जाने वाली आदतें और परेशानियां भी हमारे भीतर मौजूद कुछ अधूरी जरूरतों या मान्यताओं की ओर इशारा करती हैं। इसलिए केवल किसी आदत को जबर्दस्ती छोड़ देना पर्याप्त नहीं है। उसके पीछे छिपे कारण को समझना भी जरूरी है। बदलाव का पहला कदम यह स्वीकार करना है कि हमारे भीतर भी कुछ ऐसा है, जिसे बदलने की जरूरत है। इसके लिए स्वयं को दोषी ठहराने की नहीं, बल्कि ईमानदारी से अपने विचारों को परखना जरूरी है। जब हम पुराने डर और मान्यताओं को पहचानकर उनसे आगे बढ़ने की इच्छा रखते हैं, तभी नए रास्तों की संभावना बनती है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए कभी-कभी सबसे जरूरी काम यही होता है कि हम उस चीज को छोड़ने के लिए तैयार हों, जिसे अब तक कसकर पकड़े हुए हैं।

प्रसंगतः योग्या का सम्मान



कोलकाता के एक कॉलेज में संस्कृत व्याकरण के शिक्षक का पद खाली हुआ। उन दिनों चारों तरफ ईश्वरचंद्र विद्या सागर की धूम थी। वह संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे। स्थान खाली होते ही कॉलेज के प्रिंसिपल के मन में संस्कृत अध्यापक के पद के लिए ईश्वरचंद्र विद्यासागर का नाम आया। उन्होंने उन्हें पत्र भिजवाया और आग्रह किया कि वह पद ग्रहण करके कॉलेज व उसके विद्यार्थियों को गौरवान्वित करें। ईश्वरचंद्र ने पत्र पढ़ा तो तत्काल जवाब लिखने बैठ गए। उन्होंने लिखा, आपको व्याकरण पढ़ाने वाले अध्यापक की आवश्यकता है। मैं सोचता हूं कि व्याकरण के मामले में मैं इस नगर का योग्यतम व्यक्ति नहीं हूं। इस विषय में मुझसे अधिक विद्वान मेरे मित्र वाचस्पति हैं। यदि आप उनकी नियुक्ति कर सकें तो मुझे बड़ी प्रसन्नता होगी। मेरा उस पद पर आना वाचस्पति की योग्यता का अपमान होगा। इसलिए कृपया मुझे आवेदन करने को न कहें। कॉलेज के प्राचार्य विद्यासागर का पत्र पढ़कर उनके प्रति नतमस्तक हो गए और सोचने लगे कि यह व्यक्ति कितना महान है। किसी दूसरे व्यक्ति को अपने से बड़ा बताना हर किसी के बस की बात नहीं। कोई भी व्यक्ति दूसरे के सामने स्वयं को कमतर कभी नहीं साबित करता। लेकिन बेहद गुणी व विनम्र ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने ऐसा किया है। निश्चित रूप से उनका हृदय अत्यंत विशाल है। उनके इस प्रस्ताव को कॉलेज की प्रबंध समिति ने खुशी-खुशी स्वीकार कर लिया। मित्र की नियुक्ति पाकर ईश्वरचंद्र विद्यासागर को हार्दिक प्रसन्नता हुई। जब वाचस्पति को इस घटना का पता चला तो वह तुरंत विद्यासागर के पास पहुंचे और उन्हें गले लगाते हुए बोले, मित्र वास्तव में आपके बड़प्पन व विशाल हृदय का कोई सानी नहीं। इतना अद्भुत व गौरवशाली व्यक्तित्व व सोच सिर्फआपकी ही हो सकती है। मुझे सच में नौकरी की बेहद आवश्यकता थी। यह कहते हुए उनकी आंखों में आंसू आ गए। विद्यासागर ने उनकी पीठ थपथपाते हुए कहा, मित्र, जो योग्य है उसे उपयुक्त अवसर मिलना ही चाहिए।

जब आत्मा ही नहीं, तो फिर किसका होता है पुनर्जन्म

लोग मुझसे अक्सर पूछते हैं कि पुनर्जन्म का मतलब क्या है। ज्यादातर की कल्पना में आत्मा एक शरीर को छोड़कर दूसरे शरीर में चली जाती है, बिल्कुल जैसे यात्री ट्रेन बदलते हैं। हालांकि बौद्ध दर्शन में जब फिर से जन्म लेने की बात आती है, तो वहां कोई आत्मा नहीं होती। इस दर्शन को समझने के लिए तीन सरल-से सवालों से गुजरना है- पुनर्जन्म क्या है, चेतना क्या है और जब हम कहते हैं 'मैं', तो वह मैं होता कौन है? सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि पुनर्जन्म न तो किसी आत्मा का होता है और न किसी व्यक्ति का। बुद्ध ने सिखाया कि हमारे भीतर कोई ऐसी चीज नहीं, जो स्थायी हो। हमारा मन लगातार चलता रहता है, नए विचार आते रहते हैं। जब मौत होती है, तो यह सब रुक जाता है। हमारा मन भी काम करना बंद कर देता है। सबसे गहरे स्तर पर एक ऐसी चेतना है, जिसे तिब्बती परंपरा में 'निर्मल प्रकाश मन' कहा गया है। यह चेतना का सबसे बुनियादी रूप है। आमतौर पर इसका अनुभव गहरी नींद में होता है, जब कोई सपना नहीं आता या फिर मौत के समय। यही चेतना नए जीवन में जाती है। इसके साथ जाते हैं हमारे कर्म। पुराने जीवन की यादें, व्यक्तित्व और आदतें तो मौत के साथ ही खत्म हो जाते हैं, इसीलिए हमें पिछले जन्म का कुछ याद नहीं रहता।



इस तरह किसी स्थायी सत्ता या आत्मा के बिना भी जीवन का क्रम बना रहता है। हमारी परंपरा में चेतना का न कोई आकार है, न रंग और न वजन। उसका मूल स्वभाव है सचेत होना। बौद्ध तर्क के मुताबिक, हर चीज अपने ही जैसे किसी कारण से उत्पन्न होती है। यूं चेतना का कोई क्षण उससे पहले मौजूद किसी चेतना से ही आ सकता है। सोचने के लिए मस्तिष्क जरूरी है, लेकिन केवल इसी से जागरूकता नहीं पैदा होती। इस हिसाब से नवजात शिशु में चेतना की शुरुआत का कोई पुराना मानसिक कारण भी होना चाहिए। मस्तिष्क के स्कैन से उसकी गतिविधियों और मन की स्थिति के बीच संबंध तो पता चलता है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि दोनों एक है। अब सबसे अहम सवाल- अगर आत्मा नहीं है, तो क्या 'मैं' बस भ्रम है? बिल्कुल नहीं। 'मैं' है, पर वैसा नहीं, जैसा हमें लगता है। हम सभी को महसूस होता है कि कोई 'मैं'हमारे भीतर किसी शासक की तरह बैठा हुआ है। यह भावना तब और तीव्र हो जाती है, जब हमारा अपमान किया जाता है, आलोचना होती है या डर लगता है। फिर भी हम इसे खोज नहीं पाते। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बहुत ज्यादा 'मैं और मेरा' करने वाले कम खुश रहते है। वहीं, आत्मीयता की भावना विकसित करने पर 'मैं' का भाव कमजोर पड़ने लगता है और साथ में इससे जुड़ी पीड़ा भी। जब लोग मेरे पुनर्जन्म के बारे में पूछते हैं, तो मैं यह दावा नहीं करता कि 13वें दलाई लामा की आत्मा मेरे शरीर में आ गई है। मैं बस इसे चेतना और परोपकारी उद्देश्य की निरंतरता के रूप में देखता हूं, जिसने नया रूप लिया है। इस जीवन में भी मुझे सब शुरू से सीखना पड़ा। मैं बस इतना चाहता हूं कि हम खुले दिल से मन को समझने की कोशिश करें। यही सच्ची खोज का रास्ता है।

हेल्थ कैप्सूल... सुबह सबसे पहले आंवले का जूस

औषधीय गुणों से भरपूर आंवले का जूस कई रोगों में लाभदायक है। साथ ही यह संक्रमण से भी बचाव करता है। आंवले में विटामिन्स और खनिज भरपूर मात्रा में होते हैं, जो कई तरह की बीमारियों से रक्षा करते हैं। इसमें मौजूद विटामिन-सी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, जिससे आप सर्दी-खांसी से बच सकते हैं। शरीर में बढ़ते कोलेस्ट्रॉल के कारण दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। आंवले के जूस में फैटी एसिड, विटामिन और ऐसे कई तत्व होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। अगर आपका वजन अधिक है तो आप सुबह खाली पेट आंवले के जूस का सेवन करें। इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट पाचन तंत्र को दुरुस्त करते हैं। इस जूस का सेवन करने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है। अगर आप नियमित रूप से आंवले के जूस का सेवन करते हैं तो पूरे दिन ऊर्जावान महसूस करेंगे। आंवले में कैरोटीन पाया जाता है, जो आंखों के लिए लाभदायक होता है। रोजाना खाली पेट आंवले के जूस पीने से मोतियाबिंद, जलन और आंखों में नमी जैसी समस्याओं से बचाव होता है। कैल्शियम की कमी होने से हड्डियों की बीमारी होती हैं। आंवले का जूस पीने से हड्डियां मजबूत बनती है।



क्या कहते हैं विशेषज्ञ

आंवले में विटामिन सी के साथ-साथ एंटी ऑक्सिडेंट्स और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। सर्दी-जुकाम होने पर इसका सेवन काली मिर्च और लौंग के साथ करना चाहिए।

डॉ. आरपी पाराशर
वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक

राशिफल

मेष – अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। सहयोग की अपेक्षा रहेगी। की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-1-5-7

वृषभ – अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-5-7

मिथुन – बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-3-6-7

कर्क – अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। शुभांक-4-3-6

सिंह – अच्छा है। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

कन्या – सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। सुख-आनंद कारक समय है। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। शुभांक-3-5-6

तुला – भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्यान्ह से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। रहेगी। शुभांक-2-6-7

वृश्चिक – व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-1-5-7

धनु – खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-2-4-5

मकर – मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। शुभांक-5-7-9

कुंभ – शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-6-9

मीन – स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। आमोद प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। शुभांक-3-5-6

दैनिक पंचांग

5 नवम्बर 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह	स्थिति	लग्नारंभ समय	
सूर्य	तुला में	वृश्चिक	07.04 ब.से
चंद्र	सिंह में	धनु	09.20 बजे से
मंगल	कर्क में	मकर	11.25 बजे से
बुध	तुला में	कुंभ	13.11 बजे से
गुरु	सिंह में	मीन	14.44 बजे से
शुक्र	तुला में	मेष	16.15 बजे से
शनि	मीन में	वृष	17.55 बजे से
राहु	कुंभ में	मिथुन	19.53 बजे से
केतु	सिंह में	कर्क	22.06 बजे से
		सिंह	00.23 बजे से
राहुकाल	1.30 से 3.00 बजे तक	कन्या	02.34 बजे से
		तुला	04.45 बजे से

गुरुवार 2026 वर्ष का 309 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 10.36 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 03.56 बजे रात्र को समाप्त। **योग** इन्द्र 06.27 बजे तदनन्तर वैधृति 05.10 बजे को समाप्त। **करण** बालव 10.36 बजे तदनन्तर कौलव 22.31 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 15° 37' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872884 **जूलियन दिन** 2461349.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1448 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 24 **विशेष** रमा एकादशी, गोवत्स द्वादशी।

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
शुभ	05.54 से 07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से 07.11 बजे तक
रोग	07.22 से 08.51 बजे तक	चर	07.11 से 08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से 10.19 बजे तक	रोग	08.43 से 10.15 बजे तक
चर	10.19 से 11.47 बजे तक	काल	10.15 से 11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से 01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से 01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से 02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से 02.51 बजे तक
काल	02.43 से 04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से 04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से 05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से 05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

बाजार जगत

किराना बाजार

रिकार्ड आयात सौदे होने से बादाम में मंदी शुरू

इंदौर। त्योहारों की वजह से बादाम में पिछले एक महीने से अच्छी डिमांड के चलते कीमतें काफी बढ़ गई थीं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से बादाम में बल्क डिमांड कुछ धीमी होने लगी है। इसके साथ ही सितंबर के दौरान आयातकों द्वारा कैलिफोर्निया में बादाम का सर्वाधिक आयात सौदे किए जाने के कारण दिल्ली-मुंबई में आयातकों की मुनाफावसूली की बिकवाली शुरू हो गई है, जिससे बादाम कीमतों में गिरावट आने लगी है। पिछले 5-7 दिनों में बादाम के दाम 20-25 रुपए तक टूट गए हैं। सितंबर 2026 में बादाम का रिकार्ड आयात 2103 कंटेनर का किया गया है, जो कि अब तक के इतिहास में सर्वाधिक आयात है। उक्त बादाम इस महीने के मध्य से बाजार में आना शुरू हो जाएगा। ऐसे में बादाम के वर्तमान दामों में और गिरावट की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। बादाम व्यवसायी कमल छत्री का कहना है कि इंदौर में नए बादाम की आवक धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। नया बादाम का दाना कुछ छोटा है, लेकिन क्वालिटी अच्छी है। ऐसे में बादाम के वर्तमान दामों में अब तेजी की गुंजाइश नजर नहीं आ रही है। दीपावली त्योहार के बाद सियागंज में 12 नवंबर को होने वाले मुहूर्त सौदों में बादाम के दाम घटकर



खुलने की संभावना है।

शकर में लेवाली अच्छी बनी हुई है, जो अगले दो-तीन दिनों तक बनी रहने की संभावना है। नारियल, खोपरा गोला और बूरे में कारोबार सीमित देखा जा रहा है, जिससे इनके दामों में स्थिरता बनी हुई है। नारियल की आवक एक गाड़ी की रही।

फलाहारी

रायलरतन साबूदाना (1 किलो) 8000, रायलरतन साबूदाना (500 ग्राम) 8100, रायलरतन (200 ग्राम) 8400, रायलरतन लूज 7350, सच्चामोती साबूदाना (रजिस्टर्ड) 1 किग्रा 7850, सच्चामोती साबूदाना (रजिस्टर्ड) 500 ग्राम 7950, 200 ग्राम 8250, सच्चामोती साबूदाना (रजिस्टर्ड) लूज 7250, सच्चामोती पोहा एक किलो पैकिंग में 5850, सच्चामोती मोरधन 8500, रायलरतन मोरधन 20500 रुपए। साबूदाना सच्चासाबू एगमार्क (500) 7830, साबूदाना चक्र एगमार्क 7770, गोपाल लूज (25 किलो) 6670, कुकरीजाकी मोरधन (500 ग्राम) 20200 रुपए। सिंघाड़ा छोटा 100-115 बड़ा 120-130 रुपए।

मसाले

कालीमिर्च 755 से 760, मिनिमटर 775 से 785, मटरदाना 800 से 900, हल्दी निजामाबाद 225 से 250, हल्दी सांगली 315 से 320, जीरा 240 से 245, मीडियम 250 से 285, बेस्ट 310, सौंफ मोटी 150 से 200, बेस्ट 250 से 275, एक्सट्रा बेस्ट 350 से 400, बारीक 225 से 325, लौंग चालू 900 से 920, बेस्ट 1000 से 1025, दालचीनी 250 से 255, बेस्ट 260 से 270, जायफल 840 से 880, बेस्ट 925, जावत्री 1850 से 2000, बेस्ट 2300 से 2350, बड़ी इलायची 1350 से 1450, बेस्ट 1550 से 1650, पत्थरफूल बेस्ट 500 से 550, बाद्यान फूल बेस्ट 525 से 550, शाहजीरा खर 350, ग्रीन 950 से 1100, तेजपान 95 से 110, तरबूज मगज 480 से 520, नागकेसर 975 से 1050, सौंठ 325 से 375, खसखस बेस्ट 1100 से 1300, धोली मूसली 1250 से 1300, हींग 751-3450, पाउच में 10 ग्राम 3550, 121-50 ग्राम 3250 रुपए।

दलहन

चना कांटा 7500, विशाल चना 7400-7450, डंकी चना 6600-6700, काबुली डालर 9500-10500, काबुली रशियन 7500-7700, बिटकी 7300-7600, मसूर 6000, तुवर महाराष्ट्र सफेद 9100-9400, महाराष्ट्र लाल 9500-9800, कर्नाटक नई 9800-9900 निमाड़ी तुवर 7700-8900, मूंग बेस्ट गर्मी 8200-8400, बेस्ट 8400-8600, मोगर 5500-7500, उड़द बोल्ड 9200-9500, उड़द गर्मी 8500-9200, ग्रेविटी क्लीन 9500-9900, मीडियम 6000-8500 हलका 4000-6000 रुपए प्रति क्विंटल।



दालों के दाम

चना दाल 8900-9000, मीडियम 9200-9400, बेस्ट 9800-10000, मसूर दाल 7700-7800, बेस्ट 7900-8000, मूंग दाल 9800-9900, बेस्ट 10000-10100 मूंग मोगर 11700-11800, बेस्ट 11900-12000, तुवर दाल 9200-9300, मीडियम 10100-10200, बेस्ट 12200-12500, ए. बेस्ट 13400-13600, ब्रांडेड तुवर दाल 15000, उड़द दाल 10900-11000, बेस्ट 11100-11200, उड़द मोगर 11800-12000 बेस्ट 12100-12300 रुपए प्रति क्विंटल।

इंदौर चावल भाव

दयालदास अजीतकुमार छावनी के अनुसार बासमती (921) 13000-14000, तिबार 11000-12000, बासमती दुबार पोनिया 10000-11000, मिनी दुबार 8500-9000, मोगरा 5500-7500, बासमती सेला 8500-10500 कालीमूंछ डिनरकिंग 10000, राजभोग 7500, दुबराज 5500-6000, परमल 3400-3500, हंसा सेला 3500-3700, हंसा सफेद 3000-3200, पोहा 4800-5500 रुपए क्विंटल।



तेल



लूज तेल (टैक्स अतिरिक्त)

मूंगफली तेल इंदौर 1770-1790, मुंबई मूंगफली तेल 1840, इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 1420-1425, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1355-1360, इंदौर पाम तेल 1475, मुंबई सोया रिफाइंड 1460, गुजरात लूज 1750, कपास्या तेल इंदौर 1460 रुपए प्रति दस किलो। प्लांट खरीदी सोयाबीन के दाम घटकर नीचे में 6850 ऊपर में 7050 रुपए रह गए।

प्लांट सोयाबीन के भाव

बैतूल सतना 7350, बैतूल 7250, नीमच प्रोटीन 7200, धानुका 7190, प्रकाश 7160, प्रेस्टीज 7150, धीरेंद्र सोया 7225, लिविंग फूड्स 7201, मित्तल 7201, प्रकाश 7180, एमएस नीमच 7100, खंडवा 7100, एमए पचौर 7075, वीपी 7085, रामा 7000, कीर्ति (देवास, गुना, उज्जैन, मंदसौर, गुना 7100, सावरिया 7200, कोरोनेशन ब्यावरा 7175, एबीआइएस बदनावर 7100, पतंजलि 7150 रुपए प्रति क्विंटल।

फूड वेस्ट टैंक हादसा: फिलहाल माधवनगर पुलिस ने होटल प्रबंधन पर दर्ज किया है प्रकरण

नगर निगम के अपर आयुक्त सिंह मृत कर्मचारियों के घर संवेदना जताने पहुंचे

उज्जैन। श्रीगंगा ग्रुप का देवासरोड आउटलेट मंगलवार को फिर से शुरू हो गया। फूड वेस्टेज टैंक हादसे के कारण यह शनिवार रात से बंद था। हादसे में मृत नगरनिगम के कर्मचारियों के घर शोक संवेदना जताने नगरनिगम के अपर आयुक्त पवनकुमार सिंह पहुंचे। आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी उनके घर जा सकते हैं। इधर, माधवनगर पुलिस ने हादसे का कारण लापरवाही को माना है और श्री गंगा प्रबंधन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

देवासरोड आउटलेट में शनिवार रात दर्दनाक हादसा हुआ था। यहां फूड वेस्टेज टैंक की सफाई करने के दौरान सफाईकर्मी कमलेश तंबोली, नितिन,वाहिद और होटलकर्मी मनोज मीणा की टैंक में गिरने से मौत हो गई थी। शहर को झकझोरने वाले हादसे के बाद रविवार को श्री गंगा ग्रुप के चारों आउटलेट्स (देवासरोड , सी-21 नानाखेड़ा, फ्रीगंज और श्री बेकर्स) रविवार को पूरे दिन बंद थे। सोमवार को देवासरोड को छोड़ बाकी आउटलेट्स चालू हो गए थे। मंगलवार सुबह देवासरोड का आउटलेट भी चालू हो गया। हालांकि यहां के कर्मचारियों के चेहरे पर हादसे की दहशत अभी भी देखी जा रही है। मृतकों के परिजनों को अभी किसी भी स्तर पर सहायता राशि नहीं मिली है।



हादसे के तीन दिन बाद मंगलवार सुबह श्री गंगा का देवासरोड का आउटलेट शुरू हुआ।

शॉर्ट पीएम रिपोर्ट आई प्रबंधन की लापरवाही मानी

सोमवार की दोपहर हादसे में जान गंवाने वालों की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट सोमवार दोपहर आई। रिपोर्ट में मौत का कारण दम घुटना आया था। दम घुटने का कारण विषाक्त गैस बताया गया है। पुलिस ने इस आधार पर प्रबंधन के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1) में प्रकरण दर्ज कर लिया है। मर्ग की जांच शुरू हो गई है और यह जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, वैसे-वैसे आरोपी बढ़ते जाएंगे। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज कुमार वाल्मीकि मंगलवार को उज्जैन पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया और हादसे की जानकारी ली। वाल्मीकि मृतकों के घर भी गए और उनके परिजनों से चर्चा की। उन्होंने एसपी, कलेक्टर और निगमायुक्त से भी चर्चा की।

कमलेश के रिश्तेदार सचिन के बयान दर्ज

पुलिस ने कमलेश तंबोली के रिश्तेदार सचिन के बयान दर्ज कर लिए हैं। सचिन ने पुलिस को बयान दिया है कि टैंक सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरण नहीं थे। अगर यह होते तो हादसे को टाला जा सकता है। पुलिस नितिन, वाहिद और मनोज के परिजनों के बयान भी दर्ज करेगी और इसके बाद जांच की दिशा तय होगी।

प्रबंधन का मतलब जांच के दायरे में सभी

एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि प्रबंधन पर प्रकरण दर्ज होने का मतलब है कि जांच के दायरे में पूरा श्रीगंगा ग्रुप है। यह देखा जाएगा कि सफाई कराने के लिए कौन अधिकृत था। उसने अपने जिम्मेदारी ठीक से निभाई है या नहीं। अगर डायरेक्टर भी इस दायरे में आते हैं तो उन्हें भी आरोपी बनाया जा सकता है। पुलिस कानून के तहत काम कर रही है। किसी को भी ना तो बचाया जा रहा है, ना फंसाया जा रहा है, जो जिम्मेदार होगा, उस पर केस दर्ज होगा। चाहे वह कोई भी हो।

एमडी ड्रग्स के साथ कद्दू पकड़ाया

उज्जैन। माधव नगर व देवासगेट पुलिस ने दो तस्करों को पकड़कर केस दर्ज किया। माधव नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दशहरा मैदान के पीछे सुनसान रोड पर घेराबंदी करते हुए फिरोज उर्फ कद्दू पिता वाहिद निवासी आगर रोड को पकड़कर उसके पास से 5 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई। वहीं देवासगेट थाना पुलिस ने पशुपतिनाथ मंदिर परिसर हनुमान मंदिर के पास से दीपक मीणा पिता तुलसीराम निवासी कुरावर राजगढ़ को 295 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। दीपक यहां किसी को गांजे की डिलेवरी देने आया था।

रोशनी से जगमगाया दीवान-ए-खास

भोपाल। ऐतिहासिक गौहर महल मंगलवार शाम 2027 दीपों की स्वर्णिम रोशनी से जगमगा उठा। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम की ओर से आयोजित दीपोत्सव मेले में शाम 6:15 बजे एक साथ दीप प्रज्ज्वलित किए गए। दीपों की रोशनी से महल का दीवान-ए-खास अलौकिक नजर आया। आयोजन वर्ष 2026 की विदाई और नववर्ष 2027 के स्वागत को समर्पित रहा। दीपों की कतारों ने गौहर महल की प्राचीन दीवारों, मेहराबों और पारंपरिक वास्तुशिल्प की खूबसूरती को और निखार दिया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश की थीम पर विशेष रूप से दीयों को सजाया गया।



मिट्टी के दीपों की रोशनी ने भारतीय संस्कृति, स्वदेशी शिल्प और स्थानीय कारीगरों की रचनात्मकता को भी प्रदर्शित किया। दीवान-ए-खास में सजे दीपों ने परंपरा और आधुनिकता के बीच सांस्कृतिक सेतु का संदेश दिया। आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक हस्तशिल्प, माटीकला और स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देने के साथ भारतीय उत्सव परंपराओं को जीवंत बनाए रखना रहा। इस अवसर पर उप संचालक हथकरघा उमेश श्रीवास्तव, रमेश शाक्य, मिलिंद मेंडी, रंजना निनावे, आलोक भावसार, सुरेंद्र वर्मा, रमाकांत अग्रवाल और रंगोली कार्यकर्ता सुमन कोल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

शब्दजाल 8477

म	क	वि	वे	का	नं	द	ज	म	ल	त
द	आं	ल	प्रे	व	स	म्मा	ट	अ	शो	क
र	स	इ	म	दी	छ	स	आ	र्म	ख	पा
इं	स	ल	स्टी	दि	वा	स	ध	ल	श	इ
ड	अ	दो	ग	न	ज	ना	तू	ग	झ	थो
का	ली	दा	स	दि	अ	क	ब	र	घ	गो
ती	व	ल	मी	धी	प	च	जू	बा	व	र
क	एं	ऊ	गां	द	ब	क	र	ए	श	स
र	ड	त्मा	प	र्द	गी	स	री	क	प	स्तू
य	हा	ल	गै	ली	लि	यो	ऐ	ने	र	द
म	ड	ल	प	या	प	स	अ	अ	प	म

शब्दजाल में 10 विश्व विख्यात व्यक्तियों के नाम ढूंढिए। नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं।
अरस्तू, अकबर, आइंस्टीन, विवेकानंद, महात्मा गांधी, सम्राट अशोक, कालीदास, पाइथोगोरस, गैलीलियो, चरक

अंकजाल 8559

	25	23	9		37	29	17	12	
18		6				8		3	24
16	5		5		4		2		22
13		8		7		3		2	25
29	7		4		6				
				3		2		7	33
31	2		7		9		2		5
26		5		7		3		4	13
18	5		5				4		14
	15	12	31	33		6	17	21	


खाली स्थानों में 1 से 9 के अंक लिखकर दाएं से बाएं एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।

सूडोकु 7829

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें। ● पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते। ● पहेली का केवल एक ही हल है।

शब्द पहेली 8967




बाएं से दाएं

1. जी, इच्छा, चित्त-2
2. तन, बदन, देह-3
4. अग्निदग्ध-2
6. रनिवास (उर्दू-3)
7. स्नान करना-3
8. विश्राम-3
9. राजा, सम्राट-3
10. वचन, प्रतिज्ञा-3
11. तरंग, हिलोर-3
13. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
14. सही का विलोम-3
15. सद्पुरुष-2
16. पाठ, शिक्षा-3
17. कर्ता, कार्य करने वाला-3
18. इज्जत, मान, सम्मान-3
19. सब कुछ छीन लेना-2
20. भवन, प्रासाद-3
21. वजह-3
23. खेल दिखाने वाला-2
24. पेन, लेखनी-3
25. ठाठ-बाट-2


ऊपर से नीचे

1. राय, वोट, अभिप्राय-2
2. लाज, लज्जा-2
3. 500 कागजों की गड्डी -2
4. दुनिया, जगत-3
5. लेकर आना-2
6. अवैध, नाजायज-3
7. निगाह, दृष्टि-3
8. बैठने की जगह-3
9. आराम, मदद-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. लगन, जिद, उत्साह-3
12. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
14. जवान, तरुण-3
15. रिक्त जगह पूर्ण करना-3
16. दुर्बल का विलोम-3
17. वजह-3
18. पदचाप, किसी के आने की आवाज-3
19. रनिवास (उर्दू-3)
20. जी, इच्छा, चित्त-2
21. समयगति-2
22. देह, बदन-2

काकुरो 7529



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए। किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता है।



अष्टयोग 7478

	1		5		6	4
	39	6	33	4	33	
4		5	1		3	6
	36	4	28	1	29	7
6	4		5		2	
	29	1	33	6	32	2
1	7		4			3

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है। खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य है। गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी। सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है।

गणित पहेली 6879

30		60		60		4	=	26
	■		■		■		■	
20		26		30		5	=	21
	■		■		■		■	
1		25		50		45	=	30
	■		■		■		■	
45		15		20		39	=	21
=	■	=	■	=	■	=	■	=
5		24		20		15	=	14/24

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×), (/), के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो।

शब्द पहेली 8966 का हल

सा	ध	■	प	ना	ह	■	शा	न
त	र	ह	■	क	व	च	■	शा
■	ती	र	थ	■	स	प	ना	■
घ	■	म	का	न	■	ल	च	क
रा	ख	■	न	ज	र	■	ना	म
ना	र	द	■	ला	क	र	■	र
■	ल	ह	र	■	म	वा	ली	■
रा	■	न	क	ल	■	ना	प	ना
ज	रा	■	म	त	ली	■	ना	ना

सोल्यूशन

शब्दजाल - 8476 का हल

चे	क	ल	व	ग	ओ	ना	क	प	ल	क	
र	श	ल	न	व	जी	इ	द	इ	ट	कि	
त	स	व	ल	र्म	छ	पु	य	रा	ख	स	
क	ज	ज	नं	पु	अ	ड	र	ल	ले		
क	क	दो	ग	श्री	लं	का	तू	ग	झ	व	
ज	ति	श	री	ह	झ	नि	ना	ष	घ	को	
ती	आ	स	लि	या	प	ल	स	र	ला	ल	
क	ता	शे	ई	सि	ब	ते	फ	न	श	पा	
ने	बा	बे	न	व	जी	ल	वे	ग	प	कि	
द	पा	त	प	न	जी	र्त	ऐ	ते	प	स्ता	
क	अ	ब	प	ची	न	रा	बा	द	प	न	


अंकजाल 8558 का हल

■	12	23	22	28	■	10	18	25	■
22	8	9	2	3	■	5	4	9	18
22	2	7	5	8	■	5	3	8	16
22	2	7	3	4	6	■	9	3	12
■	■	■	7	2	5	7	2	5	28
36	7	8	5	6	7	3	■	■	■
10	6	4	■	5	2	5	6	3	21
19	4	7	8	■	8	5	8	6	27
18	4	6	8	■	7	5	6	7	25
■	21	25	16	■	35	25	20	16	■

सूडोकु नवताल -7828 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

काकुरो - 7528 का हल



अष्टयोग 7477 का हल

2	7	5	6	3	1	4
1	32	6	29	2	32	7
3	7	1	2	4	6	5
5	38	7	29	1	29	3
6	5	4	3	7	1	2
4	35	2	35	5	30	6
7	4	3	5	6	2	1

गणित पहेली - 6878

11	+	21	+	25	+	36	=	93
+	■	÷	■	-	■	-	■	+
86	+	1	-	20	-	25	=	42
-	■	+	■	+	■	+	■	-
95	x	2	-	90	-	20	=	80
+	■	-	■	-	■	+	■	-
71	-	23	+	20	-	67	=	3
=	■	=	■	=	■	=	■	=
73	+	0	+	75	-	98	=	52/50

संक्षिप्त

सूने घर में चोरी... दो लैपटॉप, नकदी पार

इंदौर। किशनगंज थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक, ग्राम भाटखेड़ी के अरिहंत नगर में रहने वाले सूरज नरवरिया के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे। शातिर चोर घर से दो लैपटॉप, चांदी के जेवरात, धातु की मूर्तियां और अलमारी में रखे नकदी समेटकर रफूचक्कर हो गए। परिजन जब घर लौटे तब उन्हें वारदात का पता चला और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

मोबाइल हैक कर 28 हजार रु. उड़ाए

इंदौर। अज्ञात साइबर ठगों ने एक युवक का मोबाइल हैक कर उसके बैंक खाते में सेंध लगा दी और बैठे-बिठाए 28 हजार रुपए साफ कर दिए। बिना ओटीपी शेयर किए खाते से नकदी कटने पर पीड़ित के होश उड़ गए। जीवन ज्योति कॉलोनी निवासी मनोज पांडे (28) का मोबाइल किसी संदिग्ध लिंक या रिमोट ऐप के जरिए हैक किया गया। फोन का कंट्रोल मिलते ही शातिरों ने बैंक खाते में सेंधमारी कर रकम पार कर दी। मैसेज देखते ही पीड़ित ने बैंक खाता ब्लॉक कराया और बेटमा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ आईटी एक्ट व धोखाधड़ी का केस दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

वसूली करने वाले गुंडे का निकाला जुलूस

इंदौर । ग्राम खेड़ीसिहोद में सावन और पूनम पर हफ्ता न देने को लेकर हमला करने वाले शातिर बदमाश संदीप चौहान को मानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टीआई महेंद्र मकासरे की टीम आरोपी को उसी इलाके में लेकर गई, जहां वह रंगदारी दिखाता था। पुलिस ने सरेआम उसका जुलूस निकाला और बीच सड़क उठक-बैठक लगवाई। इस दौरान कान पकड़कर आरोपी चिल्लाता रहा... 'पुलिस हमारी बाप है, हफ्ता वसूली करना पाप है।' बदमाश का तमाशा देखने के लिए सड़क पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी और पुलिस की इस कार्रवाई की सबने तारीफ की। मानपुर पुलिस अब इस मामले में फरार चल रहे संदीप के दो अन्य साथियों, भूरा और विशाल की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

जनसुनवाई में टूटे रिश्तों और उजड़े आशियानों का दर्द: 100 फरियादियों ने बयां की दास्तान

कहीं बेटे-बहू की बेरुखी से छलक पड़े बुजुर्गों के आंसू, तो कहीं खून-पसीने की कमाई निगल गए जालसाज, सीपी ने टीआई स्तर पर लापरवाही बरतने वालों को दी चेतावनी

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। थानों की चौखट नापने के बाद जब इंसाफ की उम्मीदें धुंधली पड़ने लगीं, तो शहर के दर्जनों पीड़ित अपने आंसुओं और अधूरी शिकायतों का पुलिंदा लेकर पुलिस कमिश्नर दफ्तर के सभागार में जा पहुंचे। मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई महज फाइलों का लेन-देन नहीं, बल्कि टूटे हुए सामाजिक रिश्तों, अपनों के सताए बुजुर्गों की बेबसी और भू-माफियाओं के चंगुल में फंसे आम नागरिकों की पीड़ा का मंच बन गई। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मयंक अवस्थी के सामने एक के बाद एक कुल 100 गंभीर शिकायतें टेबल पर खुलीं, तो खाकी की मैदानी कार्यप्रणाली के ढीले पेंच भी बेनकाब हो गए। कमिश्नर ने ढिलाई पर अफसरों को जमकर फटकार लगाई और कई मामलों में सीधे टीआई को फोन घुमाकर दो-टूक कह दिया... 'मुद्दे को लटकाया नहीं, नतीजे दिए जाएं।'

सभागार में पहुंचे 100 आवेदनों में सबसे बड़ा और संवेदनशील हिस्सा उन बुजुर्ग मां-बाप का था, जिन्हें अपनी ही औलाद ने उम्र के आखिरी पड़ाव पर बेसहारा छोड़ दिया या संपत्ति हड़पने के लिए घर से निकाल फेंका। इसके अलावा कई ऐसे फरियादी भी पहुंचे जिनके गाढ़े पसीने से खरीदे गए आशियाने और जमीनों पर भू-माफियाओं की नजर लग गई थी। प्लॉट और मकान के सौदे में फर्जी रजिस्ट्री कर ठगने, फाइनेंस और लोन के नाम पर लाखों रुपए डकारने, इलाज में घोर लापरवाही बरतने और स्कूल एडमिशन में धोखाधड़ी के पेचीदा मामलों ने सुनवाई में अफसरों को भी हिलाकर रख दिया। अधिकांश पीड़ितों का यही रोना था कि वे संबंधित थानों के चक्कर काट-काटकर थक चुके हैं, लेकिन वहां केवल कोरे आश्वासनों के अलावा कुछ हाथ नहीं लगा।

कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने पीड़ितों की आपबीती को बारीकी से सुना और साफ निर्देश दिए कि पारिवारिक कलह और पति-पत्नी के संवेदनशील विवादों को सीधे कोर्ट-कचहरी में उलझाने के बजाय पुलिस मध्यस्थता केंद्र भेजा जाए, जहां प्रशिक्षित काउंसलर्स के जरिए रिश्तों को टूटने से बचाया जा सके। वहीं दूसरी तरफ जमीन धोखाधड़ी, जालसाजी और आम जनता के रुपए हड़पने वाले शातिर ठगों के खिलाफ शून्य सहनशीलता का रुख अपनाते हुए कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में थानेदार टालमटोल न करें, जांच पूरी कर तुरंत एफआईआर दर्ज करें और पीड़ित को उसकी रकम वापस दिलाने के लिए कड़े कदम उठाएं।





थानों की लापरवाही पर नकेल... सीधे जांच कर रिपोर्ट तलब

जनसुनवाई के दौरान सभी जोन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। कमिश्नर ने थानों में सुनवाई न होने की शिकायतों को बेहद गंभीरता से लेते हुए मातहत अधिकारियों को साफ हिदायत दी कि जो आवेदक जनसुनवाई में पहुंचे हैं, उनका रिकॉर्ड थाने के रजिस्टर से मिलाया जाए। यदि किसी टीआई या जांच अधिकारी ने जानबूझकर मामले को दबाने या शिकायतकर्ता को भटकाने की कोशिश की होगी, तो उनके खिलाफ विभागीय जांच तय है। कमिश्नर ने आम जनता को भरोसा दिलाया कि इंदौर पुलिस नागरिकों की सुरक्षा, न्याय और सम्मान की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे पूरी प्रतिबद्धता से खड़ी है।

पिस्टल-पांच जिंदा कारतूस के साथ बदमाश अशरफ गिरफ्तार

बाइक सवार को कोतवाली पुलिस ने रंगे हाथों दबोचा

अक्षरविश्व न्यूज




इंदौर। अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में कोतवाली पुलिस ने लोडेड पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस के साथ एक शातिर बदमाश को दबोच लिया। दौलतगंज क्षेत्र में बाइक सवार संदेही की घेराबंदी कर यह जब्ती की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर सप्लायर नेटवर्क की पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली थाने के प्रधान आरक्षक पंकज सिंह को मुखबिर से बाइक सवार युवक के पास हथियार होने का पुख्ता इनपुट मिला था। घेराबंदी कर संदेही को रोका और तलाशी ली, तो कमर में खोंसी पिस्टल और 5 जिंदा राउंड बरामद हो गए। तुरंत बीट के प्रधान आरक्षक कमलेश मस्तकार को मौके पर बुलाकर संदेही को हिरासत में ले लिया गया।

पुराना जुआरी, रेस्टोरेंट जाने का बना रहा था बहाना

पकड़ा गया आरोपी चंपाबाग निवासी अशरफ पिता याकूब है। पकड़े जाने पर वह पुलिस को चकमा देने के लिए खाना खाने जाने की मनगढ़ंत कहानी बनाता रहा। जांच में सामने आया कि आरोपी पर पहले से जुआ एक्ट का केस दर्ज है। पुलिस अब रिमांड लेकर यह पता लगा रही है कि हथियार किस मकसद से और किससे खरीदा गया था।

एमडी ड्रग्स सिंडिकेट का बदमाश पकड़ाया

अक्षरविश्व न्यूज



इंदौर। क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स तस्करी नेटवर्क की अहम कड़ी मोहम्मद अरबाज उर्फ छोटू (निवासी आजाद नगर) को धरदबोचा। आरोपी पुराना हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर हत्या के प्रयास और बलवे जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। शांतिपथ रोड से 52.71 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ पकड़े गए फैजान पठान से पूछताछ में अरबाज की संलिप्तता सामने आई थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 के तहत कार्रवाई कर शहर में नशे की सप्लाई चेन खंगाल रही है।

चंडीगढ़ की महिला को वकील ने वॉट्सऐप पर दी थी भ्रामक जानकारी

वकील की गलती, सजा मुवक्किल को नहीं... निचली अदालत के आदेश निरस्त

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। वकील की लापरवाही या धोखे की सजा मुवक्किल को नहीं दी जा सकती। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने जस्टिस संदीप एन. भट्ट की एकलपीठ से फैसला सुनाते हुए चंडीगढ़ निवासी ज्योति सिंह के खिलाफ निचली अदालत द्वारा की गई एकतरफा कार्रवाई और पूर्व आदेशों को सिरे से खारिज कर दिया। कोर्ट ने साफ किया कि अपने मुवक्किल को अंधेरे में रखना पेशेवर कदाचार का गंभीर मामला है।

इंदौर के सिविल कोर्ट में चेतन लश्करी बनाम ज्योति सिंह मामले में महिला चंडीगढ़ से वॉट्सएप के जरिए अपने वकील से स्टेटस ले रही थी। वकील ने असलियत छिपाकर उसे गलत जानकारी दी और महिला की गैरहाजिरी में कोर्ट से एकतरफा आदेश हो गए। हाई कोर्ट ने दूसरे शहर में बैठी महिला के वकील पर भरोसे को बिल्कुल जायज माना और निचली अदालत को महिला को दोबारा सुनवाई का पूरा मौका देने का फरमान सुनाया।



बार काउंसिल करेगी वकील पर एक्शन

हाई कोर्ट ने वकीलों की जवाबदेही पर कड़ा रुख अपनाते हुए आदेश की प्रति 7 दिन के भीतर मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद को भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि संबंधित वकील के खिलाफ अधिवक्ता अधिनियम की धारा 35 के तहत सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सके। इसके साथ ही कोर्ट ने प्रतिवादी पर 5 हजार रुपए की कॉस्ट भी लगाई है।

दूध कारोबारी की स्कॉर्पियो चोरी, फुटेज में दिखे 4 बदमाश

इंदौर। लसुड़िया थाना क्षेत्र में शातिर चोर घर के बाहर खड़ी दूध कारोबारी की स्कॉर्पियो कार उड़ा ले गए। गाड़ी की चाबी घर के भीतर सुरक्षित रखी थी, इसके बावजूद बदमाश रात के अंधेरे में कार स्टार्ट कर रफूचक्कर हो गए। सुबह जब गाड़ी नदारद मिली, तो परिजन के होश उड़ गए। ग्राम ढाबली स्थित साईं सिटी सिंगापुर टाउनशिप निवासी चरण गुर्जर ने घर के सामने स्कॉर्पियो खड़ी की थी। तड़के करीब 4 बजे नींद खुली तो कार गायब थी, जबकि चाबी अंदर ही रखी मिली। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर हकीकत सामने आ गई। फुटेज में तीन से चार बदमाश पहुंचते और पलक झपकते ही स्कॉर्पियो चुराकर भागते साफ नजर आए। फरियादी की शिकायत पर लसुड़िया पुलिस ने केस दर्ज कर फुटेज के आधार पर चोरों की घेराबंदी शुरू कर दी है।

शादी का झांसा देकर 3 साल तक युवती का शोषण... आरोपी पर रेप का केस दर्ज

सहेली के जरिए पहचान बढ़ाई, होटलों में ले गया... पुलिस ने तलाश की तेज

अक्षरविश्व न्यूज



इंदौर। शादी का झूठा वादा कर तीन साल तक देह शोषण करने और फिर दूसरी जगह सगाई तय कर मुकरने वाले जालसाज दीपक अहिरवार पर बाणगंगा पुलिस ने दुष्कर्म का शिकंजा कस दिया है। हद तो तब हो गई जब धोखे का विरोध करने पर आरोपी ने खुदकुशी कर युवती को ही झूठे केस में फंसाने की धमकी दे डाली। पुलिस ने युवती की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है।

निजी कंपनी में कार्यरत 22 वर्षीय युवती की पहचान छह साल पहले सहकर्मी सहेली के रिश्तेदार दीपक से हुई थी। विजयनगर निवासी आरोपी ने वर्ष 2023 में शादी का प्रस्ताव देकर नजदीकी बढ़ाई। पहले भवानी नगर स्थित सहेली के घर भरोसे में लेकर संबंध बनाए और फिर कई होटलों में ले जाकर युवती का शोषण करता रहा। युवती जब भी शादी की बात आगे बढ़ाने को कहती, आरोपी परिवार से बातचीत चलने का झांसा देकर हर बार मामला टालता रहा।

सगाई कहीं और तय कर झाड़ा अपना पल्ला

बीती 2 अक्टूबर को भी आरोपी युवती के घर पहुंचा और संबंध बनाए। इसके बाद 20 अक्टूबर को फोन कर साफ कह दिया कि परिवार नहीं मान रहा और उसकी सगाई कहीं और हो चुकी है। धोखे से टूटी युवती ने जब सच्चाई परिजन को बताई, तो परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

थार सवार युवतियों की सरेआम गुंडागर्दी, बुजुर्ग गार्ड से बदसलूकी

ट्रेजर आइलैंड के पास अंबर मेघ बिल्डिंग पर काटा बवाल

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। रसूख और महंगी गाड़ी के नशे में चूर दो युवतियों ने ट्रेजर आइलैंड के पास अंबर मेघ बिल्डिंग के गेट पर जमकर तांडव मचाया। मामूली कहासुनी पर युवतियां अपने पिता की उम्र के बुजुर्ग सुरक्षा गार्ड पर टूट पड़ीं और सरेआम गालियां बकते हुए धक्कामुक्की कर डाली। व्यस्त सड़क पर करीब 10 मिनट तक चले इस ड्रामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में भारी गुस्सा है।

गेट के पास रिक्शा खड़ा होने को लेकर थार सवार युवतियों ने बुजुर्ग गार्ड पर रौब झाड़ना शुरू किया और देखते ही देखते आपा खो बैठीं। उम्र का तकाजा भूलकर युवतियां गार्ड को गालियां देने लगीं और बात हाथापाई तक पहुंच गई।



फोन के बाद भी नहीं पहुंची पुलिस, लाचार रहा गार्ड

राहगीरों के फोन करने के बावजूद तुकोगंज थाने का अमला मौके पर नहीं पहुंचा। वहीं नौकरी छिनने के डर से बेबस बुजुर्ग थाने में शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा सका। अब देखना यह है कि पुलिस वायरल वीडियो पर खुद संज्ञान लेकर इन रईसजादियों पर कार्रवाई करती है या शिकायत का बहाना बनाएगी।

नामी ब्रोकर बनकर आया कॉल... महेश नगर का गोयल धोखाधड़ी शिकार

शेयर बाजार में मोटे मुनाफे का जाल महू के कारोबारी से 22.50 लाख ठगे

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। घर बैठे शेयर बाजार से रातों-रात अमीर बनने का सपना एक कारोबारी को भारी पड़ गया। शातिर साइबर ठगों ने मीठी बातों और तगड़े रिटर्न का ऐसा मायाजाल बुना कि कारोबारी अपनी गाढ़ी कमाई की 22 लाख 50 हजार रुपए की रकम जालसाजों के खातों में लुटा बैठा। बैंक से संदिग्ध ट्रांजेक्शन का मैसेज आने के बाद जब तक होश संभाला, तब तक बैंक खाता खाली हो चुका था। महू पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

महेश नगर (धरमपुरी) निवासी कारोबारी प्रफुल गोयल (54) के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया था। कॉलर ने खुद को बड़ा इंवेस्टमेंट ब्रोकर बताते हुए शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। शुरुआत में बड़े रिटर्न का झांसा देकर आरोपी ने धीरे-धीरे प्रफुल को अपने जाल में उलझाया और अलग-अलग बैंक खातों में कुल 22.50 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए।



रकम ऐंठी... फोन बंद

पूरी रकम ऐंठने के बाद जब आरोपी ने संपर्क तोड़ा और बैंक से मैसेज आया, तो पीड़ित के पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने तुरंत बैंक खाता ब्लॉक कराया और सीधे साइबर हेल्पलाइन समेत महू थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच अधिकारी उप निरीक्षक रामेश्वर वर्मा के मुताबिक धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर साइबर सेल की मदद से बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की डिटेल खंगाली जा रही है।

हथियारों के मुख्य सप्लायर को क्राइम ब्रांच ने बड़वानी से दबोचा

ग्वालियर के तस्कर से चार पिस्टल जब्ती के बाद खुला राज

अक्षरविश्व न्यूज



इंदौर। अवैध हथियारों की तस्करी पर बड़ा प्रहार करते हुए क्राइम ब्रांच ने नेटवर्क के मुख्य सप्लायर सतवंत सिंह को बड़वानी जिले से धरदबोचा। पूर्व में गिरफ्तार तस्कर की कड़ियां जोड़ते हुए पुलिस टीम ने पलसूद में दबिश देकर इस नेटवर्क की सबसे अहम कड़ी को बेनकाब कर दिया। पुलिस अब आरोपी से हथियारों के निर्माण और खरीदारों के पूरे सिंडिकेट को लेकर पूछताछ कर रही है।

क्राइम ब्रांच ने पूर्व में रीजनल पार्क के पास घेराबंदी कर ग्वालियर निवासी राहुल जोशी को पकड़ा था, जिसके पास से 4 देशी पिस्टल और मैगजीन बरामद हुई थीं। रिमांड पर सख्ती से पूछताछ में राहुल ने कबूल किया कि हथियारों की यह खेप बड़वानी से सप्लाई की गई थी।

सुराग मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम ने बड़वानी के पलसूद में दबिश देकर 24 वर्षीय सतवंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। सतवंत ही अवैध हथियार तैयार करवाकर अलग-अलग शहरों में सप्लाई करता था। पुलिस अब शहर में खपाई गई पिछली खेपों और नेटवर्क से जुड़े अन्य मददगारों की तलाश में जुटी है।

पान मसाले की अवैध फैक्ट्री पर खाद्य विभाग मेहरबान... नहीं पहुंचे अफसर, सौदेबाजी की बू

नेमावर रोड 8 मील पर 20 मशीनों से पैकेजिंग का खुलासा... शिवसेना ने सबूतों के साथ की थी शिकायत

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। सटीक लोकेशन, 20 से ज्यादा चालू मशीनें और कई ट्रक माल... अवैध कारोबार का पूरा कच्चा-चिट्ठा हाथ में होने के बावजूद अगर खाद्य और जीएसटी महकमा आंखें मूंदकर बैठ जाए, तो मिलीभगत का अंदेशा यकीन में बदलने लगता है। नेमावर रोड के आठ मील क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रही 'शिमला पान मसाला' की अवैध पैकेजिंग यूनिट को लेकर यही खेल चल रहा है। शिकायत मिलने के चौबीस घंटे बाद भी विभागीय अमले का मौके से नदारद रहना छापे से ज्यादा कथित सौदेबाजी और 'सेटिंग' की तरफ इशारा कर रहा है।



शिवसेना के पदाधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अफसरों को मोबाइल पर इस गोरखधंधे की लोकेशन और सबूत सीधे भेजे थे। साफ बताया गया था कि परिसर में बड़े पैमाने पर कच्चा माल, तैयार मसाला और भारी मशीनरी मौजूद है, जिससे तुरंत बड़ी जब्ती हो सकती है। सरकारी अमले को मौके पर पहुंचकर सीलिंग करनी चाहिए थी, लेकिन अगले दिन तक कोई टीम नहीं पहुंची। जब इस लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारी से फोन पर पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो उन्होंने कॉल तक उठाना मुनासिब नहीं समझा। एक ही परिसर में 20 से अधिक पैकेजिंग मशीनों का दिन-रात चलना शहर के निगरानी तंत्र के मुंह पर सीधा तमाचा है। सवाल यह है कि क्या अवैध कारोबारियों की मशीनें सरकारी तंत्र से ज्यादा तेज हैं या फिर मामले को दबाने की बिसात बिछाई जा रही थी? कच्चा माल कहां से आ रहा था, टैक्स चोरी का दायरा कितना बड़ा है और किसके संरक्षण में यह अवैध यूनिट फल-फूल रही थी, यह सब जांच का विषय है। प्रशासन को अब चुप्पी तोड़कर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए, ताकि फाइलों में बंद होने के बजाय कानून का चाबुक चलता दिखे।

नकली पर सोने की पॉलिश कर असली चेन उड़ाई... फुटेज से मिली लोकेशन

नाना भाई ज्वेलर्स से ठगी करने वाली 2 शातिर महिलाएं पुलिस की गिरफ्त में

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। नकली धातु पर सोने का पानी चढ़ाकर शहर के नामी सर्राफा कारोबारी की आंखों में धूल झोंकने वाली दो शातिर महिलाओं के खेल को तुकोगंज पुलिस ने बेनकाब कर दिया है। नाना भाई ज्वेलर्स में नकली चेन थमाकर करीब दो लाख रुपए कीमत की असली सोने की चेन समेटने वाली इन महिला ठगों को पुलिस ने धरदबोचा। इनके कब्जे से तीन सोने की चेन बरामद कर ली गई हैं।

वारदात के बाद ज्वेलर्स संचालक ने जब दिए गए जेवर की पड़ताल की तो होश उड़ गए। तुकोगंज थाने में शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने दुकान और आसपास के सीसीटीवी खंगाल डाले। फुटेज और मुखबिर तंत्र के जरिए पुलिस दोनों संदिग्धों तक पहुंची और हिरासत में लेकर पूछताछ की तो जालसाजी की पूरी परतें खुल गईं। पकड़ी गई आरोपियों में एक महिला उज्जैन और दूसरी इंदौर की निवासी है।



हिरासत में लेते ही उगला सच

पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

पुलिस दोनों आरोपियों से रिमांड पर पूछताछ कर रही है ताकि यह साफ हो सके कि शहर के अन्य ज्वेलर्स को भी इसी अंदाज में चूना तो नहीं लगाया गया। गिरोह में किसी सुनार या अन्य मददगारों के शामिल होने के सुराग भी जुटाए जा रहे हैं। इस सनसनीखेज धोखाधड़ी के मद्देनजर पुलिस ने सराफा कारोबारियों के लिए एडवाइजरी जारी कर आगाह किया है कि कोई भी जेवर बदलने या खरीदने से पहले उसकी कसौटी पर पूरी जांच-परख कर लें, ताकि ऐसे शातिर ठग गिरोहों के झांसे से पूरी तरह बचा जा सके।

दीवाली पर मिठाइयां खरीदते समय सावधान! मिलावट से हो सकती है फूड पॉइजनिंग

त्योहारों की खुशी दोगुनी करने के लिए हम सभी बर्फी, लड्डू और रसगुल्ले जैसी तरह-तरह की मिठाइयां घर लाते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि इन खास मौकों पर बाजारों में भारी पैमाने पर मिलावटी मिठाइयां बेची जाती हैं, जिन्हें बनाने में साफ-सफाई का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जाता?



आपकी मिठाई में क्या-क्या मिला हो सकता है?

मुनाफे के चक्कर में दुकानदार मावा का वजन बढ़ाने के लिए उसमें स्टार्च, चावल या गेहूं का आटा, डिटर्जेंट और यहां तक कि यूरिया भी मिला देते हैं। असली घी की जगह वनस्पति, पाम ऑयल, उबले आलू या जानवरों की चर्बी धड़ल्ले से इस्तेमाल होती है। इतना ही नहीं, मिठाइयों पर लगा 99.9% शुद्ध चांदी का वर्क असल में जहरीला एल्युमिनियम फॉयल हो सकता है।

इन्हें सुंदर दिखाने के लिए मेटानिल येलो और मैलाकाइट ग्रीन जैसे रंग मिलाए जाते हैं। ये असल में कपड़े रंगने वाले खतरनाक केमिकल हैं जिनसे कैंसर का खतरा रहता है। हाल ही में, दिल्ली फूड सेफ्टी विभाग ने चांदनी चौक, नरेला, ओखला और नारायणा की मशहूर दुकानों पर छापे मारे। वहां मिठाइयों के पास खुले कूड़ेदान, कीड़े-मकोड़े, बिना हाथ धोए काम करते कर्मचारी मिले और पानी की शुद्धता की जांच रिपोर्ट भी गायब थी।

फूड पॉइजनिंग के लक्षण और इसका असर

गंदी या मिलावटी मिठाई खाने से साल्मोनेला, ई. कोलाई या नोरोवायरस जैसे कीटाणु पेट में जा सकते हैं। इसके लक्षण मिठाई खाने के कुछ घंटों से लेकर कुछ दिनों के भीतर शुरू हो सकते हैं। मरीज को पानी जैसे दस्त, पेट में ऐंठन, जी मिचलाना, बार-बार उल्टी आना, बुखार, बदन दर्द, ठंड लगना और भारी कमजोरी जैसी दिक्कतें होती हैं। हालांकि, पर्याप्त आराम करने और शरीर में पानी की कमी न होने देने से हल्के मामले 1 से 3 दिनों के अंदर अपने आप ठीक हो जाते हैं।

असली और नकली मिठाई को कैसे पहचानें?

बहुत ज्यादा चमकीले या आंखों को चुभने वाले रंग की मिठाइयां लेने से बचें, क्योंकि इनमें केमिकल वाले रंग हो सकते हैं। चांदी के वर्क की असलियत जानने के लिए उसे उंगलियों के बीच रगड़ें या आग दिखाएं। असली चांदी टूटकर घुल जाती है, जबकि एल्युमिनियम का वर्क वैसा ही रहता है या काला पड़ जाता है।

अगर मिठाई से खट्टी, अजीब महक आ रही हो या उसमें फफूंद नजर आए, तो उसे बिल्कुल न खाएं। हमेशा एफएसएसएआई का लाइसेंस देखकर ही मिठाइयां खरीदें और पैकिंग पर बनने व खराब होने की तारीख जरूर पढ़ें। अगर आपको कोई मिठाई मिलावटी लगती है, तो आप नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन या एफएसएसएआई के 'फूड सेफ्टी कनेक्ट' ऐप पर सीधे शिकायत कर सकते हैं।

डॉक्टर के पास जाना कब जरूरी है?

अगर आपको या किसी अपने को नीचे दिए गए गंभीर लक्षण दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें:

- उल्टी या मल में खून आना।
- तेज बुखार होना (बच्चों में 102°F/38.9°C और बड़ों में 103°F/39.4°C से ज्यादा)।
- लगातार इतनी उल्टियां होना कि पेट में पानी भी न टिक पाए।
- डिहाइड्रेशन या पानी की भारी कमी होना (जैसे पेशाब न आना, भयंकर प्यास लगना, मुंह सूखना या खड़े होने पर चक्कर आना)।
- नसों से जुड़ी दिक्कतें (जैसे धुंधला या दो-दो दिखना, मांसपेशियों में कमजोरी, झुनझुनी होना, बोलने या निगलने में परेशानी)।
- अगर दस्त 3 दिनों से ज्यादा समय तक जारी रहें और कोई सुधार न हो।

सेहत का खजाना हैं स्प्राउट्स रोज खाने से मजबूत होगी इम्युनिटी और पाचन तंत्र

हेल्थ मंत्र

छोटे-छोटे अंकुरित अनाज और दालें खाने में टेस्टी होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होती हैं। इसलिए हेल्थ कॉन्शियश लोग इन्हें अपनी डाइट में जरूर शामिल करते हैं। इन्हें रोजाना खाने से शरीर को प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स आसानी से मिल जाता है। रोजाना स्प्राउट्स को अपनी डाइट में शामिल करने से सेहत से जुड़ी कई समस्याएं भी हमसे दूर रहती हैं। आइए जानें अगर आप अपनी डाइट में रोजाना स्प्राउट्स शामिल करते हैं, तो आपको क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।



रोज स्प्राउट्स खाने के फायदे

- **डाइजेशन और मेटाबॉलिज्म में मददगार-** स्प्राउट्स में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जो आपके डाइजेशन को मजबूत बनाती है। इससे कब्ज और अन्य डाइजेशन संबंधी प्रॉब्लम्स में राहत मिलती है। साथ ही, यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, जिससे शरीर आसानी से कैलोरी और पोषक तत्वों को अब्जॉर्ब कर पाता है।
- **इम्युनिटी बढ़ाते हैं-** स्प्राउट्स में एंटीऑक्सिडेंट्स और विटामिन-सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर को बीमारियों से लड़ने में मदद करता हैं और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है। नियमित रूप से इन्हें खाने से आप दिनभर एनर्जेटिक महसूस करते हैं और थकान भी कम होती है।
- **प्रोटीन का बेस्ट सोर्स-** स्प्राउट्स में प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है। यह मसल्स बनाने, शरीर की रिकवरी और लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद करता है। जिम जाने वाले या वर्कआउट करने वाले लोगों के लिए स्प्राउट्स एक नेचुरल और हेल्दी प्रोटीन सोर्स है।
- **वजन नियंत्रण और दिल की सेहत-** स्प्राउट्स खाने से भूख नियंत्रित रहती है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है। साथ ही, यह हार्ट हेल्थ के लिए भी फायदेमंद हैं। इनमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइबर ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।
- **त्वचा और बालों के लिए लाभकारी-** स्प्राउट्स में विटामिन-ई और मिनरल्स होते हैं, जो स्किन को ग्लोइंग बनाते हैं और बालों को मजबूत बनाते हैं। रोजाना सेवन से आपकी स्किन हेल्दी रहती है और बाल शाइनी बनते हैं।

बंद नाक, छींकें और आंखों में खुजली... नवंबर आते ही क्यों परेशान करती है 'विंटर एलर्जी'

नवंबर में मौसम के करवट लेते ही कई लोग लगातार छींकें, बंद नाक और आंखों में खुजली की समस्या से जूझते नजर आते हैं। अगर आजकल आपके दिन की शुरुआत भी कुछ ऐसे हो रही है, तो जान लें कि यह 'विंटर एलर्जी' का अलार्म हो सकता है।

जी हां, यूं तो छींकना हमारे शरीर का एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच है, लेकिन सर्दियों में बार-बार छींक आना, नाक बहना और खांसी-जुकाम हमें बेहाल कर देते हैं। आइए आसान भाषा में समझते हैं कि सर्दियों में यह एलर्जी क्यों होती है और इससे कैसे बचा जा सकता है।



सर्दियों में एलर्जी के दो सबसे बड़े कारण

1 हवा में घुला स्मॉग और खतरनाक पीएम 2.5

भारत में सर्दियां आते ही स्मॉग काफी बढ़ जाता है। इस वजह से हवा में पीएम 2.5 का स्तर खतरनाक रूप से ऊपर चला जाता है। ये कण कितने छोटे होते हैं, इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि इंसान के बाल की मोटाई 70 माइक्रोमीटर होती है, जबकि ये कण सिर्फ 2.5 माइक्रोमीटर के होते हैं। इतने छोटे होने के कारण ये हमारी नाक से होते हुए बहुत आसानी से सीधे फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं।

2 बदलता तापमान और घर के अंदर छिपे दुश्मन

हम अक्सर कमरा गर्म करने के लिए हीटर चलाते हैं, जिससे घर के अंदर और बाहर के तापमान में बहुत बड़ा अंतर आ जाता है। इसके अलावा, सर्दियों में हम अपना ज्यादातर वक्त घर के अंदर ही बिताते हैं। ऐसे में घर के अंदर मौजूद धूल, छोटे कीटाणु, कॉकरोच और फफूंद के संपर्क में आने से छींक, खांसी और नाक बहने की समस्या तेजी से बढ़ती है।

विंटर एलर्जी से बचने के तरीके

- **सफाई पर दें खास ध्यान:** धूल और छोटे कीड़ों को खत्म करने के लिए नियमित रूप से वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल करें। मोटे कालीन, भारी पर्दों और सोफे की अच्छी तरह सफाई करें।
- **रद्दी हटा दें:** पुराने अखबारों और बेकार कागजों के ढेर घर में न रखें, क्योंकि इनमें धूल बहुत जल्दी जमा होती है।
- **फिल्टर साफ रखें:** अपने रूम हीटर और एयर प्यूरीफायर के फिल्टर को नियमित रूप से साफ करते रहें।
- **फंगस से बचें:** बाथरूम या घर की दीवारों पर फफूंद बिल्कुल न जमने दें। जरूरत पड़े तो इसे हटाने के लिए किसी विशेषज्ञ की मदद लें।
- **पालतू जानवरों से दूरी:** अगर आपको पालतू जानवरों से एलर्जी होती है, तो उनके साथ बहुत ज्यादा नजदीकी संपर्क में आने से बचें।
- **खानपान और वैक्सीन:** सेहतमंद खाना खाएं। अपने डॉक्टर की सलाह लेकर फ्लू और निमोनिया से बचाव का टीका जरूर लगवाएं।

किसे होता है इसका सबसे ज्यादा खतरा?

जिन लोगों को पहले से एलर्जी की शिकायत रहती है, सर्दियों में उनकी परेशानी ज्यादा बढ़ सकती है। ऐसे लोगों के शरीर में ईसिनोफिल या IgE का स्तर बढ़ सकता है, जिससे आगे चलकर अस्थमा और एलर्जिक राइनाइटिस जैसी बीमारियों का खतरा पैदा हो जाता है। कई बार एलर्जी की यह समस्या माता-पिता से भी जेनेटिक रूप में मिलती है। इसके अलावा, पालतू जानवरों के संपर्क में रहने वाले कुछ लोगों की एलर्जी भी सर्दियों में बढ़ सकती है।



घर के अंदर ही वर्कआउट से भगाएं आलस और शरीर को रखें एक्टिव

सर्दियों का मौसम धीरे-धीरे आने लगा है। हवा में ठंडक घुलने की वजह से सुबह जल्दी उठना, बाहर टहलना या जिम जाना मुश्किल काम लगने लगता है। ऐसे में वजन बढ़ना, मसल्स में जकड़न, सुस्ती और एनर्जी की कमी एक कॉमन प्रॉब्लम बन जाती है।

अगर इस मौसम में शरीर को टोन और फिट बनाए रखना है, तो कुछ आसान, लेकिन नियमित एक्सरसाइज अपनाकर आप घर पर ही शरीर को शेप में रख सकते हैं और सर्दियों में भी खुद को एक्टिव महसूस कर सकते हैं।

- **स्क्वैट्स:** स्क्वैट्स लोअर बॉडी टोनिंग के लिए बेहद फायदेमंद एक्सरसाइज है। इससे जांघ, हिप्स और पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। सर्दियों में ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो जाता है, ऐसे में स्क्वैट्स शरीर में गर्माहट पैदा कर एक्टिवनेस बढ़ाते हैं।
- **पुश-अप्स:** पुश-अप्स अपर बॉडी को टोन करने के लिए सबसे आसान और असरदार एक्सरसाइज मानी जाती है। इससे चेस्ट, कंधे, बाजू और कोर मसल्स मजबूत होते हैं। ठंड के मौसम में मसल्स सुस्त हो जाती हैं, ऐसे में पुश-अप्स शरीर को एनर्जी देते हैं और स्टैमिना बढ़ाते हैं।
- **प्लैंक:** अगर आप पेट की चर्बी कम करना चाहते हैं और कोर स्ट्रेंथ बढ़ाना चाहते हैं तो प्लैंक बेस्ट ऑप्शन है। यह पेट, कमर और पीठ की मसल्स को मजबूत बनाता है। सर्दियों में पेट के आसपास फैट जल्दी जमा होता है, जिसे कंट्रोल करने में प्लैंक मददगार है।
- **जंपिंग जैक्स:** जंपिंग जैक्स एक कार्डियो एक्सरसाइज है, जो पूरे शरीर को एक्टिव करती है। इससे कैलोरी तेजी से बर्न होती है और शरीर में गर्माहट आती है, जो सर्दियों में बहुत जरूरी होती है। यह हार्ट हेल्थ को भी बेहतर बनाती है।

हर चीज के लिए वक्त, खुद के सुकून के लिए नहीं! आधुनिक जीवनशैली में बढ़ रहा तनाव



आज की तेज रफ्तार जिंदगी में इंसान के पास हर चीज के लिए समय है, लेकिन खुद के लिए सुकून के कुछ पल नहीं हैं। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक काम का दबाव, करियर की चिंता, आर्थिक परेशानियां, पारिवारिक जिम्मेदारियां और सोशल मीडिया की दुनिया लोगों की मानसिक शांति को प्रभावित कर रही है। यही वजह है कि तनाव आधुनिक जीवनशैली का एक अहम हिस्सा बनता जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय तनाव जागरूकता सप्ताह हमें याद दिलाता है कि मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज करना कितना भारी पड़ सकता है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर आधुनिक जीवनशैली में इंसान अपना सुकून क्यों खो रहा है?

तनाव बढ़ने की प्रमुख वजहें

1. **काम का बढ़ता दबाव:** ऑफिस में लगातार काम, टारगेट पूरा करने की चिंता, समय सीमा और नौकरी की असुरक्षा लोगों में मानसिक दबाव बढ़ा सकती है। कई बार काम का तनाव घर तक पहुंच जाता है, जिससे निजी जिंदगी भी प्रभावित होती है।
2. **सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया:** सोशल मीडिया पर दूसरों की सफलता, लाइफस्टाइल और उपलब्धियां देखकर लोग अपनी जिंदगी की तुलना करने लगते हैं। लगातार नोटिफिकेशन, स्क्रीन टाइम और ऑनलाइन रहने की आदत भी मानसिक थकान बढ़ा सकती है।
3. **आर्थिक परेशानियां:** महंगाई, ईएमआई, बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च और भविष्य की आर्थिक सुरक्षा की चिंता तनाव का कारण बन सकती है।
4. **नींद की कमी और अनियमित दिनचर्या:** देर रात तक मोबाइल चलाना, पर्याप्त नींद नहीं लेना और शारीरिक गतिविधियों की कमी मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है।
5. **परिवार और रिश्तों की जिम्मेदारियां:** परिवार की अपेक्षाएं, रिश्तों में मतभेद और जिम्मेदारियों का बढ़ता बोझ भी व्यक्ति के मानसिक सुकून को प्रभावित करता है।
6. **भविष्य और करियर की चिंता:** युवाओं में नौकरी, प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर और बेहतर भविष्य को लेकर अनिश्चितता तनाव बढ़ाने वाली वजहों में शामिल है।

रिसर्च: जंक फूड देखकर बच्चों का दिमाग हो रहा एक्टिव, एक साल में तेजी से बढ़ सकती है चर्बी

स्कूल के बाद चिप्स का एक पैकेट खा लेना या शाम को स्नैक्स में बिस्कुट खाना या कभी-कभी बर्गर खा लेना बहुत आम बात लगती है। लेकिन एक नई रिसर्च आपको इस बारे में सोचने पर मजबूर कर देगी। हाल ही में हुई एक स्टडी के मुताबिक, अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स खाने को देखकर बच्चों का दिमाग रिएक्ट कर रहा है।

जी हां, आमतौर पर हम प्रोसेस्ड फूड्स को सिर्फ मोटापे से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इस स्टडी में इसका दिमाग से भी कनेक्शन जोड़ा गया है। साथ ही, अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने वाले बच्चों में आने वाले एक साल में चर्बी भी तेजी से बढ़ सकती है।



क्या कहती है नई रिसर्च?

इस महीने जामा नेटवर्क ओपन में छपी रिपोर्ट में 46 ऐसे बच्चों पर स्टडी की गई, जो शुरुआत में पूरी तरह स्वस्थ वजन के थे। रिसर्च में सामने आया कि जिन बच्चों की डेली डाइट में प्रोसेस्ड फूड्स की मात्रा ज्यादा थी, जब उन्हें कुकीज और फ्रेंच फ्राइज जैसी लजीज चीजें दिखाई गईं, तो उनके दिमाग का रिवॉर्ड, मोटिवेशन और आदतों से जुड़ा हिस्सा ज्यादा एक्टिव हो गया। दिमाग के इस तेज रिएक्शन के कारण अगले एक साल में उन बच्चों में बीएमआई और बॉडी फैट में ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई। इतना ही नहीं, जो बच्चे ज्यादा प्रोसेस्ड फूड खाते थे, उनकी कमर का साइज भी बढ़ा हुआ पाया गया।

क्या बच्चों के दिमाग को बदल रहा है जंक फूड

इन नतीजों ने बचपन के मोटापे को लेकर नई चिंताएं खड़ी कर दी हैं। इस स्टडी से एक सवाल ये भी सामने आ रहा है कि बच्चों का दिमाग खाने पर जिस तरह से रिएक्ट करता है, क्या वो ही वजन बढ़ने की मुख्य वजह है?

एक्सपर्ट्स का मानना है कि लगातार इस तरह का खाना खाने से बच्चों में हैबिचुअल ईटिंग यानी खाने की आदत को बढ़ावा मिल सकता है। हालांकि, इस स्टडी से ये साबित नहीं होता कि बच्चे खाने के एडिक्ट हो चुके हैं या जंक फूड सीधे तौर पर उनके दिमाग में कोई बदलाव कर रहा है।

सिर्फ चीनी नहीं है जिम्मेदार



रिसर्च में ये भी देखा गया कि इस पूरी प्रक्रिया के लिए सिर्फ चीनी जिम्मेदार नहीं है। कई प्रोसेस्ड फूड्स में फैट्स और कार्बोहाइड्रेट का मेल होता है, जो दिमाग में एक रिवॉर्ड रिएक्शन पैदा करता है।

हालांकि, जब रिसर्चर्स ने ऐडेड शुगर की मात्रा को ध्यान में रखकर जांच की, तो प्रोसेस्ड फूड और दिमाग के रिएक्शन के बीच का कनेक्शन थोड़ा कमजोर हो गया। इससे संकेत मिलता है कि इसके पीछे और भी कई फैक्टर्स जिम्मेदार हो सकते हैं।

ऐतिहासिक: इतालवी ड्राइवर ने 20 साल की उम्र में खिताब अपने नाम किया, सेबस्टियन वेटेल का 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, सत्र में चार रेस अभी शेष हैं पर किमी ने ट्रॉफी तय कर ली

किमी एंटोनेली फॉर्मूला-1 के सबसे युवा विश्व चैंपियन बने

मेक्सिको सिटी, एजेंसी। मर्सिडीज के 20 वर्षीय युवा सनसनी किमी एंटोनेली ने फॉर्मूला-1 (एफ1) इतिहास के पन्नों में अपना नाम हमेशा के लिए दर्ज करा दिया है। वह रविवार रात मेक्सिको सिटी ग्रां प्री में तीसरे स्थान पर रहने के बावजूद एफ-1 इतिहास के सबसे युवा विश्व चैंपियन बन गए हैं।

उन्होंने सत्र में चार रेस बाकी रहते हुए ही अजेय बढ़त बनाकर यह ऐतिहासिक खिताब अपने नाम किया। एंटोनेली ने सेबस्टियन वेटेल का 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2010 में 23 वर्ष की उम्र में खिताब जीता था। इसके अलावा वह अल्बर्टो अस्करी (1953) के बाद विश्व खिताब जीतने वाले पहले इतालवी ड्राइवर भी बन गए हैं। एंटोनेली के साथ उनके माता-पिता और छोटी बहन भी मौजूद थीं।

भावुक एंटोनेली ने फिनिश लाइन पार करते ही कहा, हमने कर दिखाया। जब आप इतनी मेहनत करते हैं और परिवार के सामने यह मुकाम हासिल होता है, तो यह बेहद खास अहसास होता है। रेड बुल के मैक्स वर्स्टापेन ने मेक्सिको में अपनी छठी जीत दर्ज की, जबकि फेरारी के लुईस हैमिल्टन दूसरे स्थान पर रहे।



टायरों के ढेर में छिपकर देखने गए थे रेस

बात 2014 की है। जर्मन ग्रां प्री के दौरान सात वर्षीय एंटोनेली एफ-1 के पैडॉक यानी वहां जाना चाहते थे, जहां दिग्गज ड्राइवर और टीमें होती हैं। पर उनके पास अनुमति नहीं थी। तब उनके पिता मार्को, जो खुद रेसिंग ड्राइवर थे, ने तरकीब निकाली। उन्होंने बेटे को टायरों के ढेर में छिपा दिया और ऊपर से छाता लगा दिया ताकि किसी को शक न हो।

ग्रैंड स्लैम भी किया पूरा

फॉर्म्युला-1 में ग्रैंड स्लैम तब हासिल होता है जब कोई ड्राइवर पोल पोजिशन से शुरुआत करे, रेस का सबसे तेज लैप लगाए, शुरुआत से अंत तक बढ़त बनाए रखे और जीत भी दर्ज करे। खेल के लंबे इतिहास में अब तक केवल 29 ड्राइवर यह उपलब्धि हासिल कर पाए है।

पहली परीक्षा में ही दुर्घटना

एंटोनेली का एफ-1 में आगाज भी आसान नहीं रहा। 2024 में मोंजा में पहली अभ्यास रेस के दौरान ही उनकी कार बैरियर से टकरा गई। अगले साल 18 वर्ष की उम्र में एफ-1 में पदार्पण किया तो कई गलतियों के कारण आलोचनाएं झेलनी पड़ीं। टीम प्रमुख टोटो वोल्फ भी उनके प्रदर्शन से निराश थे।

जब फेरारी ने गंवा दिया 'हीरा'

एंटोनेली बचपन से ही गो-कार्टिंग में प्रतिभा दिखाने लगे थे। 11 साल की उम्र में फेरारी की नजर उन पर पड़ी, लेकिन इतनी कम उम्र के खिलाड़ी पर दांव लगाने से टीम हिचक गई। मर्सिडीज ने यह मौका लपक लिया और उन्हें अपने युवा ड्राइवर कार्यक्रम में शामिल कर लिया। इसके बाद एंटोनेली ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

चार टर्निंग पॉइंट्स

चीन में पहली जीत
एंटोनेली ने लुईस हैमिल्टन को पछाड़कर पहली जीत दर्ज की और एफ 1 इतिहास के दूसरे सबसे युवा विजेता बने।

लगातार पांच जीत
चीन के बाद लगातार पांच रेस जीतकर अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचे। कनाडा में टीम साथी जॉर्ज रसेल से रोमांचक मुकाबला हुआ।

हार नहीं मानी
ब्रिटिश ग्रां प्री में कार क्षतिग्रस्त होने के बावजूद रेस नहीं छोड़ी। अंक नहीं मिले, लेकिन जुझारूपन दिखाया।

ऐतिहासिक जीत
इटली ग्रां प्री में 19वें स्थान से शुरुआत कर विजेता बने। 60 साल बाद किसी इतालवी ड्राइवर ने घरेलू रेस जीती।

एपीएल : शंकर, भरत, आमेर ड्रॉफ्ट में शामिल

लंदन। भारतीय क्रिकेटर विजय शंकर, केएस भरत और इंग्लैंड में रह रहे पाक के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद आमेर ने दुबई में होने वाले अफगानिस्तान प्रीमियर लीग (एपीएल) के ड्राफ्ट के लिए पंजीकरण कराया है। आमेर ने ब्रिटिश नागरिकता ले ली है। हालांकि, ड्राफ्ट रजिस्टर में उन्हें इंग्लैंड में रहने वाले पाक नागरिक के रूप में दिखाया गया है। उन्हें 'प्लैटिनम' कैटेगरी में रखा गया है। भारत के विजय शंकर और केएस भरत ने भी पंजीकरण कराया है।

जम्मू ने बधिर राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप जीती

सूरत। जम्मू कश्मीर ने फाइनल में राजस्थान को हराकर बधिरों की आईडीसीए टी-20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब जीता। इसमें 14 राज्यों की टीमों ने भाग लिया था। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) बधिर क्रिकेटरों के लिए खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों को अधिक मान्यता दिलाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। आईडीसीए का नए क्षेत्रों तक पहुंचने और बधिर क्रिकेट को पहचान दिलाने का लक्ष्य है।

राइजिंग स्टार्स एशिया कप में तिलक को कमान

नई दिल्ली। अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी को 19 से दोहा में होने वाले एशियाई क्रिकेट परिषद पुरुष राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए सोमवार को 15 सदस्यीय भारत ए टीम में शामिल किया गया। भारत ए ग्रुप बी में पाकिस्तान ए, नेपाल और यूएई के साथ है। ग्रुप ए में बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए, अफगानिस्तान ए और हांगकांग हैं। भारत 20 नवंबर को नेपाल, 22 पाक और 24 नवंबर को यूएई से खेलेगा। **टीम:** अभिषेक, वैभव, प्रभसिमरन, तिलक वर्मा (कप्तान), रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, कुमार कुशाग्र, सूर्यांश शेडगे, शाहबाज अहमद, विपरज निगम, हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, हर्षित राणा, प्रिंस यादव और अरशद खान।

हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को रौंदा

जालंधर, एजेंसी। पांच बार की चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय क्रम जारी है। उसने राउंड रॉबिन चरण के अपने आखिरी और पांचवें मैच में सोमवार को दक्षिण कोरिया को 8-0 से रौंद दिया। जापान ने उससे पहले मलेशिया को 2-1 से हराया जबकि चीन और बांग्लादेश मैच 1-1 से ड्रॉ रहा।

विजयी पंच : भारत ने पांच मैचों में पांच जीत के साथ पूरे 15 अंक हासिल कर तालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया। भारत के लिए दिलप्रीत सिंह ने आठवें और 40वें मिनट में गोल किए। जुगराज सिंह (11वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत (15वें मिनट), शिलानंद लकड़ा (33वें मिनट), सुखजीत सिंह (34वें मिनट), संजय (36वें मिनट) और अंगद बीर सिंह (60वें मिनट) ने गोल दागे। भारत को आठ पेनाल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से तीन पर गोल हुए।



चोटिल अभिषेक का खेलना संदिग्ध

भारतीय टीम के स्ट्राइकर अभिषेक का बुधवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल में खेलना संदिग्ध है। अभ्यास के दौरान टखने में लगी चोट से वह अब तक पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने सोमवार को कहा, अभी हम कुछ निश्चित तौर पर नहीं कह सकते। हम अभिषेक की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। अगर हम उन्हें खिलाते हैं तो उनकी चोट और बढ़ सकती है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अभिषेक की वापसी की उम्मीद जताते हुए कहा, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है पर मुझे लगता है कि वह वापसी कर लेंगे।

ज्वेरेव पहली बार बने दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी

लंदन। जर्मनी के टेनिस स्टार अलेक्जेंडर ज्वेरेव पहली बार एटीपी विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। 29 वर्षीय ज्वेरेव ने इस सत्र में फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के खिताब हासिल किए थे। वह विम्बलडन के फाइनल के साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंचे थे। ज्वेरेव नंबर एक बनने वाले 30वें पुरुष खिलाड़ी हैं।

एथलीट आयोग चुनाव में 10 दावेदार, श्रीकांत हटे

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन स्टार किदांबी श्रीकांत ने भारतीय ओलंपिक संघ के एथलीट आयोग के चुनाव से उम्मीदवारी वापस ले ली। अब नौ सदस्यों के चुनाव के लिए 10 उम्मीदवार मैदान में हैं। पीवी सिंधु और मीराबाई चानू प्रमुख दावेदारों में हैं। मतदान मंगलवार को ऑनलाइन होगा।

ऋषभ पंत फिट होने के बाद सीधे टेस्ट टीम से जुड़ेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के न्यूजीलैंड ए के खिलाफ 7 से 10 नवंबर तक लिंकन में होने वाले तीसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलने की संभावना नहीं है। पिछले महीने श्रीनगर में ईरानी कप मैच के दौरान साइड स्ट्रेन की चोट के कारण उन्हें अभी फिट घोषित नहीं किया गया है।

पंत बैंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। भारतीय टीम से जुड़ने के लिए उन्हें 9 नवंबर को अनिवार्य फिटनेस परीक्षण पास करना होगा। 28 वर्षीय पंत कुछ दिनों में दूसरा फिटनेस टेस्ट पास करने पर सीधे वेलिंगटन में टेस्ट टीम से जुड़ सकते हैं। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, पंत के तीसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलने की संभावना बहुत कम है। टीम प्रबंधन उन्हें उबरने के लिए कुछ और दिन देना चाहेगा, जिससे वह टेस्ट सीरीज के लिए टीम से जुड़ सकें और वेलिंगटन में अभ्यास कर सकें।



मैं इतनी मेहनत क्यों करूं : सरफराज

मुंबई। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छे प्रदर्शन और फिटनेस में सुधार के बावजूद भारतीय टीम में वापसी का मौका नहीं मिलने से मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान निराश हैं। उन्होंने सोमवार को कहा, मैं हर सुबह खुद से पूछता हूं कि आखिर मुझे इतनी मेहनत क्यों करनी चाहिए? रेलवे के खिलाफ रणजी मैच के पहले दिन 55 रन बनाने वाले सरफराज ने कहा, कभी-कभी मन में सवाल उठता है पर जब मैं पिता को मेहनत करते देखता हूं तो सोचता हूं कि ठीक है, मैं मैदान पर जाऊंगा और उनके लिए रन बनाऊंगा। फरवरी 2024 में टेस्ट पदार्पण करने वाले सरफराज ने आखिरी टेस्ट अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था।

सेंथिल कुमार चेक ओपन स्क्वॉश के फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वॉश खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार पीएसए चेक ओपन के फाइनल में पहुंच गए हैं। सेंथिलकुमार ने सेमीफाइनल में फ्रांसीसी खिलाड़ी ऑगस्टे डुसॉर्ड को 11-7, 12-10, 11-1 से हराया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर में अर्जेंटीना के आठवीं वरीय जेरेमियास अजाना को मात दी।

एंटरटेनमेंट मेरे बारे में इतना मत सोचना... दिल में आता हूं... समझ में नहीं- सलमान खान

नोरा को कोर्ट की फटकार

200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में नहीं हुईं पेश



बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही को ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने फटकार लगाई है। सोमवार, 2 नवंबर 2026 को उन्हें गवाह के तौर पर अदालत में पेश होना था, लेकिन समन जारी होने के बावजूद वह कोर्ट नहीं पहुंचीं। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उनका रवैया ठीक नहीं है और कोर्ट को हल्के में न लें।

दरअसल, इस मामले में नोरा फतेही को बतौर गवाह अदालत में पेश होकर अपना बयान दर्ज कराना था। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि उन्हें समन भेजा गया था, लेकिन उनकी पेशी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। वहीं, नोरा के वकील ने उनकी पेशी से छूट देने के लिए आवेदन दाखिल किया।

वकील की इस मांग पर स्पेशल जज गगनदीप सिंह ने नाराजगी जाहिर की। अदालत ने नोरा को नया समन जारी करते हुए 6 नवंबर को पेश होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि वह इस मामले में गवाह हैं और उन्हें अदालत में मौजूद होना चाहिए था। साथ ही स्पष्ट किया कि अदालत को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

इंडो-रशियन फिल्म से सैयामी खेर का इंटरनेशनल डेब्यू



अभिनेत्री सैयामी खेर जल्द ही इंडो-रशियन ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में डेब्यू करेंगी। फिल्म की शूटिंग रूस की राजधानी मॉस्को में हुई है। सैयामी ने इसे अपने करियर का नया और यादगार अनुभव बताया।

अभिनेत्री के मुताबिक, विदेशी क्रू के साथ काम करना उनके लिए काफी अलग और सीखने वाला अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि अलग-अलग संस्कृतियों के कलाकारों के साथ काम करने से कहानी कहने का नया नजरिया मिलता है। भाषा की सीमाओं के बावजूद सिनेमा लोगों को जोड़ने का काम करता है। फिल्म की कहानी को फिलहाल गोपनीय रखा गया है। इससे पहले सैयामी खेर फिल्म हैवान में नजर आई थीं, जिसका निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था।

अमिताभ बच्चन मीडिया पर भड़के

बोले- शब्दों का गलत इस्तेमाल कर अपमान करते हैं

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन सोमवार को मीडिया की एक खबर पर नाराज हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि उनके लिखे शब्दों को गलत तरीके से पेश कर उनका अपमान किया जा रहा है। बिग बी ने अपने 5 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स का जिक्र करते हुए चेतावनी भी दी कि अगर उन्होंने इशारा कर दिया तो उनके फॉलोअर्स जवाब देने के लिए तैयार हैं।

अमिताभ बच्चन ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा कि उन्होंने भगवान कृष्ण के लिए प्रार्थना के रूप में एक पंक्ति लिखी थी- हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। लेकिन एक न्यूज वेबसाइट ने इसे धमकियों से जोड़कर पेश किया। उन्होंने मीडिया पर अपने प्रचार के लिए उनके शब्दों का गलत अर्थ निकालने का आरोप लगाया।

बिग बी ने लिखा कि उनके फॉलोअर्स की संख्या 5 करोड़ से ज्यादा है। इनमें से केवल 10 प्रतिशत लोग भी उनके एक इशारे पर जवाब देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उनके फॉलोअर्स के पास आलोचना करने वालों की तुलना में 100 गुना अधिक क्षमता है। इससे पहले 30 अक्टूबर को अमिताभ ने एक न्यूज वेबसाइट की हेडलाइन पर भी नाराजगी जताई थी। उन्होंने लिखा कि मीडिया उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहा है। उन्होंने खुद को देश का पांचवां स्तंभ बताते हुए कहा कि कलाकारों को भी समाज में सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनसे कोई गलती होती है तो वे तुरंत माफी मांगते हैं और सुधार करने की कोशिश करते हैं, लेकिन किसी को उनकी पीड़ा का मजाक बनाने का अधिकार नहीं है।



बुलेटप्रूफ ग्लास की आड़ में पहुंचे फैंस से मिलने

अमिताभ बच्चन हर रविवार की तरह इस रविवार भी अपने घर जलसा के बाहर फैंस से मिलने पहुंचे। हालांकि, जान से मारने की धमकियों और लॉरेंस गैंग के निशाने पर होने की खबरों के बाद उन्हें बुलेटप्रूफ शील्ड की आड़ में खड़ा किया गया। इस दौरान उनके बेटे अभिषेक बच्चन भी उनके साथ मौजूद रहे और हर गतिविधि पर नजर रखे हुए थे।

बम से उड़ाने की धमकी के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा

अमिताभ बच्चन के घर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने जलसा के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। रविवार को भी पुलिसकर्मी बैरिकेड्स के पास मुस्तैद रहे और भीड़ पर लगातार नजर रखी।

तबीयत ठीक नहीं, डॉक्टरों ने दी थी आराम की सलाह

अमिताभ बच्चन ने हाल ही में अपने ब्लॉग में बताया था कि उन्हें आराम की जरूरत है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिनों तक आराम करने और सेहत पर ध्यान देने की सलाह दी है। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर भी अपनी सेहत की जानकारी देते हुए कहा था कि शरीर को पूरी तरह ठीक होने के लिए और समय देना होगा। इसके बावजूद उन्होंने रविवार को फैंस से मिलने की अपनी परंपरा जारी रखी।

विज्ञापन के एक होर्डिंग ने बदल दी कृति खरबंदा की किस्मत

मशहूर अभिनेत्री कृति खरबंदा आज फिल्म इंडस्ट्री का जाना-पहचाना नाम हैं, लेकिन उनका अभिनेत्री बनने का कोई सपना नहीं था और न ही उनका फिल्मी परिवार से ताल्लुक था। चेन्नई की एक सड़क पर लगे विज्ञापन होर्डिंग ने उनकी किस्मत बदल दी। होर्डिंग पर लगी उनकी तस्वीर देखकर एक फिल्म निर्देशक ने उन्हें अपनी फिल्म के लिए चुन लिया और यहीं से उनके अभिनय करियर की शुरुआत हुई।

कृति का जन्म 29 अक्टूबर 1990 को दिल्ली में हुआ था। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने ज्वेलरी डिजाइनिंग में डिप्लोमा किया। उन्हें मॉडलिंग का शौक था और बचपन में कुछ विज्ञापनों में भी काम कर चुकी थीं।


दरअसल, चेन्नई में एक सुपरमार्केट के विज्ञापन होर्डिंग पर उनकी तस्वीर देखकर तेलुगु फिल्म निर्देशक राज पिपल्ला ने उनसे संपर्क किया। उस समय वह अपनी फिल्म के लिए नए चेहरे की तलाश कर रहे थे। करीब 150 लड़कियों के ऑडिशन के बाद कृति का चयन हुआ। परिवार की सहमति से उन्होंने साल 2009 में तेलुगु फिल्म बोनी से अभिनय की शुरुआत की।

इसके बाद 2010 में कन्नड़ फिल्म चिरू और 2013 में गूगली में नजर आईं। गूगली उनके करियर का अहम मोड़ साबित हुई। साउथ सिनेमा में पहचान बनाने के बाद उन्होंने 2016 में इमरान हाशमी के साथ फिल्म राज रीबूट से बॉलीवुड में डेब्यू किया।

साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म शादी में जरूर आना से उन्हें हिंदी दर्शकों के बीच खास पहचान मिली। फिल्म में आरती शुक्ला के किरदार को खूब पसंद किया गया। इसके बाद वह हाउसफुल 4, पागलपंती, तैश और 14 फेरे जैसी फिल्मों में नजर आईं।



फिल्मी वर्ग पहेली-7231



बाएं से दाएं

१. अमोल पालेकर, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली अक्षयकुमार, मधु की फिल्म-३
६. सुनीलदत्त, नूतन की 'सावन का महीना' गीत वाली फिल्म-३
७. 'ये हवाएं सर्द हैं' गीत वाली राजेश, मिथुन, शबाना की फिल्म-४
१०. फिल्म 'नरसिम्हा' में नायक कौन था-२
११. 'तुम को कितना है प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'आवाज दे कहाँ है दुनिया मेरी जवां है' की गायिका कौन थी-४
१४. 'अनपढ़' में धर्मेन्द्र की नायिका-२
१५. फिल्म 'देवदास' में 'चंद्रमुखी' कौन बनी है?-३
१६. 'दिन प्यार के आये रे' गीत वाली शेखर, कामिनी कौशल की फिल्म-२
१७. अमिताभ, शशिकपूर, शत्रुध्न, राखी, परवीन, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
१८. शशिकपूर, जीनत की 'लैला ने भी प्यार किया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सुना था देखा न था' गीत वाली आफताब, उर्मीला की फिल्म-२
२१. आमिर, माधुरी की 'खभे जैसी खड़ी हैं' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'ब्लैकमेल' में नायिका कौन थी?-२
२३. अक्षय, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'ऊपरवाला दुखियों की' गीत वाली दिलीप, सायरा बानो की फिल्म-३
२८. प्रसिद्ध बालगीत 'आओ बच्चों तुम्हें दिखायें' किस फिल्म का हैं?-३
२९. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
३०. प्रदीपकुमार, वैजयंती की 'जादूगर सैंया' गीत वाली फिल्म-३

ऊपर से नीचे

१. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
२. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-३
३. अक्षय कुमार, करिश्मा की 'सच कहते हैं हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. राज कपूर, नर्गीस की 'ये शाम की तनहाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
८. 'बात बात में रूठो ना' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
९. 'शोला और शबनम' में नायिका कौन थी-३
१०. फिल्म 'सनम बेवफा' में चांदनी के साथ नायक कौन था?-४
१२. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम की फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'काले लिबास में बदन' गीत वाली इंद्रकुमार, आयशा की फिल्म-३
१७. जॉय मुखर्जी, सायरा की 'उड़ के पवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'ऐ दीवाने दिल' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३
२१. 'हाँ हाँ ये प्यार है' गीत वाली फिल्म-३
२४. फिल्म 'अंखियों से गोली मारे' की नायिका कौन है?-३
२५. 'काश तुम मुझ' गीत वाली संजय, रवीना, करिश्मा की फिल्म-३
२६. 'सपने में मिलती है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'भूत' में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका किसने की है?-२
२८. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

हल- वर्ग पहेली-7230

सं	गी	त	■	भा	भी	■	दी	दा	र
ग्रा	■	ह	स्ती	■	गी	ता	■	स्ता	■
म	ह	ल	■	ही	रा	■	जा	न	म
■	■	का	श्र	■	त	मि	ल	■	न
शो	ले	■	गु	ड्डू	■	थु	■	■	मी
र	■	श्ना	न	■	जा	न	की	बा	जी
■	डॉ	न	■	स	नी	■	■	द	■
क	■	दा	सी	■	दु	■	स	ल	मा
सौ	■	र	■	दु	श्म	न	■	■	चि
टी	ना	■	मौं	■	न	■	प्प	र	स

होंडा एक्टिवा की बादशाहत बरकरार, छह महीने में बिके 14.82 लाख से ज्यादा स्कूटर

एजेंसी

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय दोपहिया वाहन बाजार में स्कूटरों की मांग लगातार बढ़ रही है। वित्तीय वर्ष 2027 की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर 2026) के दौरान देश के टॉप-30 स्कूटरों की कुल बिक्री करीब 49 लाख यूनिट तक पहुंच गई। इस दौरान सबसे ज्यादा बिकने वाले टॉप-11 स्कूटर मॉडलों में चार इलेक्ट्रिक स्कूटरों ने भी अपनी जगह बनाई है। हालांकि, बाजार में अब भी पेट्रोल से चलने वाले स्कूटरों का दबदबा कायम है।

बिक्री के मामले में होंडा एक्टिवा ने एक बार फिर अपना पहला स्थान बरकरार रखा। अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच इसकी कुल 14,82,917 यूनिट बिकीं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 12,88,165 यूनिट की बिक्री हुई थी। इस तरह एक्टिवा की बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं, टीवीएस जुपिटर 8,29,725 यूनिट की बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा। सुजुकी एक्सेस ने 4,33,180 यूनिट बेचकर तीसरा स्थान हासिल किया। इन आंकड़ों से साफ है कि पेट्रोल स्कूटरों के प्रति ग्राहकों का भरोसा अब भी मजबूत बना हुआ है।

टीवीएस जुपिटर दूसरे और सुजुकी एक्सेस तीसरे स्थान पर, टॉप-11 में चार इलेक्ट्रिक स्कूटर शामिल



आईक्यूब-चेतक ने बनाई टॉप-5 में जगह

इलेक्ट्रिक स्कूटरों की श्रेणी में टीवीएस आईक्यूब ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। इसकी 2,74,304 यूनिट बिकीं और यह ओवरऑल बिक्री सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गया। बजाज चेतक ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2,54,882 यूनिट की बिक्री दर्ज की और पांचवां स्थान हासिल किया। इसके बाद टीवीएस एनटॉर्क 2,32,430 यूनिट के साथ छठे और होंडा डियो 1,65,089 यूनिट के साथ सातवें स्थान पर रहा। टॉप-11 में हीरो डेस्टिनी 125, सुजुकी बर्गमैन, हीरो विडा और एथर रिज्टा ने भी जगह बनाई। इन मॉडलों की बिक्री में भी अच्छी मांग देखने को मिली। खास बात यह है कि इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बढ़ती मौजूदगी से बाजार में विकल्पों का विस्तार हो रहा है। पेट्रोल स्कूटरों के साथ इलेक्ट्रिक मॉडल भी ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। इसके अलावा यामाहा रे-जेडआर, टीवीएस जेस्ट, यामाहा फैसिनो, हीरो जूम, एम्पीयर मैग्नस, हीरो प्लेजर, एथर 450 और सुजुकी एवेनिस जैसे स्कूटरों की भी बाजार में मांग बनी हुई है।

बायोडीजल खरीदने के लिए निविदा निकाली

नई दिल्ली। इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने नवंबर से शुरू होने वाले तीन महीने की अवधि के लिए 15 करोड़ लीटर बायोडीजल की खरीद हेतु बोलियां आमंत्रित की हैं। इसके लिए 88 रुपये प्रति लीटर का आधार मूल्य तय किया गया है। तीनों कंपनियों ने नवंबर 2026 से जनवरी 2027 तक 1.50 लाख किलोलीटर बायोडीजल की आपूर्ति के लिए निविदा जारी की।

इस माह फ्लेक्स-फ्यूल मॉडल पेश होगा: गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन इस महीने इनोवा का फ्लेक्स-फ्यूल मॉडल पेश करेगी। यह वाहन ई100 से चल सकेगा। गडकरी ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण जीवाश्म ईंधन की कीमतें काफी बढ़ गई हैं।

रीट, इनविट डिपॉजिटरी रसीद जारी कर सकेंगे

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) और इनविट की यूनिट के मुकाबले डिपॉजिटरी रसीदें जारी करने की अनुमति दे दी। डिपॉजिटरी रसीदें विदेशी मुद्रा में मूल्य वर्धित ऐसे माध्यम हैं, जिन्हें किसी विदेशी क्षेत्राधिकार में एक विदेशी डिपॉजिटरी द्वारा भारत में एक घरेलू कस्टोडियन के पास जमा प्रतिभूतियों के एवज में जारी किया जाता है।

एक योजना की रकम दूसरी में निवेश करने पर मिल सकता है फायदा

प्रस्ताव : म्यूचुअल फंड निवेशकों को टैक्स में मिल सकती है राहत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू म्यूचुअल फंड निवेशकों को जल्द ही कर से जुड़ी राहत मिल सकती है। सेबी ने सरकार से सिफारिश की है कि यदि कोई निवेशक एक साल से ज्यादा समय तक रखी गई म्यूचुअल फंड यूनिट को बेचकर किसी दूसरी म्यूचुअल फंड योजना में निवेश करता है, तो उसे लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ कर के दायरे से बाहर रखा जाए।

प्रस्ताव लागू होने पर निवेशक बिना तत्काल कर बोझ के अपनी निवेश योजना बदल सकेंगे। वर्तमान में, एक म्यूचुअल फंड योजना से दूसरी में पैसा स्थानांतरित करने पर इसे पुरानी योजना की यूनिट की बिक्री माना जाता है। म्यूचुअल फंड के अभी लागू नियमों के मुताबिक, एक साल से अधिक समय तक रखी गई यूनिट पर 12.5 फीसदी ङ्का लंबी अवधि वाला पूंजीगत लाभ कर चुकाना पड़ता है। दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ में 1.25 लाख रुपए तक की सालाना छूट भी मिलती है। वहीं, एक साल से कम अवधि पर 20 फीसदी का छोटी अवधि वाला पूंजीगत लाभ कर देय होता है।



बड़ी योजनाओं में रिटर्न घटा: भारतीय म्यूचुअल फंड कंपनियों के पास मासिक निवेश योजनाओं के जरिए हर महीने औसतन 3,000 करोड़ रुपये का निवेश आ रहा है। वहीं, पिछले कुछ महीनों में लार्ज कैप फंड का औसत रिटर्न दो फीसदी से भी नीचे आ गया है। ऐसे हालात में यदि कोई निवेशक अपनी यूनिट बेचकर दूसरे फंड में निवेश करने का फैसला लेता हैं तो उसे पहले टैक्स भरना होता है। यही वजह है कि सेबी ने ऐसे निवेशकों के लिए राहत देने की अनुशंसा की है।

निवेशकों की चिंताएं सुनेगी सरकार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सरकार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की कर संबंधी चिंताओं को सुनेगी और उसके बाद ही कोई फैसला लेगी। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने कर ढांचे में बदलाव को मांगों को तेज कर दिया है। उन्होंने संकेत दिया कि सरकार मौजूदा टैक्स व्यवस्था में कोई भी बदलाव करने से पहले कई पहलुओं पर विचार करेगी।

एफआईआई की बिकवाली ने बढ़ाई चिंता: सेबी की यह सिफारिश ऐसे समय आई है, जब भारतीय बाजार का प्रदर्शन उभरते बाजारों के मुकाबले कमजोर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल विदेशी निवेशक भारतीय शेयरों से रिकॉर्ड 31 अरब डॉलर की निकासी कर चुके हैं। पिछले दो वर्षों में निफ्टी में 4.8त्न की गिरावट आई है। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से रुपये पर भी दबाव पड़ा है। सेबी ने पिछले दो वर्षों में विदेशी निवेशकों के साथ कई दौर की बैठकें की हैं। इन में टैक्स व्यवस्था में बदलाव की मांग लगातार उठती रही है।

एफपीआई के लिए टैक्स खत्म करने की सिफारिश सेबी ने विदेशी निवेशकों पर लगने वाले लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ कर को भी खत्म करने की सिफारिश की है। फिलहाल विदेशी निवेशकों को शेयरों में एक साल से ज्यादा समय तक निवेश रखने पर होने वाले मुनाफे पर 12.5त्न टैक्स देना पड़ता है। सेबी का मानना है कि भारत में इक्विटी निवेश से जुड़ी लेनदेन लागत दुनिया के अन्य बाजारों की तुलना में सबसे ज्यादा है। ऐसे में एलटीसीजी हटने से विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय शेयर बाजार का आकर्षण बढ़ सकता है।

दूरसंचार कंपनियों के ग्राहक शिकायतों के लिए 24 घंटे खुलेंगे हेल्पलाइन सेंटर

नई दिल्ली। दूरसंचार सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के निपटारे की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नए नियम जारी किए हैं। अब दूरसंचार कंपनियों के शिकायत केंद्रों पर सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे सहायता उपलब्ध करानी होगी। इसके अलावा मानवीय सहायता कम से कम 16 घंटे रोजाना देना अनिवार्य किया गया है। बाकी समय स्वचालित प्रणाली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट और अन्य तकनीकी माध्यमों से सहायता देनी होगी।

ट्राई ने सोमवार को दूरसंचार उपभोक्ता शिकायत निवारण (चौथा संशोधन) नियम, 2026 जारी किया। नए नियमों का उद्देश्य ग्राहकों की शिकायतों का तेजी से निपटारा करना और कंपनियों की जवाबदेही बढ़ाना है। नए नियमों के तहत ग्राहक अब दूरसंचार कंपनियों के मोबाइल ऐप के जरिए भी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इसके अलावा सेवा से जुड़ी जानकारी मांगने और शिकायत के निपटारे के खिलाफ अपील करने की सुविधा भी ऐप पर मिलेगी। अभी ग्राहक शिकायत केंद्र, वेबसाइट और वेब पोर्टल जैसे माध्यमों का इस्तेमाल करते हैं।



शिकायत के निपटारे के बाद अपील करने की समय-सीमा 30 दिन से घटाकर 15 दिन कर दी है। ग्राहक मोबाइल ऐप, वेबसाइट, वेब पोर्टल, ईमेल, डाक या ग्राहक सेवा नंबर के जरिए अपील कर सकेंगे। साथ ही, व्यक्तिगत रूप से भी अपील करने का अधिकार होगा। अपीलीय प्राधिकरण को अपील मिलने के 15 दिन के भीतर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करनी होगी। इसके बाद अंतिम निर्णय की जानकारी ग्राहक को देनी होगी।

भारत-ईयू में एफटीए पर चर्चा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ ने मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की है। इस समझौते पर दिसंबर में हस्ताक्षर होने हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने पिछले सप्ताह ब्रसेल्स यात्रा के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा की।

अग्रवाल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा महानिदेशालय की डिट्टे जुल जॉर्गनस, अंतरराष्ट्रीय साझेदारी महानिदेशालय के कोएन डोएन्स और कराधान एवं सीमा शुल्क संघ महानिदेशालय के गेरासिमोस थॉमस से मुलाकात की। इन बैठकों में सीमा शुल्क सहयोग, व्यापार सुगमता और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्षों ने कारोबारियों को समर्थन देने, लेनदेन की लागत कम करने और वैध व्यापार की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करने में कुशल, पारदर्शी एवं डिजिटल रूप से सक्षम सीमा शुल्क प्रक्रियाओं के महत्व को स्वीकार किया।''

बैंक ऑफ इंडिया ने एफडी की दरें बढ़ाईं

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने चुनिंदा परिपक्वता अवधि वाली सावधि जमा (एफडी) पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही बैंक ने अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.5 प्रतिशत तक का प्रतिफल देने वाली 500 दिन की एक विशेष जमा योजना भी शुरू की है। बैंक आम ग्राहकों को 6.85 प्रतिशत, वरिष्ठ नागरिकों को 7.35 प्रतिशत और अति वरिष्ठ नागरिकों को 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर की पेशकश कर रहा है।

देश विदेश

अभिनेत्री दीया मिर्जा के बयान पर विवाद

मुंबई। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के प्रदूषण- मुक्त दीवाली अभियान में बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा के शामिल होने पर गुरुवार को विवाद खड़ा हो गया। बीएमसी द्वारा जारी इस वीडियो में दीया मिर्जा नागरिकों से पटाखे न जलाने और हरित दीवाली मनाने की अपील करती नजर आ रही थीं। हालांकि, इस वीडियो पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने सख्त आपत्ति जताई। विवाद बढ़ने पर दीया ने कहा कि यह वीडियो जनहित में बनाया गया था।



दिलजीत के कार्यक्रम से पूर्व धमाके की धमकी

इंदौर। गायक दिलजीत दोसांझ के इंदौर में 15 नवंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर शहर के तीन निजी विद्यालयों व महापौर कार्यालय को बम विस्फोट की धमकी भरे ई-मेल भेजे गए। शुरुआती जांच के बाद पुलिस को ये संदेश फर्जी प्रतीत हो रहे हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया, शहर के तीन निजी विद्यालयों को पंजाबी भाषा में भेजे ई-मेल में प्रबंधन को बम धमाके की धमकी देते हुए कहा गया इस कार्यक्रम में अपने विद्यार्थियों को न भेजें।

पिता को बचाने की जद्दोजहद में छूटी औपचारिकता, ईएसआई को 1.77 लाख रुपये छह फीसदी ब्याज दर के साथ पीड़ित पक्ष को देने का आदेश

मरीज की जिंदगी से बढ़कर नहीं रेफरल प्रक्रिया की शर्त : आयोग

एजेंसी

नई दिल्ली। पिता की जान बचाने के लिए एक बेटे ने उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया। एम्स में बेड नहीं मिला तो दूसरे अस्पतालों का रुख किया। कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) निगम के पैनल में शामिल निजी अस्पतालों में भी इलाज कराया, लेकिन पिता को बचाया नहीं जा सका।

इसके बाद जब बेटे ने इलाज पर खर्च हुए 1.81 लाख रुपए के बिल की प्रतिपूर्ति (रीइंबर्समेंट) मांगी तो ईएसआई ने रेफरल की प्रक्रिया का पालन नहीं करने का हवाला देकर भुगतान रोक दिया। दक्षिण-पश्चिम जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने इस मामले में ईएसआई की कार्रवाई को सेवा में कमी माना है। आयोग ने तिलक नगर स्थित ईएसआईसी निदेशालय (चिकित्सा) को 1.77 लाख रुपए 6% सालाना ब्याज के साथ लौटाने और उपभोक्ता को हुई मानसिक परेशानी व मुकदमे के खर्च के लिए 15 हजार रुपये अतिरिक्त देने का आदेश दिया है। आयोग अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता और सदस्य हर्षाली कौर की पीठ ने आदेश में कहा कि जब मरीज की जान बचाने के लिए तत्काल इलाज कराना जरूरी हो, तब रेफरल जैसी तकनीकी औपचारिकताओं के आधार पर चिकित्सा खर्च की प्रतिपूर्ति से इनकार करना उचित नहीं है। आयोग ने माना कि शिकायतकर्ता अपने पिता को बेहतर इलाज दिलाने की कोशिश कर रहा था और ऐसे हालात में रेफरल की तकनीकी प्रक्रिया को प्राथमिकता नहीं दी जानी चाहिए थी। आयोग ने कहा कि स्वास्थ्य और चिकित्सा देखभाल का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार से जुड़ा है। केवल कागजी व तकनीकी कमियों के आधार पर मेडिकल प्रतिपूर्ति से इनकार करना संविधान के अनुच्छेद 14 व 21 का उल्लंघन है।



इलाज के लिए अस्पतालों के चक्कर काटता रहा बेटा

सागरपुर निवासी शिकायतकर्ता संजीव कुमार पांडेय का परिवार ईएसआई योजना के तहत बीमित थे। उनके पिता कपिल देव पांडेय की तबीयत बिगड़ने पर पहले लुधियाना के अस्पतालों में इलाज कराया गया। फिर दिल्ली एम्स समेत बत्रा अस्पताल ले जाया गया।

बुजुर्ग पिता की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

बत्रा अस्पताल में राहत नहीं मिलने पर कपिल देव पांडेय को कालरा अस्पताल ले जाया गया। वहां से बसई दारापुर स्थित ईएसआई अस्पताल में भर्ती कराया, जहां 29 अक्तूबर 2016 को उनकी मृत्यु हो गई। इलाज खर्च 1.81 लाख खर्च हुए पर ईएसआई ने 4615 रुपये ही मिले।

प्रक्रिया का पालन नहीं करने का दिया हवाला

ईएसआई ने दलील दी गई कि शिकायतकर्ता ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और संबंधित अस्पताल या डिस्पेंसरी से रेफरल लिए बिना निजी अस्पताल में इलाज कराया। विभाग का कहना था कि नियमों का पालन न करने पर भुगतान नहीं हुआ।

जेएनयू प्रोफेसर को बर्खास्त किए जाने के आदेश पर रोक

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसके तहत प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम को यौन उत्पीड़न के आरोपों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति अनूप जे. भंभानी की पीठ ने बर्खास्तगी के आदेश को चुनौती देने वाली अकोइजम की याचिका पर विश्वविद्यालय को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए जनवरी की तारीख तय की गई है। अकोइजम (जो इनर मणिपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद हैं) जेएनयू के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज में प्रोफेसर हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार मई में विश्वविद्यालय की तकरीबन 11 छात्राओं ने प्रोफेसर के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज कराई थीं।

बीएसएफ जवानों पर तस्करों का हमला

3 घायल; मामले में 8 गिरफ्तार, सीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश, ढाई साल में 3 घटनाए

अगरतला। त्रिपुरा के आशाबाड़ी बॉर्डर आउटपोस्ट के पास सोमवार को कुछ तस्कर अवैध सामान ले जाने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान BSF की 49वीं बटालियन के जवानों ने उनका पीछा किया और एक संदिग्ध को पकड़ लिया। उसकी पहचान हिफजुर रहमान के रूप में हुई है।

इसी दौरान रहीमपुर कांतामुरा बॉर्डर आउटपोस्ट से BSF के 3 जवान गाड़ी से बॉक्सानगर जा रहे थे। रास्ते में तस्करों के एक समूह ने उन्हें घेरकर हमला कर दिया।



हमलावरों ने जवानों के हथियार छीनने की कोशिश की और उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की। पुलिस ने मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया है।

सीएम माणिक साहा ने घटना की निंदा की है और आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। त्रिपुरा में इस घटना के साथ BSF जवानों पर हमले की 3 घटनाएं हो चुकी हैं। अप्रैल 2024 में दुर्गापुर गांव में तस्करी रोकने पर भीड़ ने जवानों पर हमला किया था, जिसमें 3 जवान घायल हुए थे। वहीं, नवंबर 2025 में बिशालगढ़ में संदिग्ध पशु तस्करों को रोकने पर भीड़ ने BSF की गाड़ी में तोड़फोड़ की थी। इसमें 5 जवान घायल हुए थे।

आजम खां गिरफ्तारी के खिलाफ शीर्ष कोर्ट पहुंचे

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान ने जेल से रिहाई के तुरंत बाद धन शोधन के आरोपों में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। शीर्ष अदालत में दाखिल याचिका में उन्होंने ईडी द्वारा गिरफ्तारी को अवैध और मनमाना बताया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने गिरफ्तारी के खिलाफ सपा नेता की याचिका पर जल्द सुनवाई का भरोसा दिया है। इससे पहले, सपा नेता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता निजाम पाशा ने पीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख करते हुए, जल्द सुनवाई का आग्रह किया है। पीठ ने कहा, इसी सप्ताह मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 29 अक्तूबर को दो पैन कार्ड रखने से जुड़े मामले में आजम व उनके बेटे को निचली कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को निलंबित करते हुए जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था।

नए राजमार्गों पर बिना टोल प्लाजा कटेगा टैक्स

नई दिल्ली। देश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल प्लाजा बनाने की पारंपरिक प्रथा अब खत्म होने जा रही। भविष्य में बनने वाले व वर्तमान में निर्माणाधीन 55,000 किमी से अधिक लंबे राजमार्गों पर टोल प्लाजा के स्थान पर अब आधुनिक गेंट्री पोल्स और ओवरहेड सेंसर्स लगाए जाएंगे।

नई व्यवस्था से वाहन चालक बिना रफ्तार धीमी किए सामान्य गति से टोल पार कर सकेंगे, जिससे राजमार्गों पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 30 अक्तूबर को इस संबंध में परिपत्र जारी किया है।



इसके दायरे में देश भर के 35 हजार किलोमीटर निर्माणधीन व प्रस्तावित 20,000 किलोमीटर से अधिक लंबे राजमार्ग शामिल किए गए हैं। इस तकनीक में ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरों व फास्टैग स्कैनर्स के जरिए टोल की राशि सीधे खाते से कट जाएगी।

यहां होंगे बदलाव

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे: दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को आपस में जोड़ने वाले इस पूरे निर्माणाधीन 4/6-लेन एक्सप्रेसवे पर गेंट्री विन्यास तैयार हो रहा।

यूपी के चार नए लिंक एक्सप्रेसवे: आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल लिंक से जोड़ने वाले नेटवर्क, जेवर एयरपोर्ट लिंक, झांसी लिंक, फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा मुक्त होंगे।

जितना सफर, उतना भुगतान का सिद्धांत

इस प्रणाली के तहत जितना सफर, उतना भुगतान का सिद्धांत लागू होगा। चालकों को पूरे प्लाजा का एकमुश्त शुल्क देने के बजाय सैटेलाइट ट्रैकिंग के जरिए उतनी ही दूरी का टोल देना होगा, जितनी दूरी हाईवे पर तय हुई है। बता दें, केंद्र ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम यानी सैटेलाइट आधारित टोलिंग व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का लक्ष्य वर्ष 2028-2029 तक तय किया है।

जमीन पर कब्जा होने भर से मालिकाना हक नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि लंबे समय तक किसी जमीन पर कब्जा होने मात्र से मालिकाना हक नहीं मिल जाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसके लिए यह साबित करना भी जरूरी है कि कब्जा किस मुद्दे पर मूल मालिक के खिलाफ हो गया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एस. चंद्रशेखर की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि किसी संपत्ति पर सिर्फ लंबे समय तक कब्जा होने भर से 'प्रतिकूल कब्जा' यानी 'एडवर्स पोजेशन' का दावा साबित नहीं होता। पीठ ने हाल ही में पारित फैसले में स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति जमीन पर प्रतिकूल कब्जे का दावा करता है, उसके लिए यह साबित करना होगा अनिवार्य है कि उसका कब्जा मूल मालिक के अधिकार के खिलाफ था और वह कब्जा कानून की अनिवार्य शर्तों को पूरा करता था। सुप्रीम कोर्ट ने 1981 में शुरू हुए भूमि विवाद से जुड़े मामले का निपटारा करते यह फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने भाग सिंह (मृतक) बनाम बसंत कौर (मृतक) के मामले में यह फैसला दिया है। अपीलकर्ता की ओर से इस मामले में महंत कश्मीर सिंह और बसंत कौर की ओर से उनके वारिसों ने पैरवी की।



शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकार रखते हुए भाग सिंह की ओर से दाखिल अपील खारिज कर दी। पीठ ने 21 पन्नों के अपने फैसले में कहा कि सिर्फ लंबे समय तक कब्जा होना ही प्रतिकूल कब्जा साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

मुखबिर की सूचना पर बड़ौद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, शाहिद और शाकिर के मंसूबे धरे रह गए

71.36 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ भोपाल के दो तस्कर गिरफ्तार, 13.78 लाख की संपत्ति जब्त

आलोट बायपास पर घेराबंदी कर पकड़ी हुंडई औरा कार, ड्रग्स के साथ दो मोबाइल और नकदी बरामद

अक्षरविश्व न्यूज



बड़ौद। आगर-मालवा जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ौद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जहांगीरपुरा रोड, आलोट बायपास पर घेराबंदी कर हुंडई औरा कार से 71.36 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है। मामले में भोपाल निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने ड्रग्स, कार, दो मोबाइल फोन और नकदी सहित 13 लाख 78 हजार 600 रुपए की संपत्ति जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी रूप सिंह बेस के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार, 2 नवंबर 2026 को सहायक उपनिरीक्षक दरबार सिंह पंवार को सूचना मिली थी कि भोपाल निवासी दो व्यक्ति सफेद रंग की हुंडई औरा कार (एमपी 04 झेडएल 2279) में एमडी ड्रग्स लेकर बड़ोद से जहांगीरपुरा रोड, आलोट बायपास की ओर जाने वाले हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने दो स्वतंत्र पंचों की मौजूदगी में बताए गए रास्ते पर घेराबंदी की। कुछ देर बाद संदिग्ध कार आती दिखाई दी, जिसे रोककर तलाशी ली गई।

कार में छिपाकर रखी थी एमडी ड्रग्स

कार में सवार आरोपियों की पहचान शाकिर अंसारी (28), निवासी ऐशबाग, भोपाल और शाहिद खान (19), निवासी जहांगीराबाद, भोपाल के रूप में हुई। तलाशी के दौरान कार में दोनों सीटों के बीच गियर के पास बने बॉक्स में रखी पारदर्शी प्लास्टिक की थैली से सफेद दानेदार पदार्थ बरामद हुआ। जांच और तौल करने पर इसका वजन 71.36 ग्राम पाया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 71.36 ग्राम एमडी ड्रग्स कीमत 7,13,600 रुपए, हुंडई औरा कार कीमत 6 लाख, वीवो मोबाइल 10 हजार, एप्पल मोबाइल 55 हजार रुपए और नकद 3,500 रुपए जब्त किए हैं। इस तरह कुल 13,78,600 रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना बड़ोद में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस अब एमडी ड्रग्स के स्रोत, उसकी उपलब्धता और इस तस्करी में अन्य लोगों की संभावित संलिप्तता के संबंध में जांच कर रही है।

पुलिस टीम की रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रूप सिंह बैस, सहायक उपनिरीक्षक दरबार सिंह पंवार, प्रधान आरक्षक अर्जुन बागड़ी, सतीश मोदी, राकेश शर्मा, आरक्षक शुभम जोशी, श्रीपाल सिंह देवड़ा, सुग्रीव जाटव, भीम सिंह मालवीय, आकाश टेकाम, अर्जुन आंजना और महिला आरक्षक रानू राठौर की सराहनीय भूमिका रही।



राष्ट्रीय एकता दिवस पर विद्यार्थियों ने ली एकता और अखंडता की शपथ

भाषण प्रतियोगिता के साथ एकता दौड़ हुई

अक्षरविश्व न्यूज

कालापीपल। राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीसी. राठी ने की।

इस अवसर पर विद्यार्थियों में देश की एकता और अखंडता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सरदार पटेल के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. हितेश कलेशरिया ने उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। इसके बाद राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश देने के लिए महाविद्यालय परिसर में प्रतीकात्मक एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

भोजन और नाश्ता कराया

सारंगपुर। मप्र स्थापना दिवस के अवसर पर बालक उत्कृष्ट छात्रावास सारंगपुर में विशेष आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रावास में निवासरत विद्यार्थियों के लिए विशेष भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था की गई। आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

पेट्रोल पंप पर हमले के 24 घंटे बाद भी आरोपी फरार, सोंधिया राजपूत समाज ने सौंपा ज्ञापन

थाना प्रभारी ने जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया

अक्षरविश्व न्यूज



सुसनेर। सुसनेर में पेट्रोल पंप पर हुए हमले के मामले में 24 घंटे बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से सोंधिया राजपूत समाज में आक्रोश है। मंगलवार को अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत महासभा ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही गिरफ्तारी नहीं होने पर आगामी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

मामला सोयत रोड स्थित श्री कुलदेवी एचपी पेट्रोल पंप का है। सोमवार, 2 नवंबर को कुछ बदमाशों ने पेट्रोल पंप पर हमला कर दिया था। इस घटना में ग्राम बोरखेड़ी कावल निवासी कमल सिंह पिता चंद्रसिंह सोंधिया घायल हो गए थे।

घटना के 24 घंटे बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर मंगलवार को समाज के प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी अनिल मालवीय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि घटना के बावजूद हमलावर खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस अब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इससे समाज के लोगों में भारी नाराजगी है। इस पर थाना प्रभारी अनिल मालवीय ने समाज के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी 28 नवंबर को होगी परीक्षा

सुसनेर। जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली चयन परीक्षा 2027 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। जिले में यह परीक्षा 28 नवंबर को पांच परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों में सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आगर, सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नलखेड़ा, सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुसनेर, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ौद एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ौद शामिल हैं। परीक्षा के लिए जिले के 2080 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। इनमें आगर विकासखंड से 541, बड़ौद से 448, नलखेड़ा से 452 और सुसनेर से 643 विद्यार्थी शामिल हैं। पंजीकृत विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

जैन भवन का विधि-विधान से भूमिपूजन हुआ, सामाजिक एकता का केंद्र बनेगा

अक्षरविश्व न्यूज



बड़ौद। नगर में जैन समाज के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में श्री विमलनाथ जिनालय प्रांगण में प्रस्तावित जैन भवन का भूमिपूजन समारोह मंगलवार को धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर समस्त महाजन के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं भारतीय जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य गिरीशभाई शाह (मुंबई) ने विधि-विधान और मंगल मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन किया।

इस दौरान शाह ने कहा कि जैन भवन सामाजिक एकता, धार्मिक संस्कारों और सामूहिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। भवन का उपयोग समाज के परिवारों के मांगलिक कार्यों, पारिवारिक आयोजनों और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के लिए किया जाएगा। इससे समाजजनों को सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त स्थान उपलब्ध होगा और आपसी सहयोग, सद्भाव एवं सामाजिक एकता को मजबूती मिलेगी।

समारोह में जैन समाज के गणमान्य नागरिकों, समाजजनों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भूमिपूजन के दौरान समाजजनों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल रहा।

मध्यान्ह भोजन का भुगतान अटका

पड़ाना (सारंगपुर)। सरकारी स्कूलों में बच्चों का पेट भरने की जिम्मेदारी निभाने वाले स्व सहायता समूह अब खुद आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। बच्चों को रोजाना मध्यान्ह भोजन तो परोसना है, लेकिन इसके बदले मिलने वाला भुगतान पांच महीने से अटका हुआ है। ऐसे में समूह संचालक दुकानदारों से उधार लेकर खाद्य सामग्री खरीद रहे हैं। पुराना कर्ज चुकाना मुश्किल हो रहा है, वहीं आगे भोजन की व्यवस्था कैसे होगी, इसकी चिंता भी सताने लगी है। पड़ाना सहित आसपास के गांवों में मध्यान्ह भोजन संचालित करने वाले समूह संचालक प्रद्युम्न परमार का कहना है कि पांच महीने से भुगतान नहीं मिला है। इसके बावजूद बच्चों को नियमित भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निभाई जा रही है।

विद्यार्थी स्वशासन दिवस पर बच्चों ने संभाली विद्यालय की कमान

जिम्मेदारियों को समझने का अनुभव प्राप्त किया

अक्षरविश्व न्यूज



सुसनेर। शासकीय सांदीपनि विद्यालय के माध्यमिक विंग में विद्यार्थी स्वशासन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक दिन के लिए विद्यालय की पूरी व्यवस्था अपने हाथों में संभाली। विद्यार्थियों ने प्रधानाध्यापक, विषय शिक्षक, कार्यालय सहायक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, सफाईकर्मी और सुरक्षा गार्ड सहित विभिन्न भूमिकाओं का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन किया।

कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुसार अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। विद्यार्थी प्रधानाध्यापक सोनाक्षी ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का संचालन किया। वहीं, विद्यार्थी शिक्षकों ने कक्षाओं में विषयों का अध्यापन कराया। इसके अलावा कार्यालयीन कार्य, अनुशासन व्यवस्था, पुस्तकालय संचालन, स्वच्छता एवं अन्य विद्यालयीन गतिविधियों की जिम्मेदारी भी विद्यार्थियों ने संभाली।

इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता, आत्मविश्वास, समय प्रबंधन, सहयोग की भावना और श्रम की गरिमा के प्रति सम्मान विकसित करना था। विद्यार्थियों ने अपनी जिम्मेदारियों को समझने के साथ ही विद्यालय संचालन की व्यावहारिक चुनौतियों का अनुभव भी प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पुनीत शुक्ला ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक परिस्थितियों के लिए तैयार करना भी है।

माध्यमिक विभाग के प्रधानाध्यापक संतोष जादमें ने कहा कि जब विद्यार्थी स्वयं शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं कर्मचारी की भूमिका निभाते हैं, तो उन्हें प्रत्येक पद की जिम्मेदारी, परिश्रम और चुनौतियों का वास्तविक अनुभव होता है।

गौशाला के कमरे की छत टूटकर गिरी

राजगढ़। जिले के खिलचीपुर में कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में मंगलवार सुबह चौकीदार के कमरे की छत का बीच वाला हिस्सा टूटकर गिर गया। घटना के समय कमरे में चौकीदार रतनलाल और उनकी पत्नी मौजूद थे। छत से कंकड़ गिरते देखकर दोनों समय रहते उस जगह से हट गए। इसके कुछ देर बाद छत का बीच वाला हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। हादसे में रतनलाल के कंधे में चोट आई है। रतनलाल दिव्यांग हैं और करीब 40 साल से श्रीकृष्ण गौशाला में चौकीदार के रूप में काम कर रहे हैं। उनकी पत्नी और पूरा परिवार गौशाला परिसर में बने इसी कमरे में रहता है। बताया गया कि कमरे की छत लंबे समय से जर्जर थी।

चार दिन पहले गुम हुआ पर्स ईमानदार युवक ने लौटा दिया, पेश की इंसानियत की मिसाल

अक्षरविश्व न्यूज



सारंगपुर। नगर के बदलीपुरा हनुमान मंदिर निवासी गोपाल राठौर का पर्स चार दिन पहले एक चल समारोह के दौरान गुम हो गया था। पर्स में बैंक ऑफ इंडिया और एसबीआई के एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज और नकदी रखी थी।

यह पर्स ग्राम तलेनी निवासी अनिल मालवीय को पोस्ट ऑफिस के सामने कचरे के ढेर में मिला। उन्होंने इसकी जानकारी अपने सेठ गिरिराज गुप्ता को दी। गिरिराज गुप्ता ने पर्स में मिले दस्तावेज पर दर्ज मोबाइल नंबर के माध्यम से गोपाल राठौर से संपर्क किया और सभी दस्तावेज व पर्स उन्हें सुरक्षित लौटा दिया।

अनिल मालवीय की ईमानदारी और नेकदिली की सभी ने सराहना की। वहीं, उनकी ईमानदारी से प्रभावित होकर दुकान संचालक गिरिराज गुप्ता ने भी उनका स्वागत कर सम्मान किया। अनिल ने पर्स लौटाकर समाज के सामने ईमानदारी और मानवता की मिसाल पेश की।

कार्तिक मास में स्नान दीपदान का महत्व

अक्षरविश्व न्यूज

भगवान विष्णु की आराधना से पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं : पं. व्यास



पोलायकलां। सनातन धर्म में कार्तिक मास को अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस माह में स्नान, पूजा-पाठ, सत्संग और दीपदान करने से जीवन में सुख-शांति और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

भागवताचार्य पंडित विनोद व्यास ने बताया कि कार्तिक मास में ब्रह्म मुहूर्त में उठकर नदी, तीर्थ या सरोवर में स्नान करने का विशेष महत्व है। यदि तीर्थ स्थान पर जाना संभव न हो तो स्नान के जल में गंगा, यमुना और नर्मदा जैसी पवित्र नदियों का स्मरण कर स्नान किया जा सकता है। इस माह में भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की श्रद्धापूर्वक आराधना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। स्नान के बाद दीपदान करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। दीपक जिस प्रकार अंधकार दूर करता है, उसी प्रकार ईश्वर की भक्ति जीवन में सकारात्मकता और सद्विचारों का प्रकाश लाती है।

उन्होंने बताया कि कार्तिक मास में सुबह-शाम दीपक जलाने, भजन-कीर्तन, विष्णु सहस्रनाम का पाठ, सत्संग और दान-पुण्य करना चाहिए। साथ ही झूठ, कपट, लालच और हिंसा जैसी बुराइयों का त्याग कर सेवा, दया और सदाचार का मार्ग अपनाना चाहिए। परिवार के साथ शुभ कर्म करते हुए मानव जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

जैन समाज की वरिष्ठ धर्मनिष्ठ शारदा देवी ठाकुरिया का निधन



नलखेड़ा। जैन समाज की वरिष्ठ धर्मनिष्ठ शारदा देवी ठाकुरिया (92) का निधन हो गया। वे स्व. मानकचंद ठाकुरिया की धर्मपत्नी तथा महेश कुमार एवं दिलीप कुमार की माताजी थीं। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह 11 बजे निज निवास चौक बाजार से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों, नागरिकों एवं रिश्तेदारों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ठाकुरिया जीवनभर धर्म आराधना में लीन रहीं और अंतिम समय तक नवकार महामंत्र का स्मरण करती रहीं। मुक्तिधाम पर परिजनों ने मुखाग्नि दी। इस दौरान भाजपा नेता दिलीप सकलेचा, अशोक लोढ़ा, कुशल मुणोत, जयंत धूपिया, मनोज बडेरा एवं रवि सकलेचा आदि नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनके निधन से जैन समाज में शोक की लहर है।

आईफोन नहीं दिलाने पर नाराज होकर घर से लापता हुआ 16 साल का बालक कोटा में मिला, चौबीस घंटे में खोजा

अक्षरविश्व न्यूज



सारंगपुर। आईफोन नहीं दिलाने से नाराज होकर एक 16 वर्षीय बालक बिना बताए घर से चला गया। परिजनों ने उसकी दोस्तों, रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने सोमवार को सारंगपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

फरियादी अनिल पुष्पद पिता प्रेमनारायण पुष्पद निवासी खारिया मोहल्ला, सारंगपुर ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा निकुंज पुष्पद आईफोन दिलाने की जिद कर रहा था। परिजनों द्वारा आईफोन दिलाने से मना करने पर वह नाराज हो गया और स्कूल बैग में कपड़े रखकर घर से चला गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सारंगपुर पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर बालक की तलाश शुरू की। पुलिस ने तकनीकी सहायता से उसके मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की, जो राजस्थान के कोटा में मिली। इसके आधार पर पुलिस टीम ने सोमवार रात को ही कोटा के स्टेशन रोड स्थित राघव होटल से निकुंज को सुरक्षित ढूंढ निकाला। आवश्यक कार्रवाई के बाद बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बेटे के सकुशल मिलने पर माता-पिता और परिजनों ने राहत की सांस ली तथा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, रामगोपाल यादव, आरक्षक राहुल राजपूत सहित पुलिस टीम का आभार जताया।

साप्ताहिक बाजार में खूब बिके शगुन के दीये और कलश

अक्षरविश्व न्यूज

हाथ से बने स्वदेशी सामान को मिला महत्व





अकोदिया। दीपावली पर्व नजदीक आते ही नगर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। मंगलवार को लगे साप्ताहिक हाट में पूजन सामग्री, दीये, कलश, कैलेंडर और सजावट के सामान की जमकर खरीदारी हुई। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खरीदार और व्यापारी पहुंचे। त्योहारी हाट के चलते किराना और इलेक्ट्रिक दुकानों पर भी भीड़भाड़ रही।

इस बार हाट में हाथ से बने स्वदेशी सामान के प्रति लोगों का खास रुझान देखने को मिला। वहीं, पशुओं के शृंगार की सामग्री बेचने वाले दुकानदारों की संख्या अधिक रही, लेकिन खरीददार अपेक्षाकृत कम नजर आए। इस संबंध में पड़ोसी गांव के एक व्यापारी ने बताया कि इसके पीछे दो प्रमुख कारण हैं। पहला, महंगाई के चलते लोग खर्च में कटौती कर रहे हैं और दूसरा, ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन का चलन कम हुआ है। आधुनिक मशीनों से खेती होने के कारण बैल और अन्य मवेशियों की उपयोगिता पहले जैसी नहीं रही। अब कुछ बड़े किसान ही घरों में गाय-बैल पालते हैं, जबकि पहले दीपावली पर पशुओं का सामूहिक पूजन और उनका शृंगार करने की परंपरा व्यापक रूप से प्रचलित थी।

बड़ौद में पटाखा व्यापारियों की बैठक, थाना प्रभारी ने सुरक्षा नियमों के पालन के दिए निर्देश

अक्षरविश्व न्यूज



बड़ौद। दीपावली पर्व को देखते हुए थाना प्रभारी रूपसिंह बैस ने थाना परिसर में पटाखा व्यापारियों की बैठक ली। इसमें दुकानों पर सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और निर्धारित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए।

थाना प्रभारी ने व्यापारियों को पटाखों का विक्रय केवल वैध लाइसेंस और निर्धारित स्थानों पर करने की हिदायत दी। साथ ही दुकानों में अग्निशमन यंत्र, पानी और रेत की व्यवस्था रखने, सुरक्षित तरीके से पटाखों का भंडारण करने तथा दुकानों के आसपास ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानों में धूम्रपान और आग जलाना प्रतिबंधित रहेगा। खुली वायरिंग का उपयोग नहीं करें और दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी बनाए रखें। आपात स्थिति में तत्काल पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दें।

थाना प्रभारी ने व्यापारियों से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की, ताकि दीपावली का पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाया जा सके।

स्वत्वाधिकारी अक्षर कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक श्रेय जैन द्वारा अक्षर कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड 96/1/4 उदयन मार्ग, उज्जैन-456010 से मुद्रित, 2/8 रणथम्बोर काम्प्लेक्स, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित, समूह संपादक : सुनील जैन, संपादक : श्रेय जैन। फोन नं : 7722896111, RNI No. MPHIN/2015/65850, Email : aksharvishwa@yahoo.com